वर्ष- 13 अंक - 94
लखनऊ, गुरुवार 04 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया, डीएपी और एनपीके : शाही 03

बीडीओ ने साप्ताहिक बैठक कर सचिवों के कसे पेंच 10


# दिव्यांग पेंशन 300 से बढ़कर हुई 1000

## मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 30 व्यक्तियों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 30 व्यक्तियों, संस्थाओं, नियोक्ताओं एवं सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कार्मिकों को राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने 500 दिव्यांगजन कोट्राईसाइकिल एवं विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए, दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ग के कक्षा-9 से 12 तक के 5,33,285 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एवं विवाह अनुदान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के समग्र कल्याण, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।



- 500 दिव्यांगों को मिले ट्राईसाइकिल व सहायक उपकरण
- 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने का निर्णय

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग और थेरेपी की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग पेंशन को 300 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए किए जाने, सहायक उपकरणों की वित्तीय सहायता को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए तक करने तथा विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत दिव्यांग दंपतियों को 35,000 रुपए की सहायता प्रदान किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों से आए 500 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए और विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि 3 से 5 दिसम्बर तक दिव्य कला प्रदर्शनी दिव्यांगजन की कलात्मक, तकनीकी, व्यावसायिक एवं उद्यमशील क्षमताओं का अनूठा प्रदर्शन करेगी, जिसमें दिव्यांग कलाकारों और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव में दिव्यांगजन कल्याण को बढ़ावा देने हेतु 28 बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, कॉर्पोरेट सोशलरिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत पुनर्वास, प्रशिक्षण, रोजगार एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष चर्चा की जाएगी।छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना पर बोलते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण अब सितंबर माह से ही शुरू कर दिया गया है, जबकि पूर्व में यह मार्च में होता था। इस वर्ष 5,33,285 छात्र-छात्राओं को 134 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। अब तक 12,76,000 से अधिक छात्रों को 323 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति दी जा चुकी है।

## मानव जीवन के कल्याण का धर्म है सनातन : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोला तहसील क्षेत्र के मदरिया सिद्धपीठ में दिवंगत महंत रामदास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महंत रामदास को नमन करते हुए कहा कि सनातन धर्म मानव जीवन के कल्याण और उद्धार का धर्म है। महंत रामदास आजीवन सनातन और वैदिक परंपरा के लिए समर्पित रहे। मदरिया सिद्धपीठ के महंत रहे रामदास का विगत दिनों निधन हो गया था। बुधवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धपीठ पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत रामदास ने अपना पूरा जीवन सनातन परंपरा की सेवा को समर्पित कर दिया।



उनका गोरक्षपीठ से पांच दशकों से गहरा जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व मदरिया सिद्धपीठ आगमन पर उन्हें महंत रामदास का भौतिक सानिध्य प्राप्त हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिक परंपरा को आगे बढ़ाने में महंत जी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने सदैव लोगों को सनातन मूल्यों और भारत के प्रति आस्थावान बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद व्यक्त की कि मदरिया सिद्धपीठ के वर्तमान महंत श्रीशदास अपने पूज्य गुरुदेव के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके मूल्यों व आदर्शों के अनुरूप सनातन की सेवा करते रहेंगे। महंत रामदास को श्रद्धांजलि देने से पहले मुख्यमंत्री योगी ने मदरिया सिद्धपीठ में विधि विधान से पूजा-अर्चना की।

## बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों पर उत्तर प्रदेश में कार्रवाई शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू करते हुए राज्य के हर मंडल में निरुद्ध केंद्र बनाने के आदेश जारी कर दिये हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 शहरी शासी निकायों को अपने अधिकार क्षेत्र में रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की विस्तृत सूची बनाने के निर्देश दिये हैं। यह सूची आगे की जांच के लिए संबंधित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस आयुक्त को सौंपी जाएगी।

उन्होंने बताया कि कार्ययोजना के तहत पहले चरण में पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस आयुक्त को सत्यापन प्रक्रिया के दौरान चिह्नित किये गये लोगों को रखने के लिए खास निरुद्ध केंद्र बनाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य के हर मंडल में निरुद्ध केंद्र बनाने के निर्देश दिये। इसके बाद प्रशासनिक तंत्र ने त्वरित कार्रवाई शुरू की है। कई जिलों में सत्यापन, दस्तावेजीकरण और क्षेत्रीय आकलन के कार्य शुरू किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने 22 नवंबर को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को घुसपैठियों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई करने

- सीएम योगी ने डिटेंशन सेंटर बनाने का दिया आदेश

के निर्देश दिये थे और कहा था कि घुसपैठियों को रखने के लिए हर जिले में अस्थायी हिरासत केंद्र बनाए जाएं। उन्होंने कहा था कि कानून एवं व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द उनकी शीर्ष प्राथमिकताएं हैं और किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक, राज्य में अवैध रूप से रह रहे लोगों को इन निरुद्ध केंद्रों में रखा जाएगा और जरूरी सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें वहीं रखा जाएगा। आदित्यनाथ ने कहा कि निरुद्ध केंद्रों में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के मुताबिक उनके देशों में वापस भेजा जाएगा। सीएम योगी के आदेश के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है। अधिकारी पुलिस टीम के साथ झुग्गियों में पहुंचकर जांच कर रहे है, वहां के निवासियों के आधार कार्ड, वोटर कार्ड समेत अन्य कागजात देखे जा रहे हैं। संदिग्ध लोगों की नागरिकता की जांच भी की जा रही है। ऐसे में जो व्यक्ति घुसपैठिया मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी निश्चित हो गई है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,30,580/ |
| 22 कैरेट | = 1,19,700/ |
| 18 कैरेट | = 97,940/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,91,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### आरोपी जासिर बिलाल वानी की हिरासत सात दिन बढ़ी

**नयी दिल्ली।** यहां लाल किले के निकट हुए विस्फोट के मामले में आरोपी जासिर बिलाल वानी की एनआईए हिरासत बुधवार को दिल्ली की एक अदालत ने सात दिन के लिये बढ़ा दी। प्रधान सत्र एवं जिला न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने 27 नवंबर को जासिर को सात दिन के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में काजीगुंड का निवासी वानी आत्मघाती बम हमलावर उमर का कथित तौर पर करीबी सहयोगी है। उसे दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए घातक कार विस्फोट से पहले ड्रोन में छेड़छाड़ करके रॉकेट बनाने की कोशिश के लिए तकनीकी मदद मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान आज से शुरु

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय गुरुवार से 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत के लिए गहन जागरूकता अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। गुरुवार को विज्ञान भवन में इसका शुभारंभ किया जाएगा। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसका आयोजन किया जा रहा है।मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में बाल विवाह उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय संकल्प लिया जाएगा।

### सीईसी ने आईआईडीईए अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को वर्ष 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनावी सहायता संस्थान (आईआईडीईए) के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। संस्थान की परिषद् में 35 देश हैं। आज स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित सदस्य देशों की परिषद् की बैठक में उन्होंने आईआईडीईए के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में स्वीडन में भारत के राजदूत अनुराग भूषण भी उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय आईडीईए, 1995 में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है।

## यूपी में अब 10 दिसंबर तक किसान खरीद सकेंगे अनुदानित बीज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को रबी सीजन 2025-26 के लिए अनुदान पर दिए जा रहे बीज खरीदने की तिथि को अब 30 नवंबर से बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया गया है। पिछले दिनों मौसमी बदलाव के कारण खरीफ फसलों की कटाई में हुई देरी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है, ताकि सभी किसान बिना किसी परेशानी के बुवाई के लिए बीज खरीद सकें। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में बुन्देलखण्ड क्षेत्र में संचालित प्राकृतिक एवं जैविक खेती की योजनाओं की भी समीक्षा बैठक की। प्रदेश के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता और जैविक उत्पादों के विपणन तथा प्रमाणीकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

## संचार साथी ऐप मोबाइल में प्री-इंस्टॉल अनिवार्य नहीं, सरकार ने बदला नियम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संचार साथी ऐप को मोबाइल फोन पर अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद सरकार ने इस नियम को हटा दिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय संचार मंत्रालय ने दी।

मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों को साइबर सिक्योरिटी देने के इरादे से सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना जरूरी कर दिया था। यह ऐप सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया में गलत लोगों से बचाना है। यह सभी नागरिकों को ऐसे गलत लोगों और कामों की रिपोर्ट करने में जन भागीदारी में मदद करता है, साथ ही यूज़र्स को भी बचाता है। ऐप में यूज़र्स को बचाने के अलावा कोई और काम नहीं है और वे अपने फोन से इसे हटा सकते हैं। इससे पहले संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद भवन में एक सवाल के जवाब में कहा कि संचार साथी ऐप का उद्देश्य सकारात्मक और लोक हितैषी है ना कि इसका मकसद स्नूपिंग करना है। उपभोक्ता चाहे तो संचार साथी ऐप को अपने फोन से डिलीट भी कर सकते हैं। अब तक 1.4 करोड़ से अधिक लोग इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं और हर दिन लगभग 2 हजार धोखाधड़ी की घटनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं। पिछले 24 घंटे में छह लाख लोगों ने ऐप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण किया।

## तीन भारतीय यात्रियों से 13 करोड़ का गांजा पकड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर थाईलैंड से आए तीन भारतीय यात्रियों से 2.7 किलो गांजा पकड़ा। उच्च गुणवत्ता वाले गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 13 करोड़ रुपए है। राजस्व आसूचना निदेशालय को सूचना मिली थी कि बैंकाक से रात 10. 35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर एशिया की फ्लाइट एफडी-146 के जरिए कुछ यात्री ड्रग्स ला रहे हैं। सूचना के आधार पर एयरपोर्ट पर तैनात टीम ने एक पुरुष और दो महिला यात्रियों को संदिग्ध मानकर हिरासत में लिया। उनके चेक-इन बैग की तलाशी लेने पर कई वैक्यूम सील पैकेट मिले, जिनमें भरा हरा पदार्थ फील्ड टेस्ट में गांजा (कैनाबिस) पाया गया। गिरफ्तारी सोमवार को की गई।

## जमानत अर्जियों पर पुलिस की ओर से जानकारी आने में देरी पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने डीजीपी को सर्कुलर जारी कर सभी जिला पुलिस प्रमुखों को समय पर जानकारी देने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जमानत अर्जियों पर पुलिस की ओर से जानकारी आने में देरी पर नाराज़गी जताई है। इससे याचिकाओं के निस्तारण में बेवजह विलम्ब होता है।

कोर्ट ने डीजीपी को सर्कुलर जारी कर सभी जिला पुलिस प्रमुखों को निर्देश देने को कहा कि जानकारी भेजने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। यदि ऐसा होता है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने बलिया के विनोद राम की ज़मानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी आरोपित की स्वतंत्रता को सिर्फ इसलिए कम नहीं किया जा सकता कि पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को ज़रूरी जानकारी देने में लापरवाही की। याची के मामले में आठ अक्टूबर 2028 को सुनवाई में अपर शासकीय अधिवक्ता को जांच और अगवा किए गए व्यक्ति की बरामदगी के बारे में जानकारी प्राप्त करने को कहा गया। 17 नवम्बर 2025 को कोर्ट को बताया गया कि बलिया के एसएसपी को पत्र भेजने के बावजूद कोई इंस्ट्रक्शन नहीं भेजा गया। इस देरी को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने एसएसपी बलिया को तलब किया। कोर्ट के आदेश पर उपस्थित एसएसपी ओम वीर सिंह ने 25 नवम्बर को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताया कि उन्हें पत्र भेजा गया था।



## शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद मामले में अब आठ जनवरी को सुनवाई

समृद्धि न्यूज

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाली एक याचिका पर आज सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन उच्चतम न्यायालय से स्टे होने के कारण न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 8 जनवरी 2026 निर्धारित की है।

संभल की जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर होने की आठ याचियों की ओर से दावा करने वाली याचिका सिविल जज सीनियर डिवीज़न के यहां 19 नवंबर 2024 को दाखिल की गई थी। इसी याचिका पर आज सुनवाई होनी थी। इससे पूर्व सिविल जज सीनियर डिवीज़न आदित्य सिंह के कोर्ट में पिछली सुनवाई 6 नवंबर को हुई थी। आज उच्चतम न्यायालय के स्टे के चलते सुनवाई नहीं हुई और अगली तारीख 8 जनवरी तय की है। इस प्रकरण की जानकारी देते हुए हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता श्रीगोपाल शर्मा ने बताया कि अब 8 जनवरी की तिथि तय की गई है। उन्होंने बताया कि सर्वे के आदेश के विरोध में मस्जिद पक्ष हाई कोर्ट गया था। हाई कोर्ट ने न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन के आदेश को सही ठहराया और उनकी रिट को निरस्त कर दिया।

## अपर्णा गर्ग ने रेलवे बोर्ड में सदस्य (वित्त) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे लेखा सेवा की 1987 बैच की वरिष्ठ अधिकारी अपर्णा गर्ग ने सोमवार को रेलवे बोर्ड में सदस्य (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 36 वर्षों से अधिक के व्यापक प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुभव के साथ वे केंद्र सरकार की वरिष्ठतम सिविल सेवकों में से एक हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। रेलवे में अपने लंबे करियर के दौरान गर्ग ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे मैसूर में मंडल रेल प्रबंधक, रेल व्हील फैक्ट्री में प्रधान वित्तीय सलाहकार तथा इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट में महानिदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

## ज्ञानवापी के सील वजूखाने के ताले पर लगे पुराने कपड़े बदलने की अर्जी पर 15 को आएगा आदेश

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी के लम्बित केस में सील वजूखाने के ताले पर लगे पुराने जीर्ण-शीर्ण कपड़े को बदलने की अर्जी मामले में बुधवार को जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई।



अदालत ने इस दौरान पूजा स्थल उपबंध विधेयक 1991 पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई का हवाला दिया। इस मामले में अदालत अब 15 दिसम्बर को आदेश देगी। यह जानकारी वादी हिन्दू पक्ष के एक अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पूजा स्थल उपबंध विधेयक 1991 के बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट में पहले से सुनवाई चल रही है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अधीनस्थ, निचली अदालतों को गत वर्ष 12 दिसम्बर को आदेश देते हुए कहा था कि जब तक इस बिंदु पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है तब तक निचली अदालत में कोई भी नया मुकदमा एडमिट नहीं करेंगे और न ही ऐसा कोई भी आदेश नहीं देगी जिससे सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई प्रभावित हो।

ज्ञानवापी प्रकरण के शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने कथित वजूखाने पर सील कपड़े को बदलने वाले मामले में शासन की तरह से इस प्रकरण से स्वयं प्रार्थना पत्र देकर नॉटप्रेस (बलहीन) करने का निवेदन किया। इस मामले में जिला जज संजीव शुक्ला 15 दिसम्बर को आदेश देंगे। गौरतलब हो कि, पिछली सुनवाई में सभी पक्षों को सुनने के बाद जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने आदेश के लिए 10 नवम्बर की तारीख तय की थी।

## कई हवाई अड्डों पर तकनीकी खराबी से 'चेक-इन' प्रणालियों में आई दिक्कत

**नई दिल्ली।** देशभर के कई हवाई अड्डों पर तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह 'चेक-इन' प्रणालियों में समस्या उत्पन्न होने के कारण कुछ उड़ानों में देरी हुई है। चेक-इन सिस्टम प्रभावित होने से एयर इंडिया एक्सप्रेस स्पाइसजेट, अकासा एयर और इंडिगो की उड़ानों पर असर पड़ा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस तकनीकी खामी की वजह माइक्रोसॉफ्ट विंडोज की वैश्विक सेवा में आई दिक्कत को बताया जा रहा है। बुधवार की सुबह सिस्टम में खराबी आने की वजह से देशभर के कई एयरपोर्ट पर चेक-इन काउंटर पर दिक्कतें आईं। इस तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कई फ्लाइट्स में देरी हुई है।

नई गति

### गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के विजन के अनुरूप अब तक 130 गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल्स विकसित

## जीसीटी से औद्योगिक विकास व कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि रेलवे की गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल्स (जीसीटी) पहल देश में औद्योगिक विकास, कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता को नई गति दे रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के विजन के अनुरूप अब तक 130 गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल्स विकसित किए जा चुके हैं। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान रेल मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने विभिन्न परिवहन मॉडलों को जोड़ने की जो पहल की है, उसी सोच के तहत रेलवे ने गतिशक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल्स का अत्यंत प्रभावी मॉडल तैयार किया है। यह नीति उद्योगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों का उल्लेख सांसदों ने किया है, वहां भी औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। यदि 30-40 किमी का कोई कनेक्टिंग सेक्शन आवश्यक होता है तो उसे भी इस कार्यक्रम के तहत विकसित किया जा सकता है। रेल मंत्री ने सुझाव दिया कि सांसद, राज्य सरकार और रेलवे अधिकारी मिलकर संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर बैठक करें। अश्विनी वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी अन्य रेल परियोजना की अलाइनमेंट को आवश्यकतानुसार बदला जा सकता है, इसमें कोई कठोर बाध्यता नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नया नाम 'सेवा तीर्थ' होने का उल्लेख करते हुए रेल मंत्री ने कहा, ÷यह नाम इस सरकार की जनता की सेवा के प्रति समर्पित भावना को दर्शाता है और हम उसी भावना के साथ कार्य कर रहे हैं।



### अब ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद ही मिलेगा तत्काल टिकट

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकट वितरण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नयी व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रेलवे ने जुलाई में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए आधार ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर में सभी सामान्य आरक्षण बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गयी थी। इन दोनों पहल को यात्रियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया, जिससे टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। रेलवे द्वारा नवंबर में काउंटर बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। वर्तमान में यह सिस्टम 52 ट्रेनों पर लागू किया जा चुका है। इस व्यवस्था के तहत काउंटर पर तत्काल टिकट बुक कराते समय यात्री के फॉर्म में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाता है और वेरिफिकेशन के बाद ही टिकट जारी किया जाता है।

## नए श्रम कानूनों को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट का केंद्र को नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार की ओर से लाये गये नये चार श्रम कानूनों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार को एक हफ्ते के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी। याचिका वकील एनए सेबेस्टियन और सुनील कुमार ने दायर की है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील रविंद्र एस गरिया ने कहा कि 29 से ज्यादा श्रम कानूनों को खत्म कर 21 नवंबर को नये चार श्रम कानूनों को लाया गया है। नये श्रम कानूनों में लेबर कोर्ट को खत्म कर उनके स्थान पर लेबर ट्रिब्यूनल का प्रावधान किया गया है। लेबर कोर्ट में लंबित मामलों को लेबर ट्रिब्यूनल में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। लेबर ट्रिब्यूनल में एक न्यायिक अधिकारी और एक एसोसिएट सदस्य के रुप में शामिल रहेंगे। गरिया ने कहा कि नये श्रम कानूनों को लागू तो कर दिया गया है लेकिन अभी नियम नहीं बनाए गए हैं। लेबर ट्रिब्यूनल का गठन भी नहीं किया गया है। नये श्रम कानूनों को बिना दिमाग का इस्तेमाल किए लागू किया गया। गरिया ने कहा कि नये श्रम कानूनों को 2020 में ही संसद ने पारित कर दिया था लेकिन पिछले पांच सालों में सरकार नियम नहीं बना सकी। लेबर ट्रिब्यूनल के लिए कोई इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार नहीं किया गया।

# अपंजीकृत व अधिक वजन वाले वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ प्रशासन ने की कार्रवाई

**अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना : एआरटीओ प्रशासन**

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** बजाज शुगर मिल बभनान, गोण्डा में अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बिना एचएसआरपी, रिफ्लेक्टर रहित तथा अधिक वजन लेकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ प्रशासन द्वारा एक प्रभावी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एआरटीओ (प्रशासन) आरसी भारतीय ने किया।

उन्होंने मिल क्षेत्र एवं उससे जुड़े मार्गों पर वाहनों की व्यापक जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की। शुगर मिल क्षेत्र में गन्ना परिवहन के दौरान कई बार अपंजीकृत एवं असुरक्षित वाहनों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके मद्देनज़र परिवहन विभाग ने यह विशेष अभियान चलाया। जांच के दौरान कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना पंजीकरण, बिना एचएसआरपी, बिना रिफ्लेक्टर तथा निर्धारित क्षमता से अधिक वजन ढोते हुए पाई गईं। ऐसी गाड़ियों को रोककर उनके चालकों को नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय ने बताया कि बिना पंजीकरण और सुरक्षा उपकरणों के बिना चलने वाले वाहन सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बनते हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और मिल परिसर के आसपास रात के समय ऐसे वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक वाहन पर एचएसआरपी, रिफ्लेक्टर, लाइट तथा अन्य सुरक्षा मानकों का होना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधिक वजन वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, क्योंकि ओवरलोड वाहन न सिर्फ सड़क को क्षति पहुँचाते हैं बल्कि वाहन की स्थिरता कम होने से दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है।

अभियान के दौरान कई वाहनों का चालान किया गया और संबंधित स्वामियों को शीघ्र आवश्यक दस्तावेज अद्यतन कराने के निर्देश दिए गए। एआरटीओ प्रशासन ने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे गन्ना परिवहन में प्रयुक्त सभी वाहनों का पंजीकरण पूर्ण कराएं, एचएसआरपी लगवाएं, रिफ्लेक्टर एवं लाइट अवश्य लगाएं तथा ओवरलोडिंग से बचें। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का पालन न करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से परिवहन विभाग का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना है, ताकि गन्ना सीजन के दौरान यातायात सुचारु एवं सुरक्षित रूप से संचालित हो सके।

## लेखपाल के विरुद्ध हरिजन एक्ट का मुकदमा

**गोंडा।** न्यायालय के आदेश पर लेखपाल के खिलाफ में हरिजन एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। राम गोपाल गौतम पुत्र देवतादीन गौतम निवासी ग्राम नरौरा अर्जुन, थाना कोतवाली देहात ने एक वाद न्यायालय में दायर किया जिस में कहा कि बजरंगी यादव, लेखपाल क्षेत्र नरौरा अर्जुन, थाना कोतवाली देहात, अनुसूचित जाति चमारका व्यक्ति है तथा ग्राम नरौरा अर्जुन, थाना कोतवाली देहात, गांवसभा से पट्टा मिला था। उक्त भूमि के कुछ अंश पर गांव के शिवशंकर तिवारी व दयाशंकर तिवारी पुत्रगण छेदी, आकाश उर्फ मन्नन, आनन्द उर्फ कप्ताने पुत्रगण दयाशंकर, पुत्तन व सुन्दर लाल पुत्रगण शिवशंकर कब्जा करके निर्माण कर लिये हैं, जिस की शिकायत देवीपाटन मण्डल आयुक्त से किया गया है। तहसीलदार सदर ने 14 जून 2024 को राजस्व निरीक्षक परशुराम व क्षेत्रीय लेखपाल बजरंगी यादव को निर्देशित किया गया कि उक्त अवैध अतिक्रमण को हटवाते 7 दिन में प्रस्तुत करे।

## बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत, डीसीएम की टक्कर से महिला की मौत

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घनाओं में एक महिला सहित दो लोगो की मौत हो गई।पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है । कौड़ियां थाना क्षेत्र के रूकमंगदपुर के 27 वर्षीय गोविंद पासवान मंगलवार देर रात लगभग दस बजे ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई।

मृतक गोविंद पासवान अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ मोटरसाइकिल से मंगलवार दोपहर में रिश्तेदार के यहां गए थे। वही से वापस रात दस बजे वापस लौटते समय देहात कोतवाली क्षेत्र के गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर पड़री कृपाल गांव के पास नहर पुलिया के पास बलरामपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नी मंजू देवी का पैर टूट गया।जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।गोविंद पासवान की शादी दो वर्ष पहले हुई थी।कोई बच्चे नहीं हैं। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोंडा-अयोध्या मार्ग पर नंदिनी नगर महाविद्यालय के पास शाम चार बजे एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार महिला को टक्कर मार दी। मृतक महिला की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के करनीपुर गांव निवासी 55 वर्षीय रकेश देवी पत्नी जगतनारायण पांडेय के रूप में हुई है। वह अपनी बहन के बेटे प्रदीप दूबे (निवासी खड़ौआ गांव) के साथ बाइक से अयोध्या दवा कराने जा रही थीं।

नंदिनी नगर महाविद्यालय से आगे बालापुर गांव के पास पीछे से आ रही एक अनियंत्रित डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दिया जिस में ट रकेश देवी सड़क पर गिरकर के वजह से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर सरयू घाट चौकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कटरा शिवदयालगंज तिराहे के पास डीसीएम को पकड़ लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि तहरीर मिलने के बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### समाज को सही दिशा दिखाता है अधिवक्ता : अजेय विक्रम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता दिवस पर वकीलों ने राजेन्द्र प्रसाद को माला पहनाकर किया याद और कहा कि समाज का पूरा विश्वास न्याय व्यवस्था पर व उससे जुड़े अंगों पर होता है ये बात भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा गोंडा के अध्यक्ष अजेय विक्रम सिंह ने अधिवक्ता दिवस पर भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा द्वारा बार व बेंच को सम्मानित करने के क्रम में कहा । भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा गोंडा द्वारा जनपद न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह, बार एसोसिएशन गोंडा के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी व महामंत्री संजय कुमार सिंह व सिविल बार एसोसिएशन गोंडा के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्रा व महामंत्री मनोज मिश्रा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा के कोषाध्यक्ष अजय प्रकाश सिंह, गौरी शंकर चतुर्वेदी, देवेंद्र कुमार सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा , राजन श्रीवास्तव, उमेश त्रिपाठी, अशोक कुमार सिंह, रीतेश कुमार यादव, पंकज मणि त्रिपाठी, अभय श्रीवास्त, आशुतोष कुमार सिंह सहित कई सदस्यगण व अधिवक्तागण उपस्थित रहे ।

### अज्ञात शव मिला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में ढोड़हस ग्राम के शिव शंकर मंदिर के पास स्थित एक तालाब में 20 वर्षीय अज्ञात शव मिला है। जिस की पहचान नहीं हो सकी है। तालाब में शव तैर रहा था। शव मिलने से ग्राम में हड़कम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया। शव मिलने से गांव के तमाम लोग की भीड़ इक्कठा हो गई। शव को देखने के बाद भी उस की पहचान नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम भेजा गया। उस की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है ।

खैरीसमैशा में अज्ञात कारणों से लगी आग

### आधा दर्जन से अधिक फूस के मकान जलकर राख

**मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर तहसील के ग्राम सभा खैरीसमैशा में बुधवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग तेज़ी से फैलती गई और देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक फूस के मकान जलकर राख हो गए। आग से प्रभावित लोगों में राम नरेश, हेमा मालिनी, खेलावन, शिव बालक, पलटू, लच्छी, रमेश, फूलमती सहित कई परिवार शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस अग्निकांड में करीब 2 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घरों का सामान, गृहस्थी की सामग्री और अन्य वस्तुएँ पूरी तरह जलकर राख हो गईं। उपजिलाधिकारी मिहीपुरवा राम दयाल ने बताया कि सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाएगा, तथा सरकार से मिलने वाली सभी सहायता अग्नि पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाएगी।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति गंभीर घायल

### दंपती को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, पत्नी की मौके पर ही मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा से लौट रहे बाइक सवार दंपती को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना मंगलवार रात करीब 8 बजे नानपारा कोतवाली क्षेत्र के कोटवा गांव के पास नहर के समीप हुई। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बरदहा बाजार गांव निवासी दिलीप कुमार अपनी पत्नी सुमन के साथ नानपारा से कॉस्मेटिक का सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक सुमन अपने पीछे दो साल की बेटी और घायल पति को छोड़ गई हैं। दिलीप कुमार गांव-गांव फेरी लगाकर कॉस्मेटिक का सामान बेचते हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से घायल दिलीप कुमार को जिला अस्पताल भेजा। नानपारा थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### छात्रा की कॉल डिटेल निकाली, मोबाइल जब्त किया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा के एससीपीएम नर्सिंग कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में बीएमएस छात्रा महावीस खानम के सुसाइड मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सोमवार देर शाम छात्रा ने हॉस्टल में आत्महत्या की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सुसाइड की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने इस एंगल पर जांच तेज कर दी है। पुलिस ने मृतक छात्रा का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम को जांच के लिए सौंपा है। मोबाइल का लॉक तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे जांच में अहम सुराग मिल सकें। इसके साथ ही, पुलिस ने छात्रा की कॉल डिटेल भी निकलवाई है। घटना से पहले छात्रा से बात करने वाले सभी लोग पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और छात्रा के संपर्क में रहने वाले अन्य लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## वायु सेना दिल्ली हेड क्वार्टर न्यू दिल्ली की दिशा स्किल टीम ने दिया एयरफोर्स में अधिकारी बनने का टिप्स

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा।** बुधवार को स्थानीय श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा में भारतीय वायु सेना मुख्यालय नई दिल्ली के एयर फोर्स की दिशा स्किल टीम का कार्यक्रम संपन्न हुआ टीम के प्रभारी विंग कमांडर मनीष वर्मा कमांडिंग ऑफिसर इंडियन एयर फोर्स का स्वागत संस्था के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने किया।

टीम का उद्देश्य छात्र एवं छात्रों को भारतीय वायु सेना के विषय में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी तथा वायुसेना में भर्ती हेतु बृहद रूप से व्याख्यान दिया। विंग कमांडर वर्मा ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से छात्र साहिबे आलम हैदर अली रितेश तिवारी छात्रा वर्तिका ऋतु शुक्ला को इंडियन एयर फोर्स का बैग देकर पुरस्कृत किया, शिक्षकों में रामचंद्र पांडे जी जीएस मिश्रा महेश चंद्र वर्मा जी पुरस्कृत हुए। विंग कमांडर जो सिलेक्शन बोर्ड के सदस्य एवं ग्रुप टेस्टिंग ऑफिसर हैं सभी प्रकार के फाइटर विमान एवं माल वाहक विमान के बारे में वृहद रूप से बताया।

भारतीय सेना में एयरफोर्स के महत्व के साथ भर्ती प्रक्रिया के बारे में छात्रों को जागरूक किया कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र पांडे ने किया, प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने कहा कि संस्था का सौभाग्य है कि दिल्ली की टीम ने एयर फोर्स के बारे में जागरूकता हेतु इस संस्था को चुना, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को एयरफोर्स का टी-शर्ट एवं बुकलेट निशुल्क प्रदान किया, प्रधानाचार्य को अपाचे हेलीकॉप्टर का मॉडल प्रदान कर सम्मानित किया विंग कमांडर अंकित जैन टेक्निकल ऑफीसर आकाश सहित संस्था के शिक्षक संतोष कुमार राम नारायण उपाध्याय बंशीधर जगदीश त्रिपाठी राम जीत राम लक्ष्मी सिंह निधि सिंह कमला मौर्या आदि उपस्थित रही।




## पीले ईंटों से बना दिया 24 लाख का पंचायत भवन



▸ प्रकरण ग्राम पंचायत लुवावा विकासखंड पडरी कृपाल का जहां के प्रधान के द्वारा किया जा रहा है भ्रष्टाचार

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** ग्रामीण स्तर पर व्याप्त भ्रस्टाचार को समाप्त करने की योगी सरकार द्वारा जितने भी प्रयास किये जा रहे हैं ग्राम प्रधान व अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत उन प्रयासों पर पानी फेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही कुछ ऐसा ही कारनामा जिले के विकास खंड पंडरी कृपाल के ग्राम लुवावा में निर्माणाधीन पंचायत भवन में सामने आया है।

पिछले पांच वर्षो में गावों की स्थिति में आये सुधार की पड़ताल करने ग्राम लुवायां पहुंची पत्रकारों की टीम को निर्मित हो रहे पंचायत भवन की जानकारी पर निर्माण स्थल पर पहुँचने पर जो स्थिति सामने आई वो चौकानें वाली निकली, पीले और दोयम ईंटो के लगे ढेर के बीच काम कर रहे मुख्य मिस्त्री अकरम ने कैमरे पर बताया की निर्माण में छह अनुपाते एक के मसाले का प्रयोग किया जा रहा है, प्रयोग में लाये जा रहे इंटों के बारे में अकरम ने बताया की ये मीठा अव्वल है जबकि वे पीले और दोयम हैं ये स्पष्ट दिखाई दिया।छह एक के मसाले में भी मोरंग सीमेंट के साथ बालू का भी भरपूर प्रयोग किया जा रहा था जिसका निर्माण स्थल पर ढेर भी लगा दिखाई दिया हालांकि अकरम ने बालू के प्रयोग से इंकार किया लेकिन बनाये जा रहे मसाले में बालू भी मिलाया गया था। लोगों और मुख्य मिस्त्री से जानकारी करने पर पता चला की प्रधान तो वास्तान में नीलम तिवारी है लेकिन प्रधानी की पूरी बागडोर उनके पुत्र रोहित तिवारी के हाथ में रहती है, जब पंचायत भवन के निर्माण में बरती जा रही अनियमितता पर वार्ता करने के लिए उनके नम्बर पर फोन किया गया तो कई प्रयासों के बाद भी काल रिसीव नहीं हुई, देखना तो ये है की इस भ्रस्टाचार पर जिला प्रशासन किस तरह का रुख अपनाता है,प्रधान के भ्रस्टाचार को संरक्षण देता है या फिर मुख्यमंत्री की मंशा को साकार करने में सहयोग देते हुए प्रधान और अन्य जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई करता है।

## ट्रैक्टर-कार की टक्कर में 7 साल की बच्ची की मौत, पिता समेत दो लोग घायल



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार सात वर्षीय बच्ची अंशिका सोनी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना बहराइच-गोंडा मार्ग पर स्थित चंदा मऊ ग्राम के पास हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनकर घायलों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घायलों में नानपारा कोतवाली निवासी 30 वर्षीय पंकज और 25 वर्षीय रूपांग सोनी शामिल हैं। अयोध्या जिले के गुलाबवाड़ी निवासी राहुल सोनी की सात वर्षीय पुत्री अंशिका सोनी भी कार में सवार थी, जिसे गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर विशेश्वरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा। अंशिका की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है।

## छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने के लिए पहल शुरु

समृद्धि न्यूज





**बहराइच ।** जिले में छूटे हुए बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण को सुनिश्चित करने के लिए ÷टीकाकरण उत्सव÷ की शुरुआत की गई। बुधवार को कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ टिकोरा मोड़ स्थित टीकाकरण बूथ पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के सभी 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों एवं अर्बन बहराइच के सभी क्षेत्रों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जन्म से पाँच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बूथ तक पहुँचाया जाएगा, और एएनएम के द्वारा छूटे हुए बच्चों का सुरक्षित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस. के. सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता बढ़ाना तथा हर पात्र बच्चे का संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का टीकाकरण किसी भी कारण से छूट गया है, उनके लिए अलग सूची बनाकर पुनः विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा वंचित न रहे। उन्होंने यह भी बताया कि टीकाकरण के पश्चात प्रत्येक बच्चे की जानकारी यू-विन पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिसके लिए अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि टीकाकरण दिवस पर आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र अवश्य साथ लाएँ। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान टीका प्रतिरोधी परिवारों की सूची बनाई जाएगी और उन्हें सत्र स्थल पर आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही टीकाकरण न कराने के दुष्प्रभावों के बारे में समुदाय को जागरूक किया जाएगा, ताकि बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति न रहे। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भी जनसामान्य से अपील की कि किसी भी कारण से कोई बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा स्वस्थ बचपन ही स्वस्थ परिवार की नींव है। टीकाकरण जीवन सुरक्षा कवच है, सभी माता-पिता बच्चों को टीका अवश्य दिलाएँ। कार्यक्रम में अर्बन नोडल डॉ. पी. के. वर्मा, जेएसआई के मनीष त्रिवेदी, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे, यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप मिश्रा, यूएनडीपी के राजकुमार श्रीवास्तव, अर्बन कोऑर्डिनेटर अरुण तथा एएनएम पूनम सिंह उपस्थित रहे और अभियान में सक्रिय सहयोग का संकल्प जताया।

## क्रय केन्द्रों का एसडीएम नानपारा ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत जनपद में संचालित धान क्रय का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति नानपारा में खाद्य विभाग द्वारा स्थापित 05 धान क्रय केन्द्रों व 02 मक्का क्रय केन्द्रों का निरीक्षण निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती जौहरी द्वारा खरीद, स्टाक एवं बोरा रजिस्टर, क्रय एवं शिकायत पंजिका सहित अन्य अभिलेखों, कृषको को किये गये भुगतान, आनलाइन फीडिंग की स्थिति, क्रय तक पट्टी, टीसीडीसी/मूवमेंट चालान सहित कृषकों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपज की तौल करा रहे किसानों से क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं, उपज की तौल में होने वाली असुविधाओं इत्यादि के बारे में जानकारी करने पर किसानों की ओर से कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में न आने पर संतोष व्यक्त करते हुए क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि कृषकों की उपज को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार खरीदा जाये। क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। क्रय केन्द्रों के माध्यम से हो रही कम खरीद पर एसडीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि कृषकों से समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को यह भी निर्देश दिया कि क्रय किये गये धान खरीद को सुरक्षित ढंग से रखा भी जाय।

**अपील** ईको अवेयरनेस सेंटर में सम्पन्न हुई हाथी मानव संघर्ष प्रबन्धन कार्यशाला

## डीएफओ ने युवाओं को पशुपालन व्यवसाय से जोड़ने की अपेक्षा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संयुक्त तत्वावधान में हाथी-मानव संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन इको अवेयरनेस सेंटर में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के उपायों पर विभिन्न विभागों और समुदाय के साथ चर्चा करना था। इस दौरान डीएफओ सूरज ने वन, पुलिस, कृषि विज्ञान, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन और राजस्व विभाग के प्रतिनिधियों से हाथी संरक्षण में सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने ग्रामवासियों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उनके जीवन स्तर में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया। किसानों को हाथियों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए डीएफओ ने फसल विविधिकरण का सुझाव दिया, जिसमें हल्दी की उन्नत खेती, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसे विकल्प शामिल हैं। इको विकास समितियों और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से इन्हें आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन भी दिया गया। उन्होंने बताया कि थारू बहुल ग्राम बर्दिया की महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री के लिए कतर्नियाघाट पर्यटन केंद्र में स्टॉल आवंटित किया गया है, और आगे अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की योजना है। डीएफओ ने बैराज पर जलीय जीवों की निगरानी एवं बचाव में सिंचाई विभाग की भूमिका की सराहना की। पशुपालन विभाग द्वारा सीमावर्ती गांवों में मवेशियों के टीकाकरण और नस्ल सुधार कार्यक्रमों में दिए जा रहे योगदान की भी प्रशंसा की गई। उन्होंने युवाओं को पशुपालन व्यवसाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्युत विभाग से हाथी कॉरिडोर क्षेत्रों में ढीले विद्युत तारों को दुरुस्त करने की अपेक्षा की गई, ताकि जंगली हाथियों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। कार्यशाला में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की आस्था वर्मा ने हल्दी की उन्नत खेती पर प्रस्तुतीकरण दिया, जबकि नासित अली ने हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग और वनस्पति सर्वेक्षण के बारे में जानकारी साझा की। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने ऐसी फसलों और योजनाओं की जानकारी दी जो आय बढ़ाने के साथ वन्यजीवों को आकर्षित नहीं करतीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह ने मानव-वन्यजीव संघर्ष के मामलों में सहयोग का भरोसा दिया। सिंचाई खंड शारदानगर की उपखंड अधिकारी जुथिका नायक ने जलीय जीवों के संरक्षण और रेस्क्यू में निरंतर सहयोग की बात कही।कार्यक्रम का संचालन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला तराई हाथी रिज़र्व और हाथी संरक्षण के महत्व को समझाने के साथ-साथ ग्रामवासियों के नुकसान को कम करने में सभी विभागों की संयुक्त भूमिका को मजबूत करती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी आशीष गौड़, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रोहित यादव, डॉ. विपिन बिहारी वर्मा, एसएसओ जितेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के गौरव कुमार और विनोद कुमार गोंड, वैज्ञानिक एस.के. गौतम, ग्राम प्रधान, बाघ मित्र, गजमित्र, प्रगतिशील किसान और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के फील्ड सहायक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध

## गोशालाओं में बनी रहे गोवंश हेतु हरे चारे, ठंड से बचाव, तिरपाल, औषधियां, पेयजल आदि की पर्याप्त उपलब्धता

▸ गोशालाओं का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विगत एक सप्ताह में प्रदेश के सभी गोआश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं के संबंध में जनपदीय नोडल अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण और उनके द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण आख्या की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारी नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करते रहें।

गोशालाओं में प्रकाश सोलर लाइट की व्यवस्था आवश्यक रूप से की जाए। गोवंश हेतु हरे चारे, ठंड से बचाव, तिरपाल, औषधियां, पेयजल आदि की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। प्रत्येक गोशाला पर सीसीटीवी क्रियाशील कराये जाए और वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों पर ड्रोन के उपयोग की संभावनाओं पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जहां कमी पाई गई है वहां निराश्रित गोवंश की बेहतर देखभाल, रखरखाव को दुरूस्त किया जाए। ठंड से किसी गोवंश की मृत्यु न हो पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### एलएसडी बीमारी के संक्रमण की रोकथाम नियंत्रण की स्थिति की मण्डलवार गहन समीक्षा

निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु संचालित गोआश्रय स्थलों के संचालन, प्रबंधन तथा संरक्षित गोवंश के भरण पोषण, पराली संग्रहण के पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन तथा जनपदों में एलएसडी बीमारी के संक्रमण की रोकथाम नियंत्रण तथा दुग्ध समितियों के संचालन की स्थिति की मण्डलवार गहन समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जनपद अयोध्या में सभी गोआश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अधिकांश स्थलों पर पराली संग्रहण किया जा रहा है। बाराबंकी में संरक्षित गोवंशों के सापेक्ष भरण पोषण हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, साइलेज, पशु आहार एवं हरा चारा तथा शीघ्र रूप से बचाव के उचित प्रबंध पाये गये है। कासगंज में हरे चारे उपलब्ध है व साइलेज की उपलब्धता नहीं है। अस्थायी गोआश्रय स्थल मण्डी समिति में अतिरिक्त शेड की आवश्यकता है। हापुड़ में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा गोआश्रय स्थलों का नियमित भ्रमण नहीं किया जा रहा, जिस कारण गोवंशों को प्रचुर मात्रा में हरा चारा, दाना, भूसा इत्यादि उपलब्ध नहीं हो पा रहा है एवं अवशेष निराश्रित गोवंश यत्र तत्र विचरण करते दिखे। जनपद महराजगंज में गोआश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे संचालित नहीं पाये गये। कानपुर देहात में मैथा ब्लाक अंतर्गत गोआश्रय स्थलों में गोवंशों को हरा चारा नहीं खिलाया जा रहा है और अभिलेख पूर्ण नहीं पाये गये। जनपद प्रतापगढ़ में पशुआहार का टेण्डर नहीं हुआ है और गोआश्रय स्थलों पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गयी।

# संपत्ति का ब्योरा नहीं तो प्रमोशन भी नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार का कर्मचारियों को सख्त निर्देश

▸ आठ लाख से ज्यादा कर्मचारियों पर लटकी तलवार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गवर्नमेंट जॉब करने वालों की जेब और संपत्ति दोनों पर सरकार की नजर रहेगी। सरकार ने चेतावनी दी है कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी 31 जनवरी 2026 तक अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं डालेंगे, उनका प्रमोशन पदोन्नति हमेशा के लिए रुक जाएगा, अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने विभागाध्यक्षों को कड़े लहजे में आदेश जारी कर दिया है कि 1 फरवरी 2026 से होने वाली डीपीसी यानि विभागीय पदोन्नति समिति में उन कर्मचारियों का नाम तक नहीं लिया जाएगा जिन्होंने संपत्ति का ब्योरा नहीं भरा होगा। प्रदेश में कुल 8 लाख से अधिक राज्य कर्मचारी हैं। सरकार ने पहले भी कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन हजारों कर्मचारी अभी तक संपत्ति का ब्योरा नहीं दे रहे।अब सरकार ने आखिरी चेतावनी दे दी है।31 दिसंबर 2025 तक अर्जित की गई सारी संपत्ति घर, प्लॉट, दुकान, गाड़ी, बैंक बैलेंस, निवेश आदि का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर देना होगा। पोर्टल 1 जनवरी 2026 से खुल जाएगा। आखिरी तारीख 31 जनवरी 2026 रात 12 बजे तक, इसके बाद डीपीसी में नाम नहीं आएगा। सरकार के मुताबिक जिन कर्मचारियों को नियम के अनुसार छूट मिली हुई है जैसे कुछ खास कैटेगरी, उन्हें ही इसमें राहत मिलेगी,बाकी किसी को माफी नहीं। कई कर्मचारी सोचते थे कि ये सिर्फ औपचारिकता है। अब जब प्रमोशन रुकने और कार्रवाई की बात आई है तो सबके होश उड़ गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### रालोद कार्यालय में मनाई गई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में भारत के प्रथम राष्ट्रपति और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सत्य, सादगी, राष्ट्रनिष्ठा और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। देश के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कभी पद को नहीं, कर्तव्य को प्राथमिकता दी। आज के युवाओं को चाहिए कि वे उनके आदर्शों को अपनाएँ और समाज में सेवा, ईमानदारी और एकता का संदेश फैलाएँ। प्रदेश म इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, अंकुर सक्सेना आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला की गला घोंटकर हत्या, घर में बिखरा सामान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के जानकीपुरम थाना क्षेत्र स्थित यशोदपुरम सेक्टर-1 में उस समय सनसनी फैल गई, जब 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला नीलमा श्रीवास्तव की लाश उनके घर में मिली। पुलिस के अनुसार, लूट के इरादे से आए बदमाशों ने विरोध करने पर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। कमरे में अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। नीलमा श्रीवास्तव मकान नंबर 129 में अकेली रहती थीं। उनके पति रमेश श्रीवास्तव की 25 साल पहले मौत हो गई थी, जबकि बेटा विभोर (सिक्योरिटी गार्ड) की 2018 में बीमारी से मौत हो गई। बहू नम्रता मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपने पिता के पास रहती हैं। घर बहू के पिता ने रिटायरमेंट के बाद खरीदा था और बेटी को दिया था, जिसमें सास नीलमा रहती थीं। बुजुर्ग होने और बीमार रहने के कारण नीलमा खाना नहीं बना पाती थीं।

### केजीएमयू में 30 दिव्यांगों को मिली व्हीलचेयर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिव्यांग हमारे लिए बोझ नहीं, ये हमारे पथ प्रदर्शक हैं। इनके अंदर गजब की लगन और अद्भुत क्षमता होती है। आलस त्याग कर आगे बढ़ने का इनके अंदर जबरदस्त जज्बा होता। जो हम सभी को देश और समाज सेवा की सीख देता है। ये हमारे रोल मॉडल है। ऐसे में हर दिव्यांग के प्रति हमेशा इज्जत और लगाव का भाव रखना चाहिए। ये कहना है केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद का। बुधवार को फिजिकल मेडिसिन और रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग में दिव्यांग दिवस कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग समाज को नई दिशा देने का माद्दा भी रखते हैं। केजीएमयू के फिजिकल मेडिसिन और रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग के प्रमुख डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी केजीएमयू कैंपस में बड़ा आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों के बीच खेलकूद की प्रतियोगिता भी हुई। पैरामेडिकल स्टूडेंट्स की तरफसे पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ। 30 से ज्यादा दिव्यांगों को आर्टिफिशियल लिम्बस, कैलिपर्स और व्हीलचेयर भी दी गई। कार्यक्रम में कुलपति भी मौजूद रही और उन्होंने खुद भी कई दिव्यांग बच्चों के मनोबल को बढ़ाया।

### व्यापारियों ने समस्या समाधान के लिए व्यापार मंडल का किया गठन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मीना मार्केट, इंदिरा नगर के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल की सदस्यता ग्रहण की तथा मीना मार्केट इंदिरा नगर आदर्श व्यापार मण्डल इकाई का गठन किया। बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे ,उनकी उपस्थिति में मीना मार्केट के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होते हुए मीना मार्केट, इंदिरा नगर आदर्श व्यापार मंडल का गठन किया बैठक में सर्वसम्मति से शिखर विजय श्रीवास्तव को अध्यक्ष, आशीष कुमार मौर्य को चेयरमैन, दीपक अग्रवाल को प्रभारी, अशोक शर्मा को वरिष्ठ महामंत्री, दक्ष जोशी को महामंत्री, रजत जयसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर कैलाश पन्त, उपाध्यक्ष के पद पर मोहम्मद रेहान, शोभित चौबे, वरिष्ठ संगठन मंत्री के पद पर आर पी त्रिपाठी तथा संगठन मंत्री पद पर अखिलेश रस्तोगी एवं कार्यकारणी सदस्य के रूप में सुधीर श्रीवास्तव, राम सेवक अग्रवाल, विजय कुमार जैन, बाबू, अंजनी कुमार गुप्ता, बजरंग अग्रवाल, शिवकुमार, पीयूष अग्रवाल, श्री राम वर्मा, कैलाश कश्यप, दिनेश पाण्डेय को सर्वसम्मति से चुना गया तथा संरक्षक के रूप में वरिष्ठ व्यापारी विवेक सिंह को चुना गया। चुने गए सभी पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा माला एवं अंग वस्त्र पहना कर संगठन में शामिल किया गया।

### 523 ग्राम प्रतिबंधित ड्रग्स एमडीएमए के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश एएसटीएफ(एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल टास्क फोर्स) ने बुधवार को लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ड्रग्स तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 523 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ एमडीएमए (मिथाइलीनडाइऑक्सीमेथैम्फेटामाइन) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद जुनैद (निवासी लोहियानगर खदरा, लखनऊ) और मुक्कू सिंह (निवासी बहादुरगंज, संत रविदास नगर भदोही) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एएसटीएफने ड्रग्स के अलावा 2500 नगद, एक टाटा सफारी वाहन, 02 मोबाइल फोन, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी बरामद किया है। एएसटीएफको सूचना मिली थी कि दो शातिर तस्कर ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ गहबर बाबा के पास सुलतानपुर रोड से गुजरने वाले हैं। इस आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को वाहन सहित धर दबोचा।

## सशक्त महिलाओं को केंद्र में रखे बगैर 2047 तक विकसित भारत का विजन अधूरा

# जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता : अन्नपूर्णा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता है। समानता और न्याय के मूल्यों पर आधारित समाज में, महिला की गरिमा से कतई समझौता नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे समग्र कार्यक्रम मिशन शक्ति- के जरिए इसे संस्थागत ढांचे में बदलकर इस विश्वास को फिर से मजबूत किया है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा है, हमारी सरकार महिलाओं के लिए सम्मान और सुविधा' को सबसे ज्यादा महत्व देती है।'' ये मार्गदर्शक शब्द केवल भावनाएँ मात्र नहीं, अपितु वह नींव हैं, जिस पर मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत भारत के कोने-कोने में मजबूत संस्थागत तंत्र स्थापित किए हैं। इस प्रयास के केंद्र में मिशन शक्ति की संबल'' उप-योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर ओएससी हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है।डर से आजादी तक, खामोशी से सहायता तक - ओएससी ऐसे स्थान हैं जहाँ से घाव भरने की शुरूआत होती है। ये केंद्र प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय शासन का रुख करते हैं। चाहे किसी महिला को अपने घर, कार्यस्थल या सार्वजनिक स्थान पर हिंसा का सामना करना पड़े, ओएससी उसके पुनर्वास, गरिमा और न्याय दिलाने में मदद करने के मोदी सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। ये केंद्र अस्पतालों के भीतर या उनके पास स्थापित किए गए हैं ताकि तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके जो मुश्किल समय में पहला जरूरी कदम है। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। सुनाया गया प्रत्येक फैसला, बहाल किया गया प्रत्येक अधिकार न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता वाले भारत की ओर उठाया गया एक कदम है।

### 181 का सार्वभौमीकरण महत्वपूर्ण

महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 का सार्वभौमीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जो संकट से घिरी महिलाओं के लिए चौबीसों घंटे मदद सुनिश्चित करके ओएससी का पूरक बनता है। 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित यह हेल्पलाइन अब तक 2.56 करोड़ से अधिक कॉल संभाल चुकी है और 93.48 लाख से अधिक महिलाओं की मदद कर चुकी है 30 सितंबर तक। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली ईआरएसएस-112 से एकीकृत यह हेल्पलाइन संकट और राहत के बीच की दूरी को पाटती है। व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं।

### उम्मीद पोर्टल का समय बढ़ाने की मांग, पीएम मोदी को लिखा पत्र

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शिया धर्मगुरु मौलाना सैफअब्बास ने उम्मीद पोर्टल की सर्विस ठप होने पर चिंता जताई। मौलाना ने पीएम मोदी और अल्पसंख्यक केन्द्रीय मंत्री को पत्र लिखा। मौलाना ने कहा कि पिछले कई दिनों से उम्मीद पोर्टल का सर्वर डाउन है जिसकी वजह से लोग चाह कर भी अपनी संपत्तियों को ऑनलाइन दर्ज नहीं करवा पा रहे हैं इसलिए सरकार को पोर्टल पर वक्फ संपत्ति दर्ज करने कि समय सीमा को बढ़ाना चाहिए। मौलाना ने कहा कि हमारे पास उम्मीद पोर्टल से संबंधित लगातार शिकायतें आ रही हैं। हम लोग खुद देख रहे हैं कि इसकी पूरी वेबसाइट हैंग हो गई है। लोग घंटों बैठे रहते हैं और एक भी संपत्ति ऑनलाइन नहीं चढ़ पाती।

# वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे पर मोटोरिका ने दो बच्चों को लगाए आर्टिफिशियल हाथ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/नई दिल्ली।** सहायक प्रौद्योगिकी व मेडिकल साइबरनेटिक्स के क्षेत्र में अग्रणी मेडटेक कंपनी मोटोरिका ने वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे के अवसर पर नई दिल्ली स्थित नॉर्थ रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में दो बच्चों को आर्टिफिशियल हाथ इंस्टॉल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

इस अवसर पर चिकित्सकों, विशेषज्ञों और उद्योग से जुड़े वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भारत में चाइल्ड आर्टिफिशियल अंगों को बेहतर तकनीक के माध्यम से आसान बनाने की दिशा में हो रहे बदलावों पर विचार-विमर्श किया। मोटोरिका ने इस कार्यक्रम के दौरान हाल ही में शुरू किए गए डिजिटल प्रॉस्थेटिक्स प्रोग्राम का प्रदर्शन किया गया जिसके तहत पारंपरिक प्लास्टर मोल्ड तकनीक के बजाय फोटोग्रामेट्री का उपयोग किया जाता है, जिसमें साधारण स्मार्टफोन से ली गई छवियों के आधार पर शेष अंग का बेहद सटीक 3डी मॉडल तैयार किया जाता है। इस नई तकनीक से डेटा ट्रांसफर सरल होता है, लॉजिस्टिक चुनौतियां कम होती हैं और आर्टिफिशियल हाथ निर्माण प्रक्रिया तेज एवं आसान बनती है।

### ब्लॉक वन क्रॉप अभियान से बढ़ेगा उत्पादन : दिनेश प्रताप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के उद्यान विभाग के प्रगति के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गोरखपुर एवं बस्ती मंडल से संबंधित मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रहे। गोष्ठी का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों, बागवानी उत्पादकों, कृषि उद्यमियों और निर्यातकों को आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर मंडल के उद्यान विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका उद्यान मंत्री ने अवलोकन भी किया। इस दौरान उद्यान मंत्री ने विभाग द्वारा परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

# समाज कल्याण मंत्री ने सर्वोदय विद्यालय इटौरा के अंतरराष्ट्रीय विजेताओं का किया सम्मान

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय इटौरा आगरा के दो खिलाड़ियों ने वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप 2025 में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है।

समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बुधवार को लखनऊ स्थित भागीदारी भवन में व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार को सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विभागीय प्रयासों और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।कोलंबो में 28 से 30 नवंबर तक हुई चौंपियनशिप में हरीश चंद्र ने 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड, रमन कुमार ने 56 किग्रा वर्ग में सिल्वर जीतकर गर्व बढ़ाया। राज्यमंत्री असीम अरुण ने बताया कि विद्यालय में खिलाड़ियों को पावरलिफ्टिंग का बेहतर अभ्यास उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि से अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा विकसित की जाएगी। सर्वोदय विद्यालय, इटौरा को पावरलिफ्टिंग का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा, जिससे विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने योग्य बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिये उच्चस्तरीय उपकरण, बेहतर डाइट और सुविधाएं दी जाएंगी। यह सुविधा भविष्य में और अधिक प्रतिभाओं के तैयार होने में सहायक होगी। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनदोनों खिलाड़ियों का चयन गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हासिल उपलब्धियों के आधार पर हुआ था, जहां उन्होंने गोल्ड और राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए क्वॉलिफाई किया।

## ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ओनर्स वेलफेयर एसो. ने परिवहन मंत्री से की मुलाकात



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश संगठन का प्रतिनिधिमंडल 3 दिसंबर को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर से मुलाक़ात कर निजी टैक्सी वाहनों पर अंकुश लगाने के अभियान के लिए आभार पत्र द्वारा व्यक्त किया और आग्रह किया। मंत्री को अवगत कराया गया है कि जिस प्रकार एयरपोर्ट के फास्टैग से सम्पूर्ण रिकॉर्ड पता चल जाता है उसी प्रकार हर जिले के नजदीक टोल प्लाजा से आपको सभी निजी टैक्सी वाहनों का संपूर्ण डाटा मिल सकता है जिसके उपरांत विभाग समस्त निजी टैक्सी वाहनों पर कड़ी कार्यवाही कर सकेगा। मुख्य बात रखी हाल ही में केंद्रीय सरकार द्वारा जो Fastag 3000 प्राइवेट गाड़ियों के लिए वन टाइम दिया गया है जिसमें लगभग 200 ट्रिप की छूट दी गई है इसका भरपूर लाभ निजी प्राइवेट टैक्सी वाहन उठा हैं जिसके कारण टैक्सी वाहनो की मांग में भारी कमी आने वाली हैं इसमें संगठन विभाग से यह मांग करता है कि प्रदेश अथवा भारत सरकार इनकम टैक्स के द्वारा या फिर आधार कार्ड के द्वारा उनके फास्टैग को लिंक किया जाए जिसके कारण निजी वाहन का संपूर्ण उपयोग विवरण आसानी से प्राप्त हो सकेगा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि विषय सोचने योग्य हैं इस पर केंद्र सरकार से वार्तालाप द्वारा जानकारी जुटाकर सभी को आश्वासत किया जायेगा। उपस्थिति अध्यक्ष पियूष गुप्ता, महमंत्री दिनेश सिंह, भदौरिया जिला अध्यक्ष रजनीश शुक्ला, प्रवक्ता सिमरत ओबराय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कार्तिक सहाय एवं अजय सिंह रहे।

### डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में रक्तदान शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के निर्देशन में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा लायंस क्लब के संयुक्त सौजन्य से किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय की टीम द्वारा किया गया।रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. आशुतोष पांडे द्वारा किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के दिव्यांग एवं गैर-दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया, डीएपी और एनपीके : शाही

▸ कृषि मंत्री ने की रबी सीजन के लिए उर्वरक आपूर्ति की समीक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित कक्ष सं.-8 में प्रदेश में उर्वरक क्रय-विक्रय तथा आपूर्ति के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में प्रदेश के किसानों को रबी सीजन 2025-26 हेतु फसलों की बुवाई, रोपाई के उपरान्त फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता हेतु ठोस निर्णय लिए गए। जिन जनपदों में यूरिया उर्वरक का बफर स्टाक 3,000 मीटन से कम है, उन जनपदों को मै इफ्को एवं मै कृभको की रैक प्राथमिकता के आधार पर भेजी जाएगी। पीसीएफको परिवहन व्यवस्था की सघन मॉनिटरिंग करने तथा सभी जनपदों के प्रत्येक समितियों पर कम से कम 25 मीटन यूरिया की उपलब्धता का निर्देश दिया गया है। प्रदेश सरकार लगातार भारत सरकार के सम्पर्क में है ताकि यह पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से गतिशील बनी रहे। बैठक में जेपीएस राठौर सहकारिता मंत्री रविन्द्र, प्रमुख सचिव कृषि सौरभ बाबू, प्रमुख सचिव सहकारिता योगेश कुमार, आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारी समितियाँ तथा डॉ पंकज त्रिपाठी कृषि निदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वर्तमान में, प्रदेश को प्रतिदिन लगभग 12 से 13 यूरिया उर्वरक रैक प्राप्त हो रही हैं।

# अब 10 दिसंबर तक किसान खरीद सकेंगे अनुदानित बीज

▸ कृषि मंत्री ने की बुंदेलखंड में प्राकृतिक, जैविक खेती योजनाओं की समीक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों को रबी सीजन 2025-26 के लिए अनुदान पर दिए जा रहे बीजों को खरीदने की तिथि को 30 नवंबर से बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया गया है। पिछले दिनों मौसमी बदलाव के कारण खरीफ फसलों की कटाई में हुई देरी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है ताकि सभी किसान बिना किसी परेशानी के बुवाई के लिए बीज खरीद सकें।

मंत्री की अध्यक्षता में आज कार्यालय कक्ष में बुन्देलखण्ड क्षेत्र में संचालित प्राकृतिक एवं जैविक खेती की योजनाओं की भी गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता और जैविक उत्पादों के विपणन तथा प्रमाणीकरण को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री ने प्रदेश के प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए राज्य स्तरीय ब्रांड विकसित करने का निर्देश दिया।योजनाधिकारी ने बैठक में बताया कि बुन्देलखण्ड में प्राकृतिक एवं जैविक खेती वर्तमान में 1073 क्लस्टरों में 42,250 हेक्टेयर क्षेत्र में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है, जिससे इस क्षेत्र के 65,790 कृषक सीधे लाभान्वित हो रहे हैं।

इस योजना के लिए स्वीकृत 105.22 करोड़ रुपये की कार्ययोजना धनराशि के सापेक्ष पिछले चार वर्षों में 77.6286 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। मंत्री ने योजना के बेहतर और पारदर्शी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया कि इस योजना में चयनित 470 चौम्पियन फार्मर और 996 सीआरपी, कृषि सखी द्वारा किए गए प्राकृतिक, जैविक खेती कार्यों का विभिन्न स्तरों से अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाए। मंत्री ने प्राकृतिक, जैविक उत्पादों के लिए बाजार की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया और निदेशक, मण्डी को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक जनपद के मुख्यालय पर इन उत्पादों की बिक्री के लिए स्थान चिन्हित हो।

इस सम्बन्ध में निदेशक, मण्डी ने अवगत कराया कि प्रत्येक मण्डी में जैविक खेती के लिए जगह प्रीमियम पर नहीं, बल्कि केवल किराये पर उपलब्ध कराई जाती है और मण्डी लाइसेन्स भी दिया जाता है। साथ ही, उन्होंने बताया कि इन उत्पादों को ई-नाम प्लेटफार्म से भी जोड़ा जा सकता है।

क्रांति

## योगी सरकार की सौर ऊर्जा नीति से उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्रांति के दौर से गुजर रहा

# सौर ऊर्जा में योगी सरकार की ऐतिहासिक छलांग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार की सौर ऊर्जा नीति से उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्रांति के दौर से गुजर रहा है। प्रदेश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता अब 1003.64 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, जिससे वार्षिक बिजली बिल में औसतन 40 से 60 प्रतिशत तक की बचत होने का अनुमान है। बचत बड़े उद्योगों से लेकर ग्रामीण उपभोक्ता तक पहुंच रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट संदेश है कि विकसित यूपी 2047 विजन के अंतर्गत आने वाले 22 वर्षों में प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाये। सौर ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी बचत लंबी अवधि में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। वहीं इससे बिजली खपत का भार भी काफी हद तक कम हो जाएगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश में सौर ऊर्जा के बढ़ते दायरे के साथ लगभग 50 हजार युवाओं को तकनीशियन, इंस्टॉलर और सर्विस स्टाफ के तौर पर प्रत्यक्ष रूप से रोजगार हासिल हुआ। रोजगार के अवसर गांव और कस्बों तक पहुंचे हैं। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि पलायन में कमी आई है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

इसी के साथ, ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में लोड शेडिंग में कमी दर्ज की जा रही है। पहले जहां बिजली कटौती के कारण छोटे व्यवसायों जैसे मिल, वेल्डिंग और प्रोसेसिंग यूनिट प्रभावित होते थे, वहीं अब इनकी आय में 10 से 15 प्रतिशत तक का सुधार हुआ है। सौर ऊर्जा गांव के प्रगति की एक प्रमुख धुरी बनती दिख रही है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर प्रदेशउत्तर प्रदेश अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

इसमें सौर ऊर्जा की भूमिका को और सशक्त करने के प्रयास जारी हैं। जैसे-जैसे सौर ऊर्जा का दायरा बढ़ेगा वैसे-वैसे परंपरागत बिजली आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी और इसका लाभ उद्योग और छोटे व्यवसायों को मिलेगा। योगी आदित्यनाथ सरकार का विश्वास है कि आने वाले वर्षों में सौर ऊर्जा प्रदेश की आर्थिक रीढ़ साबित होगी और उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी। सूर्य की रोशनी पर आधारित यह परिवर्तन अब कल्पना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर दिखाई देने वाली वास्तविकता है।

## खबरें एक नजर में

### एक्सीडेंट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** रिश्तेदारी के शादी समारोह में आयीं कासगंज तथा जिला खीरी की दो महिलाएं सड़क पार करने के दौरान तीव्र गति से आ रही कार से टकराकर विगत दिनों सोमवार को गंभीर रूप से घायल हो गयीं थी। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव गढ़ी निवासी किरन 40 पत्नी जितेन्द्र तथा जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी अंतर्गत गाँव हसौआ निवासी सुशीला पत्नी अमित थाना क्षेत्र के गाँव कन्हऊ चक निवासी रनधीर सिंह के पुत्र विजय सिंह की शादी में शामिल होने आयीं थीं। मंगलवार को दोनों महिलाओं को अपने घर वापस लौटना था। इसी कारण सोमवार की शाम वह गाँव में ही स्थित एक रिश्तेदारी में हाल-चाल लेने चली गयीं थी। शाम साढ़े छह बजे दोनों महिलाएं घर जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रास कर रही थीं। इसी दौरान शाहजहाँपुर की ओर से आयी तीव्र गति कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। घटना के बाद कार अंसतुलित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी थी। चालक मौके से फरार हो गया था। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने एम्बुलेंस बुलाई। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी से राजकीय मेडिकल कालेज हेतु रेफर कर दिया गया था। मंगलवार शाम 9:30 बजे किरन 40 की इलाज के दौरान मौत हो गई। किरण के तीन बच्चे हैं कोमल 15 अनमोल 12 अनुज 10 पति जितेंद्र सिंह खेती करते हैं और यह ग्रहणी थी घरेलू कार्य करती थी। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया महिला की इलाज के दौरान रात मौत हो गई शव पीएम हेतु भेजा है।

### लोको पायलट का धरना दूसरे दिन भी जारी

**रोजा-शाहजहांपुर।** ऑल इंडिया लोगो रनिंग स्टाफ ने विभिन्न मांगों को लेकर रोजा जंक्शन पावर केबिन के पास और दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया। लोको पायलट लोको पायलट गुड्स लोको पायलट पैसेंजर लोको पायलट मेल के लिए कर्मचारी एलजी सिक्स एलजी 7 एलजी 8 एलबिनो एलजी 10 वेतनमान निर्धारित किया जाए। सभी मुख्यालय पर लोको पायलटो को 36 घंटे के भीतर ट्रेन चलकर वापस मुख्यालय भेजना चाहिए। स्पेयर जाने के लिए अलग से सेट मिलनी चाहिए। आए दिन विवाद होता है लोको पायलटो की ड्यूटी मालगाड़ी के लिए 8 घंटे और अन्य गाड़ियों के लिए 6 घंटे निर्धारित की जाए। जिससे कि चालक तनाव में ना रहे। साप्ताहिक विश्राम 16 घंटे की जगह 30 घंटे का निर्धारण किया जाए। आज कई मांगों को लेकर दूसरे दिन भी पावर केविन के पास ऑल इंडिया लोगों को रनिंग स्टाफ के कर्मचारी धरना प्रदर्शन करते रहे। इस अवसर पर राघवेंद्र वर्मा, हेमंत कुमार, रवि वर्मा, जुन्नु कुमार, अनिल वर्मा, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, विनीत रस्तोगी, सूरज वर्मा, महेश वर्मा, रविंद्र कुमार, पीके पंडित, विवेक कुमार, आनंद गुप्ता, राम रूप, शालिग्राम, सुनील कुमार, अभिज्ञान अवस्थी, अनिल कुमार, बृजेश कुमार, एसके राठौर आदि उपस्थित थे।

### तिलक लगाने पर दूसरे समुदाय के युवक ने पीटकर किया घायल

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव नगरा बालेटू में तिलक लगाने को लेकर दो समुदायों के लोगों के बीच विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देने के बाद कार्रवाई न होने पर मंगलवार को सीओ कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। तहसील क्षेत्र के गांव नगरा बलेटू निवासी चेतराम पुत्र रामस्वरूप ने सीओ को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह चाट का ठेला लगाता है। सोमवार को उसके ठेले पर दूसरे समुदाय का एक युवक आया और जातिसूचक गालियां देते हुए तिलक लगाने का विरोध किया। गालियों का विरोध करने पर गैर समुदाय के युवक ने उससे मारपीट की। विवाद बढ़ने पर चेतराम अपनी मां फूलमती, पत्नी अनीता, सत्यवती, निर्मला सहित अन्य परिजनों के साथ आरोपी के घर शिकायत करने गया। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने भी जातिसूचक टिप्पणियाँ करते हुए उसके परिवार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने सिंधौली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन सिंधौली पुलिस द्वारा जब कोई कार्यवाही नहीं की गई तो वह मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे परिवार के साथ क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचा और लिखित शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। इस मामले में क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की।

### परिवार परामर्श केंद्र ने एक परिवार को टूटने से बचाया



**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया बुधवार को 10 पत्रावली पर सुनवाई की गयी और 1 दम्पती को विदा किया गया। थाना सदर बाजार के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 3 वर्ष पूर्व हुई थी। पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक बातों को लेकर विवाद था। आवेदिका ने बताया कि उसके 2 वर्ष का बेटा है। वह 7 माह से अपने मायके में रह रही है। वह अपने पति के साथ लखनऊ में रहना चहाती है और वही से टीचिंग करेगी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है, दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी बबीता देवी आदि मौजूद रहीं।

# स्मार्ट रोड एवं सर्किट हाउस निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**हाई-टेक सर्किट हाउस निर्माण में गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया विशेष बल**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को निर्माणाधीन पलिया बाईपास पुल से सुभाष नगर के स्मार्ट रोड से जुड़ने वाली सर्विस रोड के प्रस्तावित निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट रोड से चढ़ने और उतरने के लिए सर्विस रोड निर्माण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई के साथ प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने स्मार्ट रोड पर सुरक्षा और यातायात सुगमता के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने स्मार्ट रोड पर स्थापित लाइटिंग, फुटपाथ के किनारे बैठने की कुर्सियों की साफ-सफाई, मरम्मत एवं संपूर्ण रख-रखाव के कार्यों को आगामी 10 दिनों के अंदर पूर्ण कराकर हैण्डओवर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के पास ग्राम सरायखास के समीप लगभग 22.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सर्किट हाउस परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। यह सर्किट हाउस वीआईपी सुइट, डोरमेट्री, आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम और नवीनतम हाई-टेक सुविधाओं से युक्त होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कॉन्फ्रेंस रूम में उच्च गुणवत्ता वाली स्क्रीन, फर्नीचर, वाई-फाई तथा अन्य आधुनिक उपकरण लगाए जाएं, जिससे यह भवन अत्याधुनिक मानकों पर खरा उतर सके। उन्होंने बाउंड्री क्षेत्र में वामट्री के पौधे लगाने तथा वन विभाग द्वारा लगाए गए क्षतिग्रस्त पेड़ों को बदलने के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल पर वायर शिफ्टिंग कराए जाने के भी आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए नागरिक उड्डयन विभाग के मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेलीपैड के आसपास किसी भी बड़े पेड़ का रोपण न किया जाए और क्षेत्र को पूर्ण रूप से खुला रखा जाए। इसके साथ ही नए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से जुड़े सड़क प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृत कराने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्किट हाउस का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, अधिशासी अभियंता महेंद्र पाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 18 वर्ष से कम उम्र के बाल एवं किशोर श्रमिकों का नियोजन न करें

**11 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया**



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन पर बाल-किशोर श्रम चिन्हांकन अभियान के अंतर्गत जनपद में लोदीपुर, हथौड़ा चौराहा,रेती रोड, मोहम्मदी रोड, पुत्तूलाल चौराहा, केरूगंज स्थित मोटरसाइकिल रिपेयरिंग वअन्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण करते हुए 11 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया और सेवायोजकों को निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई। डीएम द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्यों में श्रम प्रवर्तन अधिकारी ओम प्रकाश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह,एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग प्रभारी महेंद्र सिंह, कांस्टेबल अंकित कुमार चाइल्डलाइन से दिवाकर मिश्रा और पेस संस्था से गोपाल मिश्रा, अभिषेक सिंह आदि कार्यवाही में मौजूद रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशन पर पूरे प्रदेश में 15 दिसंबर तक विशेष बाल श्रम अभियान संचालित किया जा रहा है, सभी सेवायोजक अपने प्रतिष्ठानों पर 18 वर्ष से कम उम्र के बाल एवं किशोर श्रमिकों का नियोजन न करें और सभी माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

## अधिवक्ता केवल अदालत तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में न्याय के प्रहरीः अनीत

**कचहरी में अधिवक्ता दिवस पर जूनियर्स का किया गया सम्मान**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कचहरी परिसर में आयोजित अधिवक्ता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जूनियर अधिवक्ताओं का सम्मान कर उनके मनोबल को बढ़ाया। इस अवसर पर सम्मानित जूनियर अधिवक्ताओं में अतुल बाजपेयी, अक्षय मिश्रा, अभय गुप्ता, फौजिया आफरीन खान, नीलेश श्रीवास्तव, रूबी, सौरभ सिंह, मृणाल सिंह, प्रभाकर मिश्रा, भावेश अवस्थी और अनुज मिश्रा आदि शामिल रहे। पूर्व महासचिव सेंट्रल बार एसोसिएशन अनीत कुमार त्रिवेदी ने कहा कि अधिवक्ता केवल अदालत तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की उम्मीदों और न्याय के प्रहरी हैं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि न्याय हर नागरिक का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना हर अधिवक्ता की नैतिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा यह सम्मान जूनियर अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना जिससे उनके पेशेवर आत्मविश्वास और समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास और बढ़ा। कार्यक्रम में वकालत के पेशे की गरिमा परंपरा और सेवा भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर रामकुमार त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी, अनीत त्रिवेदी, अजीत सिंह चौहान, आनंद सिंह, नीरज पाठक और जय नारायण गुर्जर सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

### एक लौकी के लिए भाई को मौत के घाट उतारने वाले को आजीवन कारावास

**तिलहर-शाहजहांपुर।** खेत से एक लौकी तोड़ने के विवाद में सगे भाई की गोली मारकर नृशंस हत्या करने वाले हत्यारोपी को एएसजे चतुर्थ कोर्ट ने आजीवन कारावास व 55 हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। गौर तलब है कि वर्ष 2020 में छह जून की शाम साढ़े छह बजे तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव चकुलिया में राजाराम व उसके भाई पातीराम की पत्नियों में घर के समीप स्थित खेत में एक लौकी तोड़ने के विवाद के चलते पातीराम को उसके सगे बड़े भाई राजाराम ने तमंचे से गोली मार दी थी । जिससे पातीराम की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त मामले में मृतक पाती की पत्नी विमला देवी ने जेठ राजाराम के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

**55 हजार का अर्थ दंड भी देने का आदेश, छह जून 2020 को चकुलिया गांव में हुआ था लोमहर्षक हत्याकांड**

दर्ज कराई थी। हत्याकांड के दो दिन बाद तत्कालीन कोतवाल जसवीर सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आठ जून 2020 को नगर के बाईपास चौराहे से हत्यारोपी राजाराम को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा व कारतूस भी बरामद किए थे । पांच साल तक केश चलने के दौरान पुलिस और अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से बीती दो दिसंबर को साक्ष्यों के आधार पर एएसजे चतुर्थ कोर्ट के विद्वान जज ने पातीराम की हत्या में दोषी करार देते हुए राजाराम को आजीवन कारावास के साथ ही 55 हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई और राजाराम को कोर्ट से ही जेल भेज दिया गया।

## मथुरा से गोला जा रही श्रद्धालुओं की प्राइवेट बस हाइवे पर पलटी

**महिलाओं समेत आधा दर्जन घायल, एसपी ग्रामीण, सीओ भी मौके पर पहुंची, लिया जायजा**





**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार देर रात मथुरा स्थित जय गुरुदेव आश्रम से श्रृद्धालुओं को लेकर गोला जा रही प्राइवेट बस नगरिया मोड पुलिस चौकी के सामने हाइवे पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गई। जिससे बस में चीख पुकार मच गई। बस के पलटने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों को बस से बाहर निकलवाया। इस दौरान एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने घायल यात्रियों को एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जानकारी के मुताबिक प्राइवेट बस संख्या यूपी 30ए9277 श्रद्धालुओ को जय गुरूदेव आश्रम मथुरा से लेकर जनपद खीरी के कस्बा गोला जा रही थी। मंगलवार देर रात करीब पौने ग्यारह बजे पुलिस चौकी नगरिया मोड के सामने हाइवे पर बने स्पीड ब्रेकर पर बस अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर पलट गयी। बस में कुल 57 यात्री सवार थे। जिसमें 17 पुरुष, 22 महिलाएं व 18 बच्चे शामिल रहे। बस पलटने से घायल हुए यात्रियों में जनपद खीरी के भीरा थाना क्षेत्र के गांव चौखटिया निवासी अंजू पत्नी प्रदीप 48, रघुवीर पुत्र मानसिंह 19, गोल्डी यादव पुत्री सर्वेश यादव 15, रानी पुत्री प्रदीप 7, पंकज पुत्र रतीराम 18 तथा मालपुर विनिता सिहं पत्नी हरपाल सिंह 35 शामिल हैं। सभी घायलो को 108 एम्बुलेन्स से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। घटना की खबर मिलते ही एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच यात्रियों का हालचाल जाना। रात में ही पुलिस ने क्रेन मंगबाकर दुर्घटनाग्रस्त पलटी हुई बस को सीधा करकर हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू करबाया और दूसरी बस मंगवाकर उससे श्रद्धालुओ को गंतव्य के लिए रवाना किया।

## दिव्यांग दिवस पर रेडक्रास सोसाइटी ने आयोजित की विचार गोष्ठी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विश्व दिव्यांग दिवस पर रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय परिसर में स्थित रेडक्रॉस कार्यालय में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी दिव्यांग बोर्ड डॉ मो.आशिफ को बैच लगाकर एक विचार गोष्ठी आ आयोजन किया गया। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए सचिव डॉ विजय जौहरी ने रेडक्रॉस के दिव्यागों के हितों और अधिकारों में रोडक्रॉस की भूमिका के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा के लिए समर्पित संस्था है जो जन सामान्य के साथ साथ दिव्यागों के सशक्तिकरण और आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराने में रेडक्रॉस के कार्यो की विस्तार से चर्चा की और कहा कि रेडक्रॉस चिकित्सा विभाग के सहयोग से दिव्यांग और विशेषकर दिव्यांग महिलाओं के लिए चिकित्सा कैम्प का आयोजन करेगी तथा महिलाओं से संबंधित वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगी। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी दिव्यांग बोर्ड डॉ आशिफ के द्वारा दिव्यांगों के लिए सरकार की आवश्यक सुविधाओं के बारे में बताया। अंत में रेडक्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने सभी का आभार जताते हुए विचार गोष्ठी का समापन किया। विचार गोष्ठी में ध्रुव सिंह, रोहित मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, विपिन सक्सेना, अग्रज जौहरी, रवि सिंह एवं पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे।

## मुमुक्षु क्रिकेट लीग के 10वें मुकाबले में आर्ट इलेवन के नाम हुई जीत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**शाही के बल्ले ने दिखाया दम, नीलू बने मैन ऑफ द मैच**



स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में दसवें दिन का मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम आर्ट-11 तथा स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय की टीम एसएसएलसी-11 के मध्य खेला गया। खेल के मैदान पर मौजूद दर्शकों की भीड़ का रोमांच एवं उत्साह देखने के काबिल था। मैच का टॉस आर्ट-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। आर्ट-11 टीम ने 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 229 रनों का भारी स्कोर खड़ा किया। एसएसएलसी-11 की टीम ने जवाबी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन लक्ष्य के दबाव में यह टीम 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर महज 162 रन ही बना सकी। नतीजतन जीत आर्ट-11 के नाम रही। 37 गेंदों पर 4 छक्के और 7 चौके जड़कर 62 रन बनाने वाले आर्ट-11 के खिलाड़ी डॉ नीलू कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इन्होंने विपक्षी टीम को 30 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वहीं आर्ट-11 के ही खिलाड़ी डॉ प्रांजल शाही ने 28 गेंदों पर ताबड़तोड़ 9 छक्के एवं 6 चौके लगाकर 87 रन हासिल किए। खेल की बेहतरीन एवं प्रभावशाली कमेंट्री डॉ संदीप अवस्थी एवं डॉ अंकित अवस्थी के द्वारा की गई। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, प्रो प्रभात शुक्ला, डॉ शालीन सिंह, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ राजीव कुमार, डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. हर्ष पाराशरी, डॉ. प्रीति, व्याख्या सक्सेना, चंद्रभान त्रिपाठी सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दुर्गा मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने मारा छापा

**अधिकांश स्टोर संचालक शटर गिरा कर भागे, हडकंप**



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद के तहसील रोड दुर्गा मेडिकल स्टोर के संचालक विकास गुप्ता के स्टोर पर बुधवार दिन के 3:00 बजे ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा की टीम ने छापा मारा, जहां कोडिन युक्त सिरप की बिक्री की शिकायत पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के आने की सूचना मिलते ही अधिकांश स्टोर संचालक शटर गिराकर भाग गए। मेडिकल स्टोर पर शालनी मित्रा ड्रग इंस्पेक्टर ने पूर्ण रूप से जांच की। उसी दौरान दो सेंपल लिए गए। उनकी जांच होंगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद अगर सैंपल में कोई कमी पाई जाती है तो मेडिकल स्टोर स्वामी पर उचित करवाई की जायेगी। उन्होंने बताया की कोपरेटर नही पाई गई हैं। बाकी सब सही है। उन्होंने ये भी बताया की जो लोग शटर गिरा कर भाग गए है। आज नही तो कल खुले स्टोर मिलेंगे। हम रोज आयेंगे फिर हम जांच करेगे किसी को बिना जांच के नही छोड़ा जाएगा। लेकिन बाद में लौटकर स्टोर खोले, हालांकि कई स्टोर बंद रहने से पूर्ण जांच नहीं हो सकी।

## कुल शरीफ के साथ उर्स-ए-लियाकती खत्म

**मुल्क और कौम की तरक्की की दुआ की गई**



**तिलहर-शाहजहापुर, समृद्धि न्यूज।**

हज़रत शाह मौलाना लियाकत हुसैन फाजिले तिलहरी रहमतउल्लाह आलेह के दो दिनी सालाना उर्स आज बुद्धवार को महफिले कुल शरीफ में फातिहा खानी और दुआ के साथ सम्पपन हो गया। इस दौरान भारी तादाद मे जायरीनो ने मजार शरीफ पर चादर व गुलपोशी कर दुआ मागी। मज़ार मोहल्ला काकड़ टोला स्थित दरगाह शरीफ पर सुबह से ही जायरीन की भीड़ जुटने लगी। कुरान खानी के बाद चादरो का जुलूस निकाला गया। सज्जादा नशीन व शहर इमाम हज़रत हाजी मोहम्मद सुआलेह कादरी शद्दन मियाँ की सरपरस्ती में। कुल मे उलेमाओ ने तकरीर की और शायरों ने नातिया कलाम पेश किया। मुफ्ती सुलतान रजा कादरी ने कहा कि हज़रत लियाकत हुसैन की खानकाह दो बहते हुए धारो का सिलसिला-कादरिया व सिलसिला-ए-साबिरी चिश्तिया का संगम है। उन्होने कहा कि शरियत की तबलीग का नाम उर्स है। मौलना मुफ्ती जिशान रजा कादरी ने कहा कि अल्लामा मौलाना लियाकत हुसैन एक ऐसे घराने के चश्मो चराग थे जिसका घराना पाच सदी तक दीन की बेलौस खिदमत अंजाम दी। मौलाना अकीलुर रहमान कादरी ने कहा कि रसूल के रास्ते पर चलना ही मौलाना लियाकत हुसैन फाजिले तिलहरी का मिशन है। अन्त में सज्जादा नशीन व शहर इमाम ने कहा कि पैगंबर इसलाम सल्लाहो अलैह वसल्लम ने दुनिया में दीन व इमान की रोशनी फैलाई है, अपने प्यारे नबी की सीरत पर अमल करे। खानकाह लियाकती मे उर्स के समापन पर जलसे को खिताब कर रहे थे। रज़ा ने जलसे को खिताव कर रहे थे संचालन मौलाना कारी नाजिम रज़ा ने किया। इस दौरान शायर मौलाना कारी अशहद रज़ा पलिया, तसलीम रज़ा कारी गुलफाम रजा ने कलाम पेश किया इस दौरान अकीदतमंदों ने सज्जादा नशीन हज़रत मो0 सुआले कादरी (शद्दन मिया) के साथ चादरपोशी और गुलपोशी की प् सज्जादा नशीन हज़रत शद्दन मियाँ ने शिजरा पढ़ा और मुल्क व क़ौम के लिए तरक्की, अमन भाई-चारे की दुआ फ़रमाई। इस मौके पर मुफ्ती सुल्तान रजा बहराइच, मुफ्ती जीशान रजा, मुफ्ती मो हुसैन मिस्बाही, मौलाना अकीलुर रहमान कादरी, मौलाना जुबैर आलम रजा, शायद मो अशहद रजा पालिया, तस्लीम रजा मौलाना नाजिम रजा आई कुल शरीफ में मुफ्ती याद अली, रेहान अरशद, सुहैल खान, मसूद खान, इदरीस मंसूरी, इमदाद अंसारी, नईम, वकील के.सी खन्ना, राम गोपाल भटनागर, रामनिवास सिंह, बाबू राम आदि शामिल हुए।

**●संपूर्ण समाधान दिवस 6 को, डीएम सदर में सुनेंगे जनसमस्याएं:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा 6 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जन समस्याओं एवं शिकायतों को सुना जाएगा। इसके साथ ही सीडीओ डा. अपराजिता सिंह जलालाबाद, एडीएम वित तिलहर, एडीएम प्रशासन जिला मुख्यालय व अन्य तहसीलों में एसडीएम समस्याएं सुनेंगे।

**सूचना**

कुछ अभिलेखों में मेरा नाम शिवरतन यादव है और कुछ में रामरहीस दर्ज हैं, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शिवरतन यादव और रामरहीस एक ही व्यक्ति हैं, दोनों नामों से जाना जाए। शिवरतन यादव उर्फ रामरहीस नि.मो. गायत्री नगर कस्बा व थाना बंडा, जिला शाहजहांपुर।

# सरकार की योजनाओं का लाभ जमीन पर... दिव्यांगजन हमारे लिए प्राथमिकता: विधायक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को दिव्यांग विभाग द्वारा भव्य उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों दिव्यांगजन शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह रहे, जिन्होंने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने हमेशा दिव्यांग हित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा दिव्यांग पेंशन को 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति माह किया गया है। साथ ही आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत करना, आवास, शौचालय और सहायक उपकरणों की बड़ी संख्या में उपलब्धता, सरकार की स्पष्ट नीयत को दर्शाता है। विधायक ने दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की घोषणा



भी की। कार्यक्रम में आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी ने कहा कि दिव्यांगता किसी भी स्थिति में अभिशाप नहीं है, बल्कि यह ईश्वरीय देन है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन आज विश्व मंच पर अपना नाम दर्ज करा रहे हैं और संस्था उनके शिक्षण व उत्थान में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संजय कुमार ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग समय-समय पर सहायता कैंप लगाकर उपकरण वितरण करता है और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। समापन के दौरान ब्लॉक ददरौल के बीडीओ अमित सिंह ने विधायक सहित सभी उपस्थित दिव्यांगजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांग विभाग के बड़े बाबू राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में कुल 35 ट्राईसाइकिल, कान की मशीनें, बैसाखियां, छड़ी सहित अन्य सहायक उपकरण विधायक के हाथों से वितरित किए गए। आयोजन में सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## किशोरी के अपहरण में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव की एक महिला ने उसकी नाबालिक पुत्री को अगवा किए जाने को लेकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने तीन चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना क्षेत्र के गांव इटौली निवासी अनीता देवी पत्नी मुकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम लगभग 4:30 बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री दामिनी अपने भाई अमन के साथ घर से घूमने निकली थी। जब पुत्री कल्लू के खेत के पास पहुंची तभी सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी से अज्ञात 3 से 4 लोग पुत्री को जबरन यौन शोषण के उद्देश्य से अगवा कर ले गए। जिसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं पुलिस ने किशोरी के अगवा किए जाने में तहरीर के आधार पर तीन चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# केंद्र पर धान नहीं तुला तो किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास, हड़कंप

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्रय केंद्र पर धान तुलबाने को एक पखवाड़े से चक्कर लगाने के बाद भी धान न तौले जाने आहत किसान पेट्रोल लेकर मंडी स्थित क्रय केंद्र पहुंचा। आत्मदाह का प्रयास करने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मंडी सचिव सहित तमाम आढ़ती मौके पर पहुंचे और व मुश्किल किसान को समझा बुझाकर शांत कराया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर टिसुई निवासी राकेश शर्मा ने बताया कि वह 15 दिन पहले अपना धान तुलवाने आरएफसी के क्रय केंद्र पर आया था। लेकिन केंद्र प्रभारी हरि ओम ने मानक के अनुरूप धान न होने की बात कहकर धान तौलने से मना कर दिया। तब से उसका धान क्रय केंद्र पर ही पड़ा रहा। बुधवार को राकेश एक पिपिया में पेट्रोल लेकर वहां पहुंच गया। उसने कहा यदि उसका आज धान नहीं तोला गया तो वह पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लेगा। जैसे ही उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालने का प्रयास किया इसे देखकर वहां हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह तथा तमाम आढ़ती केंद्र पर पहुंच गए। उन्होंने किसान को समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान आत्मदाह करने पर ही अड़ा रहा। मंडी सचिव ने बताया था कि किसान का धान काला, खराब होने के कारण उसकी तौल नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि किसान को पूरी स्थिति बताते हुए समझा बुझाकर घर वापस भेज दिया गया है। केंद्र प्रभारी हरिओम ने बताया इस प्रकरण की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।



### यदि अधिकारी जांच कराएं... तो अंगूठे का खेल सामने आए

**शाहजहांपुर।** पुवायां और बंडा मंडी इसबार शुरू से ही चर्चा में रही हैं, लेकिन किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान देने की जरूरत नही समझी। जिसका कारण हुआ कि किसानों को सरेआम लूटा गया और बिचौलियों को मालामाल बनाया गया। क्रय केंद्रों पर वर्तमान में हो रही खरीद की यदि जांच कराई जाए, तो अंगूठे का खेल यानी प्राइवेट खरीद को सरकारी खरीद दर्शाने का खेल सामने आ सकता हैं, इसके लिए जिले के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कराने से ही क्लियर हो सकता हैं। बंड उप मंडी में इस समय धड़ाधड़ खरीद हो रही हैं, जबकि धान कटाई के दौरान यह बहुत धीमी चल रही थी। लेकिन अब यह स्पीड लोगों को सोचने पर विवश अवश्य कर रही हैं, लेकिन अधिकारियों को इसबात की जानकारी नही हैं यह वह जानकर भी अंजान बने हुए हैं। लेकिन भाकियू टिकैट गुट ने मोर्चा संभाल लिया हैं और उन्होंने कहा यदि बंडा में मंडी गेट पर लगे कैमरा और क्रेंद्र पर लगे कैमरों की जांच नही कराई जाए और इस खरीद की निष्पक्ष जांच नही हुई तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# स्वावलंबन कैम्प एवं बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं सीडीओ डा.अपराजिता सिंह के निर्देशन जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत विकास खण्ड भावलखेड़ा के ग्रामीण क्षेत्र में स्वावलंबन कैम्प एवं बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनमानस को लाभान्वित करने हेतु विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी



गई।जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित महिला पेंशन योजना साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों के बारे में भी जागरूक किया गया। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 ,कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम2013,दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 संशोधित 1986 आदि। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, सुपरवाइजर सुधीर कुमार, आउटरीच कार्यकर्ता अनुभव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सरकारी धान खरीद में बड़े फर्जीवाड़े का आरोप, भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर (बंडा)।** सरकारी क्रय केंद्रों पर धान खरीद में बड़े फर्जीवाड़े का मामला गर्मा गया है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने एसडीएम को ज्ञापन देकर पुवायां, बंडा मंडी और देहात क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों पर चल रही कथित धांधली का आरोप लगाया है। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने आरोप लगाया कि देहात क्षेत्र के कई क्रय केंद्रों पर बिना तौल किए किसानों के अंगूठे लगवाकर फर्जी खरीद दिखाई जा रही है। यही नहीं उन्होंने बताया कि बंडा उपमंडी में लगे आईएफसी के केंद्र संख्या 5 और 8 जिनके केंद्र प्रभारी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी भी हैं, वहाँ भी बड़े स्तर पर गड़बड़ी हो रही है। अनिल सिंह यादव के अनुसार केंद्र प्रभारी द्वारा बिना तौल किए किसानों के अंगूठे लगवाकर 1600 प्रति कुंटल के हिसाब से राइस मिलों को पहले ही बेचा गया धान को सरकारी रिकॉर्ड में खरीद दिखाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन्हीं केंद्रों से किए जा रहे धान के उठान भी कागजों में ही दर्शाए जा रहे हैं। भाकियू पदाधिकारियों ने मांग की कि दोनों केंद्रों पर अब तक हुई खरीद और उठान की मंडी गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरों से मिलान कर जांच कराई जाए। इससे फर्जी खरीद और राइस मिलों तथा केंद्रों के बीच की कथित सांठगांठ का खुलासा हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राइस मिलों द्वारा किसानों से सीधे महीन धान खरीदकर, बाद में उनके अंगूठे लगवाकर उसे सरकारी खरीद में शामिल कराया जा रहा है, जो बेहद बड़ा घोटाला है। भाकियू टिकैत ने चेतावनी दी कि यदि जल्द जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। किसानों की मेहनत की कमाई को बिचौलियों के हाथों लुटने नहीं दिया जाएगा।

# बदमाशों ने चालक को बांधकर मोबाइल और ई-रिक्शा लूटा

- लूट की संगीन वारदात की पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर।** मंगलवार की रात क्षेत्र के ग्राम उदयपुर भूड़ा निवासी ई रिक्शा चालक राहुल पुत्र बृजमोहन का किराए पर ई रिक्शा लेकर गए तीन युवकों ने तमंचा और चाकू दिखाकर उसका मोबाइल और ई रिक्शा लूटकर फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। किंतु पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित ई रिक्शा चालक राहुल ने बताया कि दो दिसंबर की रात करीब दो बजे वह गांव की सवारी लेने जरियनपुर जा रहा था। तभी रास्ते



में तीन युवक मिले, उन्होंने कहा कि उन्हें फर्रुखाबाद रोड पर ग्राम कांकरकटा पहुंचा दो। वह तीनों युवकों को रिक्शा में बैठकर कांकरकटा मोड़ की ओर चल दिया। आरोप है कि रास्ते में तीनों युवकों ने तमंचा और चाकू निकाल लिए और

> ई रिक्शा और मोबाइल लूट की घटना की तहरीर मिली है। रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
>
> –सुनील भारद्वाज एसएसआई, थाना मिर्ज़ापुर

उसे बांधकर उसका मोबाइल और ई रिक्शा लेकर चले गए। उसने घटना की तहरीर मिर्ज़ापुर थाने में दे दी है। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर लौटा दिया। समाचार लिखे जाने तक थाना पुलिस ने लूट की इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस ने बताया मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में गुरुद्वारा के ज्ञानी की मृत्यु, साथी घायल

- पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम को भेजा
- सीएचसी में दिखी डॉक्टरों की संवेदनहीनता, घंटों तड़पता पड़ा रहा घायल मरीज

**खुटार-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खुटार पुवायां रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर गुरुद्वारा के ज्ञानी की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बा के मोहल्ला इंद्रानगर



निवासी वयंत सिंह 65 वर्षीय खीरी के कस्बा मोहम्मदी क्षेत्र के गांव मियांपुर कॉलोनी स्थित एक गुरुद्वारा में ज्ञानी थे। बुधवार को सुबह वह गुरुद्वारा से बाइक से अपने मूल निवासी गांव भानपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपनी खेत में खड़ी फसल को देखकर बाइक से खुटार अपने घर आ रहे थे कि रास्ते में मतलूबपुर निवासी रईस पुत्र वास अली 45 वर्ष भी ज्ञानी वयंत सिंह की बाइक पर बैठकर खुटार आ रहे थे। रुजहां खुर्द मोड़ के पास ओवर ब्रिज पुल से ज्ञानी बयंत सिंह के गुजरने के दौरान उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर जब तक एंबुलेंस व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तब तक ज्ञानी वयंत सिंह ने तड़प कर बीच रोड पर ही दम तोड़ दिया। जबकि उसका साथी जोकि बाइक पर पीछे बैठा रईस गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोशी की हालत में पुलिस को पड़ा मिला। जिसे 108 एंबुलेंस के पायलट रामेंद्र दुबे व ईएमटी प्रेमपाल ने सीएचसी में भर्ती कराया कराया। जहां पर रईस अली घंटो तड़पता पड़ा रहा, लेकिन सीएचसी के डॉक्टरों की संवेदनहीनता के चलते उसे समुचित इलाज नहीं मिला। जिस पर मौके पर पहुंचे लोगों ने डॉक्टरो से इलाज करने को कहा तब जाकर रईस को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर ज्ञानी वयंत सिंह की पत्नी बलवीर कौर को सूचना मिली वह मौके पर पहुंची। पति के शव को देखकर लिपटकर दहाड़े मार कर रोने लगी। इस दौरान वह कई बार बेहोश हुई। बलवीर कौर ने बताया कि वह लोग मूल निवासी क्षेत्र के गांव भानपुर के हैं वहां पर खेती-बड़ी होती है। जबकि वह अपने पति के साथ खुटार कस्बे के मोहल्ला इंदिरा नगर में रह रही है। जबकि उसके दो बेटे रंजीत सिंह व जगजीत सिंह पंजाब के लुधियाना में रहकर मजदूरी आदि का कार्य करते हैं। दो बेटी जिसमें हरजिंदर कौर व रजविंदर कौर की शादी हो चुकी है। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि मृतक के परिवार की ओर से तहरीर मिलती है तो अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा गया है।

## अधिकारी मेहरबान! तभी तो मरेना के प्रधान पर आदेश के बाद भी नहीं हो रही रिकवरी

**पुवायां-शाहजहांपुर।** लोकायुक्त के आदेश पर गांव में कराए गए निर्माण कार्यो में ग्राम प्रधान पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में टीम गठित करके जांच कराई गई थी जिसमे ग्राम प्रधान के द्वारा गांव में कराए गए विकाज़ कार्यों में धांधली पाई गई थी। जिसमे डीएम ने ग्राम प्रधान के खिलाफ रिकबरी के निर्देश दिए गये है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते ग्राम प्रधान से अभी तक वसूली नहीं की गई न ही कोई कार्रवाई की गई। विकास खण्ड बण्डा की ग्राम पंचायत मरेना के रहने वाले प्रदीप ने 8 माह पूर्व ग्राम प्रधान की शिकायत लोकायुक्त में की थी। जिसमें इंटरलॉकिंग, मेन रोड़ से नत्थू

- आखिर क्यों नहीं हो रही ग्राम प्रधान पर कार्रवाई, जिम्मेदारी मौन, शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्य, शौचालय आदि कार्यो में धांधली किए जाने की लोकायुक्त से की थी शिकायत

लाल के मकान के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य समेत कई शिकायतें की गई थी जिसमे डीएम ने टीम बनाकर ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कराई। जांच में मेन रोड़ से नत्थूलाल के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य मे 1,31,720 का दुरुपयोग किया गया उसकी रिकबरी के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कई विकास कार्यों में रिकवरी के निर्देश दिए गए। लेकिन ग्राम प्रधान से अभी तक रिकवरी नहीं की गई उसके बाद दोबारा ग्राम प्रधान पर रिकवरी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया लेकिन बण्डा ब्लाक के अधिकारी ग्राम पर मेहरबान है ओर उन पर कोई रिकबरी पर नही की गई है।

## तहसीलदार तिलहर पर अवैधानिक पैमाइश का आरोप

- प्रभावित पक्ष बोला- पुलिस दबाव में जबरिया कब्जा कराने की कोशिश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तिलहर तहसील क्षेत्र में राजस्व कार्रवाई को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम सरसवा खादर के अजयपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि तहसीलदार तिलहर ने गाटा संख्या 32 68 63 23 24 37 77 न 20.58 47 और 48 की पैमाइश का आदेश बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए जारी कर दिया। आवेदक का कहना है कि यह सभी गाटे संक्रमणीय भूमिधरी हैं और इनकी पैमाइश के लिए धारा 24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता में स्पष्ट प्रावधान है लेकिन न शुल्क जमा कराए गए और न प्रभावित पक्ष को सुना गया।प्रार्थना पत्र में आरोप है कि तहसीलदार द्वारा जारी आदेश से सरकार को आर्थिक नुकसान भी हुआ और पूरी कार्रवाई नियम विरुद्ध तरीके से की गई। आवेदक ने कहा कि थाना गढ़िया रंगीन की पुलिस स्थानीय नेताओं के दबाव में एक पक्ष विशेष को कब्जा दिलाने की कोशिश कर रही है जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है।

अजयपाल सिंह ने इस आदेश को अवैधानिक बताते हुए पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है और कहा है कि जबरिया कब्जे की कोशिश को तुरंत रोका जाए और पूरी कार्रवाई की जांच कराई जाए।

## भारत सरकार का प्रतिनिधि बताने वाले पर एफआईआर दर्ज

- कलीम खां ने कटरा के भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा पर किया था हमला

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कटरा थाना क्षेत्र में खुद को भारत सरकार का अधिकारी बताने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी कलीम खां को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उसके कब्जे से एक कार भी मिली है, जिस पर भारत सरकार और अशोक स्तंभ के निशान अवैध रूप से लगाए गए थे। मामला तब सुर्खियों में आया जब कायस्थान मोहल्ला निवासी और भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा ने आरोप लगाया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने के दौरान कलीम खां ने उनकी गर्दन दबाकर उन्हें मारने की कोशिश की। रजत शर्मा की शिकायत पर तुरंत सक्रिय हुई पुलिस ने कलीम खां को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि वह खुद को



भारत सरकार का प्रतिनिधि और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी बताकर लोगों को भ्रमित करता था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सरकारी प्रतीकों का दुरुपयोग कर खुद को उच्च पदाधिकारी बताना गंभीर अपराध है। कटरा पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी प्रतीक अधिनियम के उल्लंघन सहित कई कठोर धाराओं में केस दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस यह भी पता लगा रही है कि उसने अपनी फर्जी पहचान का फायदा किन-किन जगहों पर उठाया।

## चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात, जाम से मिली राहत

- वाहन चालकों के काटे जा रहे चालान, दुकानों पर जाने को तरसे लोग

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** चौराहे पर कई दिन से जाम लग रही हैं, जिससे जिला अधिकारी के निर्देश पर जलालाबाद के मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की गई है। इसका उद्देश्य यातायात को सुचारू बनाना और सड़क किनारे वाहन खड़े पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है। ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों ने मुख्य चौराहे पर मोर्चा संभाला और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। उन्होंने सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहनों को चेतावनी दी कि अपने वाहन दूर खड़े करें अन्यथा चालान काट दिया जाएगा। इस दौरान टीएसआई देबेश कुमार ने नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों चालकों के चालान भी काटे गए। ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल अमित मलिक, नरेंद्र चौधरी ने बताया कि जलालाबाद में यातायात व्यवस्था से चालू कर रखना और तिराहे चौराहे पर जाम से बचने के लिए पांच पुलिसकर्मी को तैनात किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज पहले दिन ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों ने मुख्य चौराहे पर मोर्चा संभाला। भविष्य में 12 पत्थर चौराहा और याकूबपुर चौराहे पर भी इनकी तैनाती रहेगी। इस व्यवस्था को लागू करने में कांस्टेबल सुमित चौधरी, सिबेन्द्र प्रताप ने जलालाबाद थाना सिपाही नितिन बस्ती और उनके अन्य सहयोगी मौजूद रहे। कोतवाली के थाना अध्यक्ष राजीव तोमर ने बताया यातायात व्यवस्था देखने के लिए सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा। जलालाबाद के मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती से वहां वाहन चालक से हड़कंप मच गया। जिसमें जाम की स्थिति को उल्लेख सुधार हुआ।

# ‘दिव्यांग स्वयं को कमजोर न समझे, वह भी समाज का एक हिस्सा’

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गये दिशा निर्देशो के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ददरौल सभागार में किया गया। अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार द्वारा की गयी। उन्होंने दिव्यांगों के सम्बन्धित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग स्वयं



को कमजोर न समझे तथा वह भी समाज का एक हिस्सा है और सरकार उनके साथी कोई भेदभाव नही करती। विवेक कुमार शर्मा डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर चर्चा करते हुये बताया कि यह प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है, इसका उद्देश्य समाज और विकास के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना तथा राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक यानी जीवन के हर पहलू में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त उन्होने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय पर गहन जानकारी दी व आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर के बारे में चर्चा की।ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह द्वारा दिव्यांगजन दिवस पर चर्चा करते हुये जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। बीडीओ अमित कुमार सिंह द्वारा दिव्यांगजन दिवस पर चर्चा की गयी एवं सम्बन्धित योजनाओं के बारे में बताया। संचालन पैरालीगल वालिन्टियर अनिल कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

## हरी झंडी कर रही इंतजार.... अब कब शाहजहांपुर आएगी वंदेभारत

**शाहजहांपुर।** आठ नवंबर को जिस वंदे भारत एक्सप्रेस का शहर में बड़े धूमधाम से स्वागत हुआ था, नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, वही ट्रेन अब मानो शाहजहांपुर का रास्ता भूल गई है। लॉन्चिंग के दिन जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया था, लेकिन इसके बाद से स्थिति उलट गई है। शहरवासी हैरान हैं कि शाहजहांपुर से वंदे भारत के टिकट तक बुक नहीं हो पा रहे। रेलवे की ऑनलाइन प्रणाली से लेकर काउंटर तक, कहीं भी शाहजहांपुर से टिकट उपलब्ध नहीं दिख रहे। इससे यात्रियों में भारी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस ट्रेन को प्रदेश की बड़ी उपलब्धि बताकर शुरू किया गया था, वह शहर में नियमित रूप से रुक ही नहीं रही। कुछ यात्री इसे आम जनता के साथ छलावा बताते हुए कह रहे हैं कि यदि ट्रेन का ठहराव ही नहीं था, तो फिर स्वागत का इतना तामझाम क्यों किया गया। रेलवे अधिकारियों की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। यात्री उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही स्थिति स्पष्ट होगी और ट्रेन का ठहराव नियमित किया जाएगा। फिलहाल शहर में चर्चा का विषय यही है कि जिस वंदे भारत का शोर-शराबे के साथ आगमन हुआ था, वह कुछ ही दिनों में शाहजहांपुर को दरकिनार कर आगे बढ़ गई। वहीं रेलवे आधिकारियों ने दावा किया कि अभी ट्रेन का रूट तय नहीं हुआ है जल्द ही गाड़ी स्टेशन पर पहुंचेगी।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक सं. 321/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक- 03.12.2025

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 04.12.2025 से 10.12.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 11.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा।

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा।

## डिजिटल अरेस्ट

यह विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करे, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर की सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन की गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निःसंदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा-पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है। दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले-भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी या जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें आतंकित करते हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये की ठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वतः संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं। तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है। देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज करने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच का अधिकार भी दिया गया। इसके अलावा दूरसंचार विभाग को भी सिम कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिये कहा गया है। निश्चित रूप से कोर्ट की सार्थक पहल के बाद यदि ये सभी उपाय सिरे चढ़ते हैं तो इस गंभीर अपराध के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दे पाना संभव होगा। कोर्ट ने विश्वास जताया है कि केंद्रीय एजेंसी बिना किसी भय या पक्षपात के जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इसमें राज्य सरकारों की सक्रियता व सजगता भी सीबीआई को अपराध की तह तक पहुंचने में मददगार सबित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि एजेंसी की कार्रवाई में लालफीताशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। इसके साथ ही नागरिकों को भी ऐसे अपराधों के प्रति सजग रहना होगा। जागरूकता-सतर्कता उन्हें अपराधियों के चंगुल में फंसने से बचा सकती है। ऐसी किसी कॉल के आने पर उन्हें रुककर विचार करना चाहिए और हड़बड़ी में बैंक से जुड़ी कोई जानकारी देने से बचना चाहिए।

# हिंदुत्व के लिए घातक है सामाजिक विभेदीकरण

डॉ. जीवन एस रजक



**यह सत्य है, कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में हजारों वर्षो से जाति के आधार पर विभेदीकरण और शोषण की प्रवृत्तियां रही हैं। परन्तु यह भी सत्य है कि बदलते आधुनिक परिवेश में पिछले दो-तीन दशकों में हमारे समाज में जातिवाद की जड़े बहुत कमजोर हुई हैं। समाज की युवा पीढ़ी ने जातिवाद की भावना को नकारा है। ऐसे में विश्वास किया जा सकता है, कि आने वाले समय में बहुत शीघ्र हमारा समाज जातिगत विभेदीकरण के भावना से मुक्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति में हमें यह समझना पड़ेगा कि बदलते समाज में जातिगत विभेदीकरण के आधार पर वैमनस्य पैदा करना हिन्दुत्व की मूल भावना को कमजोर करना है।**
**हिन्दुत्व के सिद्धान्तों को जातिगत द्वेष से विकृत करने वाली मानसिकता हिन्दू समाज के लिए अंत्यत घातक है। यदि हम वास्तव में हिन्दुत्व को उसके दिव्य स्वरूप में पुनः स्थापित करना चाहते हैं, तो हमें ज्ञान, विवेक और आत्म-जागरण से जातिगत पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर सोचना होगा। 'हिन्दुत्व' भारतीय जनमानस की जीवन पद्धति है। हिन्दू धर्म की आत्मा उज्जवल, उदार और अत्यंत व्यापक है। जब हिन्दू समाज एक होगा, उसमें सामाजिक समरसता होगी, तभी हिन्दुत्व सुरक्षित और उज्जवल होगा। सामाजिक विभेदीकरण हिन्दुत्व के लिए घातक है। याद रहे समता ही शक्ति है, एकता ही धर्म है और एकात्मता ही सच्चा हिन्दुत्व है।**

अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम्॥ (महोपनिषद-4/71) अर्थात् 'यह मेरा है और वह पराया है, यह संकीर्ण सोच का लक्षण है। उदार दृष्टिकोण वाले लोग संपूर्ण पृथ्वी को अपना परिवार मानते हैं।'

भारत की महान 'हिन्दू संस्कृति का यह विचार भौतिक सीमाओं और भेदभाव से परे जाकर मानवता के लिए समानता, प्रेम और बंधुत्व की प्रेरणा देता है। सामाजिक समरसता का यह संदेश धार्मिक, जातिगत, भाषाई और सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद समाज को एकजुट करता है।

हिन्दुत्व की मूल चेतना 'एकत्व' की है। हिन्दू धर्म एक ऐसा दर्शन है, जो संपूर्ण सृष्टि को एक ही चेतना का विस्तार मानता है। 'एक सद् विप्रा बहुदा वदन्ति' से लेकर ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' तक, हिन्दू चिंतन का केन्द्र बिन्दु सदैव समता, करूणा, एकता और सामंजस्य रहा है।

भारतीय संस्कृति के समस्त उपासकों को एक सूत्र में बांधने के लिए 'हिन्द' शब्द एकमात्र साधन है। हिन्दुत्व भारतीयता के मूल में है। भारतीय समाज में कितनी भी सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता हो, किन्तु इसका मूल स्वरूप हिन्दुत्व का ही है। भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण, जाति, समुदाय क्षेत्र या वर्ण का हो, वास्तव में वह हिन्दुत्व का ही अनुसरणकर्ता है।

आसिन्धुसिन्धुपर्यंता यस्य भारतभूमिका। पितृभूः पुण्यभूश्चैव स वै हिन्दुरिति स्मृतः।। अर्थात् सिंधु नदी से लेकर समुद्र पर्यंत तक की भारत भूमि जिसकी पैतृक संपत्ति और पवित्र भूमि हो, वही हिन्दू है।

हिन्दुत्व के मूल में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' और सामाजिक समरसता का भाव विद्यमान है। किन्तु जब इस व्यापक, समावेशी दर्शन और आध्यात्मिक एकात्मता पर सामाजिक विभेदीकरण, मानसिक संकीर्णता, जातिगत अहंकार और वर्ण व्यवस्था की कठोर और भ्रामक व्याख्याएं हावी हो जाती हैं, तो हिन्दुत्व का मूल चरित्र दूषित और मूल आत्मा अस्पष्ट होने लगती है।

प्राचीन भारत में सामाजिक गतिशीलता और समाज के सुचारू संचालन के लिए 'वर्णव्यवस्था' नियत की गई थी, यह व्यवस्था मूलतः गुण, स्वभाव और कर्म पर आधारित थी और इसका उद्देश्य समाज में कार्यों का योग्यता अनुसार विभाजन और सामाजिक संतुलन था। वर्णव्यवस्था जन्म आधारित श्रेणीकरण नहीं था, इसलिए कर्म के आधार पर इसमें उन्नति और अवनति हो सकती थी। गीता में श्री कृष्ण कहते है-

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः। तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्। (श्रीमद्भगवतगीता 4/17) अर्थात- प्रकृति के तीनों गुणों और उनसे संबंधित कर्म के अनुसार मेरे द्वारा मानव समाज के चार विभाग रचे गये हैं। अर्थात वर्ण निर्धारण का आधार जन्म नहीं बल्कि गुण और कर्म था। इसी प्रकार मनुस्मृति में भी कहा गया है-

शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम् 7 क्षत्रियज जातमेवं तु विद्याद् वैश्यात् तथैव च 77 (मनुस्मृति 10/65)अर्थात् 'श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ कर्मों के अनुसार शूद्र कुल में उत्पन्न बालक ब्राह्मण और ब्राह्मण कुल में उत्पन्न बालक शूद्र हो जाता है। इसी प्रकार क्षत्रिय कुल और वैश्य कुल में उत्पन्न बालक का भी वर्ण परिवर्तन भी समझना चाहिए।' कुल मिलाकर प्राचीन वर्ण व्यवस्था कर्म के आधार पर निर्धारित एक सामाजिक संतुलन की उत्तम व्यवस्था थी। आधुनिक विज्ञान भी स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि, किसी भी जाति में जन्मजात श्रेष्ठता का कोई वैज्ञानिक आधार नही है। सभी मनुष्य समान आनुवांशिक क्षमता के साथ जन्म लेते है। सामाजिक प्रस्थति, पर्यावरण और अवसर किसी व्यक्ति की क्षमता और दिशा को निर्धारित करते है। इसीलिए जातिगत श्रेष्ठता अथवा हीनता वैज्ञानिक रूप से असत्य और सामाजिक रूप से हानिकारक है।

कालांतर में जब वर्ण व्यवस्था ने दूषित होकर जाति व्यवस्था का रूप ले लिया तो हिन्दू समाज में सामाजिक विभेदीकरण और जातिगत वैमनष्य उत्पन्न हो गया, जिसने 'हिन्दुत्व एकात्मता' और हिन्दू समाज की समरसता को बहुत बुरी तरह से विकृत और विभेदीकृत किया। जिसका सीधा प्रभाव भारत की राष्ट्रीय भावना पर पड़ा, क्योंकि कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है, जब उसके समस्त नागरिकों में एकता और समरसता की भावना विद्यमान हो।

आजादी के बाद संवैधानिक रूप से हमारे देश में 'समानता' को स्थापित किया गया। सामाजिक समरसता के लिए कानून बनाए गए। किन्तु हमें इस बात की स्वीकार करना पड़ेगा कि हजारों वर्षों से चले आ रहे जातिगत विभेदीकरण और जाति आधारित सामाजिक परम्पराओं को कुछ वर्षों में समाप्त नहीं किया जा सकता।

हमारे देश में जातिगत आधार पर जन्म लेने वाले जातिगत संगठन सामाजिक श्रेष्ठता और निम्नता को आधार मानकर समाज में वैमनस्यता की भावना फैलाने का काम लगातार करते रहे है। इससे न केवल हिन्दुत्व की भावना दूषित हुई बल्कि हिन्दू धर्म में जातिगत विभेदीकरण भी पैदा हुआ है। क्योंकि जब कोई संगठन सामाजिक असमानता और उपेक्षा की वास्तविक समस्याओं से इतर जातिगत पहचान को श्रेष्ठता, विरोध या राजनीतिक ध्रुवीकरण का आधार बना लेता है, तब वह समाधान नहीं बल्कि एक नया संघर्ष उत्पन्न करता है। ऐसे संगठन यह संदेश देते हैं कि 'हम पहले जाति हैं, बाद में हिन्दू' और यही मानसिकता हिन्दुत्व की बुनियाद को कमजोर करती है। हाल ही मध्यप्रदेश में जातिगत संगठनों की जातिगत टिप्पणियों ने हिन्दू धर्म की मूल भावना और सामाजिक समरसता को दूषित किया है।

वास्तविकता यह है कि हिन्दुत्व का मूल स्वरूप समन्वयकारी और समाधानकारी है, संघर्षकारी नहीं है। यह किसी जाति, क्षेत्र या वर्ग का धर्म नहीं है, बल्कि एक विस्तृत जीवन पद्धति है। जब श्रेष्ठता का अहंकार और पीड़ित होने की अतिशयोक्ति के कारण हिन्दू समाज जाति के आधार पर विभाजित होकर आंतरिक संघर्षों में उलझ जाता है, तो स्वभाविक रूप से उसकी सांस्कृतिक शक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता प्रभावित होती है, और यह नकारात्मक प्रभाव हिन्दुत्व की आत्मा को कमजोर करता है।

भारत की आध्यात्मिक परम्परा सदैव कहती आई है कि 'आत्मा न जाति की होती है, न वर्ण की और न किसी श्रेणी की।' उपनिषद् कहते है- 'नेति-नेति', मैं यह शरीर नही, यह पहचान नहीं। इस तरह यदि आत्मा सर्वत्र समान है, तो जातिगत विभाजन केवल एक अहंकार है। यह अहंकार न व्यक्ति के लिए कल्याणकारी है, न समाज के लिए और न राष्ट्र के लिए।

यह सत्य है, कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में हजारों वर्षो से जाति के आधार पर विभेदीकरण और शोषण की प्रवृत्तियां रही हैं। परन्तु यह भी सत्य है कि बदलते आधुनिक परिवेश में पिछले दो-तीन दशकों में हमारे समाज में जातिवाद की जड़े बहुत कमजोर हुई हैं। समाज की युवा पीढ़ी ने जातिवाद की भावना को नकारा है। ऐसे में विश्वास किया जा सकता है, कि आने वाले समय में बहुत शीघ्र हमारा समाज जातिगत विभेदीकरण के भावना से मुक्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति में हमें यह समझना पड़ेगा कि बदलते समाज में जातिगत विभेदीकरण के आधार पर वैमनस्य पैदा करना हिन्दुत्व की मूल भावना को कमजोर करना है।

हिन्दुत्व के सिद्धान्तों को जातिगत द्वेष से विकृत करने वाली मानसिकता हिन्दू समाज के लिए अंत्यत घातक है। यदि हम वास्तव में हिन्दुत्व को उसके दिव्य स्वरूप में पुनः स्थापित करना चाहते हैं, तो हमें ज्ञान, विवेक और आत्म-जागरण से जातिगत पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर सोचना होगा। 'हिन्दुत्व' भारतीय जनमानस की जीवन पद्धति है। हिन्दू धर्म की आत्मा उज्जवल, उदार और अत्यंत व्यापक है। जब हिन्दू समाज एक होगा, उसमें सामाजिक समरसता होगी, तभी हिन्दुत्व सुरक्षित और उज्जवल होगा। सामाजिक विभेदीकरण हिन्दुत्व के लिए घातक है। याद रहे समता ही शक्ति है, एकता ही धर्म है और एकात्मता ही सच्चा हिन्दुत्व है।

**(लेखक, राज्य सेवा में प्रशासनिक अधिकारी हैं।)**

विचार

# भारत की आर्थिक रफ्तार में स्टार्टअप क्रांति ने लिख दी विकास की नई गाथा

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

भारत 2025 के इस मोड़ पर एक ऐसे आर्थिक दौर से गुजर रहा है, जिसकी गति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं मानी जा सकती है, वह उसके सामाजिक ढांचे और नवाचार संस्कृति में स्पष्ट दिखाई दे रही है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, भू-राजनीतिक तनाव और निवेश बाजारों की अस्थिरता के बीच भारत ने 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करके यह साबित किया है कि उसकी अर्थव्यवस्था अब किसी एक पहिए पर निर्भर संरचना नहीं है, कई आधारों पर चलने वाला मजबूत और संतुलित मॉडल बन चुकी है।

वस्तुतः विकास का यह नया चरण श्रम-सुधारों, उद्योगों में डिजिटलीकरण, उत्पादन बढ़ोतरी और सेवाक्षेत्र की स्थिर ऊर्जा से निर्मित हुआ है; किंतु इस समूचे परिदृश्य में जिस शक्ति ने भारत को अभूतपूर्व गति दी है, वह है देश का तेजी से उभरता स्टार्टअप इकोसिस्टम। उद्यमशीलता आज भारत में एक आर्थिक गतिविधि के साथ ही नई राष्ट्रीय चेतना का रूप ले चुकी है। यही कारण है कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2025 तक 1,97,692 स्टार्टअप्स को दी गई मान्यता आज भारत की नई आर्थिक संस्कृति की पहचान बन चुकी है।

कहना होगा कि ये सभी स्टार्टअप्स जीएसआर अधिसूचना 127(ई) के तहत तय मानदंडों के अनुसार पंजीकृत हुए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्टार्टअप की अवधारणा कागजी घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगी, वह वास्तविक नवाचार, उत्पाद-विकास और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का आधार होंगे। यही कारण है कि 2016 में शुरू हुई स्टार्टअप इंडिया पहल हमें वर्तमान में एक राष्ट्रीय आर्थिक आंदोलन का रूप ले चुकने के रूप में दिखाई देने लगी है। अब इसे लेकर देश में विपक्ष द्वारा जो नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा था, उसका भी जवाब संसद में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा आ ही गया है, जिसमें उन्होंने साफ बताया है कि 31 अक्टूबर 2025 तक केवल 6,385 स्टार्टअप्स बंद श्रेणी में दर्ज हैं, जोकि एक सक्रिय और प्रतिस्पर्धी बाजार अर्थव्यवस्था की स्वाभाविक वास्तविकता है।

यह भी एक तथ्य है, जिस पर सभी को गौर करना चाहिए कि दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, यूरोप और एशिया के अन्य दशों में भी स्टार्टअप सफलता-दर 10-15 प्रतिशत से अधिक नहीं होती। भारत में यह स्थिति इसलिए भी संतुलित मानी जाएगी क्योंकि यहाँ नए स्टार्टअप्स के पंजीकरण का वेग और नवाचार का स्पेक्ट्रम दोनों वैश्विक औसत से कहीं अधिक है।

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि इसके पीछे एक संगठित और दूरदर्शी नीतिगत ढांचा मौजूद है। सरकार ने तीन प्रमुख योजनाओं फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और क्रेडिट गारंटी स्कीम के माध्यम से स्टार्टअप विकास के अलग-अलग चरणों के लिए पूँजी, सुरक्षा और संरचनात्मक सहयोग उपलब्ध कराया है। फंड ऑफ फंड्स 10,000 करोड़ रुपये की कोषीय संरचना के साथ सिडबी के माध्यम से वैकल्पिक निवेश कोषों में निवेश करता है। वस्तुतः इस प्रणाली में सरकार सीधे स्टार्टअप में निवेश नहीं करती, बल्कि बाजार-आधारित पेशेवर निवेश ढांचे को मजबूत बनाती है। निवेश की गुणवत्ता में सुधार और पेशेवर मूल्यांकन की संस्कृति ने भारत को वैश्विक निवेशकर्ताओं के लिए



आकर्षक गंतव्य बनाया है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ने उन स्टार्टअप्स के लिए जीवनरेखा का कार्य किया है जो अपने शुरुआती चरणों में धनाभाव का सामना करते हैं। अप्रैल 2021 में 945 करोड़ रुपये की संरचना के साथ शुरू हुई यह योजना देश भर के इनक्यूबेटरों के माध्यम से हजारों नए उद्यमों तक पहुँची है। भारत में आज जिस तेज गति से डीप-टेक, बायोटेक, क्लीन-टेक, एग्री-टेक और स्वास्थ्य-तकनीक आधारित स्टार्टअप उभर रहे हैं, उसका मूल बल इसी प्रारंभिक पूँजी-प्राप्ति के अवसरों में निहित है।

क्रेडिट गारंटी स्कीम उन स्टार्टअप्स को बिना संपार्श्विक सुरक्षा के ऋण दिलाने का माध्यम बनी है, जिनके लिए पारंपरिक बैंकिंग संरचना तक पहुँचना सबसे कठिन होता है। अप्रैल 2023 से चालू इस योजना ने बैंकिंग प्रणाली को जोखिम-संतुलित ऋण देने के लिए प्रेरित किया है और हजारों स्टार्टअप्स को वित्तीय पहुँच प्रदान की है। यह परिवर्तन भारतीय बैंकिंग इतिहास में महत्वपूर्ण माना जाएगा क्योंकि यह छोटे उद्यमों के लिए क्रेडिट के नए रास्ते खोल रहा है।

जब इन नीतिगत हस्तक्षेपों को भारत की 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के साथ देखा जाता है तो यह साफ हो जाता है कि आर्थिक उछाल केवल उपभोग या निर्यात वृद्धि का परिणाम नहीं, यह तो केंद्र की मोदी सरकार की एक समन्वित नीतिगत मॉडल की उपलब्धि है। श्रम-सुधारों ने उत्पादन में दक्षता बढ़ाई, सेवाक्षेत्र की मजबूती ने आर्थिक स्थिरता दी और स्टार्टअप्स ने वह नवाचार शक्ति दी जिसने भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया।

यही कारण भी है जो आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार, तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और नए उद्यमों की संख्या के मामले में अग्रणी देशों में शामिल है। यह एक देश के रूप में भारत के लिए आर्थिक उपलब्धि तो है ही साथ में सामाजिक परिवर्तन का संकेत भी है, जिसमें कि युवा भारत अब रोजगार पाने से अधिक रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता दे रहा है।

सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन यह है कि स्टार्टअप ऊर्जा अब कुछ महानगरों तक सीमित नहीं रही है, यह टियर-2 और टियर-3 शहर, विश्वविद्यालय परिसर, ग्रामीण नवाचार केंद्र और राज्य सरकारों की सक्रिय उद्योग-नीतियाँ से हुए हुए सर्वत्र व्याप्त हो चुकी है, कहना होगा कि ये सभी मिलकर आर्थिक समेकन की नई कहानी लिख रहे हैं। डिजिटल ढाँचे, यूपीआई, ओएनडीसी और सरकारी प्लैटफॉर्मों के विस्तार ने छोटे शहरों तक उद्यमशील अवसर पहुँचा दिए हैं।

आज भारत विश्व अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहा है और अपनी क्षमता का एहसास कराते हुए वैश्विक नेतृत्व की ओर दृढ़ता से कदम बढ़ा रहा है। वास्तव में यह दृष्य अत्यधिक सुखद है, जिसमें विकास के अनेक अध्याय एक साथ लिखे जा रहे हैं। केंद्र में युवा ऊर्जा और नवाचार क्षमता है जो भारत को भविष्य की आर्थिक शक्ति में बदलने के लिए आज पूरी तरह से संकल्पित दिखती है।

साहित्य



## हृदय

**श्याम सिंह बिष्ट**

हृदय मेरा बिन तेरे
एक खाली मकान सा
भटकता फिरता, खुद में ही
खुद ही तन्हा,
खुद ही वीरान सा।
मन मेरा यह बावरा
जग की मुझे फिक्र कहां
खुद को ही,
खुद में, अब ना जानु
भुला में अपनी पहचान सा
हें जो ये मेरे घर की
छतें, दर्रे, दीवारे,
कहती हें मुझसे
खुद से ही क्यों
तू इतना अनजान सा हृदय मेरा बिन
तेरे
एक खाली मकान सा।





## राशिफल

**मेषः-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**वृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** परम्पराओं व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नहीं। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्कः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर विजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनुः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारों से दूर रखते हुए अच्छे कार्य में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप में नई प्रतिभाओं का संचार करेंगी।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफ लताओं के प्रति आशान्वित करेगा।

# वामपंथी दीमक की अंतिम चीख व भारतीय जनजाति समाज का वास्तविक सत्य

कैलाश चन्द्र

दंतेवाड़ा में हाल ही में भाकपा (माओवादी) प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़े 37 नक्सलियों का आत्मसमर्पण हुआ, जिनमें कई उच्च इनामी भी शामिल थे। निश्चित ही यह उस वैचारिक ढांचे के विघटन का संकेत है जिसने दशकों तक जनजाति समाज को भय और हिंसा में जकड़े रखा। पिछले कुछ महीनों में यह प्रवाह और अधिक तेज हुआ है और एक अवसर पर 210 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की शपथ ली। नारायणपुर में भी बड़ी संख्या में नक्सलियों ने समर्पण किया। यह सम्पूर्ण स्थिति बताती है कि माओवादी हिंसक आंदोलन अब अपनी पकड़ खो रहा है और उसकी ठोस संरचना और मनोबल दोनों चरमरा चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त रणनीति ने इसमें निर्णायक भूमिका निभाई है।

सुरक्षा अभियानों के साथ ही पुनर्वास, सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका कार्यक्रमों पर जोर दिया गया, जिससे उन क्षेत्रों में विकास की रोशनी पहुँची जो कभी हिंसा से अंधेरे में डूबे थे। जनजाति युवाओं को शिक्षा और अवसर मिले तो उन्होंने बंदूक छोड़कर नए जीवन की राह चुनी। इस बदलते यथार्थ के बीच एक दूसरी कथा भी गढ़ी जा रही है और वह है वामपंथी नैरेटिव की। यह वही पुरानी शैली है जिसमें शासन को क्रूर बताया जाता है और हिंसा को जन प्रतिरोध कहा जाता है।

सोशल मीडिया और शहरी वामपंथी समूहों द्वारा हिडमा मडावी जैसे कुख्यात माओवादी को जनजाति योद्धा के रूप में महिमामंडित करने का प्रयास इसी आखिरी छटपटाहट का हिस्सा है। वामपंथी नैरेटिव का सूत्र हमेशा दो बिंदुओं पर चलता है। पहला शासन को दमनकारी घोषित करना और दूसरा माओवादी हिंसा को स्वाभाविक प्रतिरोध की संज्ञा देना। किसी आतंकवादी की मृत्यु होते ही उसे जंगल का प्रहरी और शोषितों का नायक बना दिया जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि माओवादी हिंसा का सबसे बड़ा शिकार स्वयं जनजाति समाज ही है।

वामपंथियों की दूसरी तकनीक है आधा सच बोलकर उसे पूरा नैरेटिव बना देना। सोनी सोरी जैसे मामलों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर पूरी कथा को भावनात्मक दिशा दे दी जाती है जबकि तथ्य, जांच, संदिग्ध कड़ियां और परिस्थितियां कभी सामने नहीं लाई जातीं। सिर्फ भावनात्मक आवरण दिखाया जाता है। इसी रणनीति का उपयोग हिडमा के मामले में भी किया जा रहा है। अब हिडमा मडावी को कुछ समूहों द्वारा जनता का योद्धा बताने की कोशिश की जा रही है, जबकि हकीकत यह है कि वह माओवादी नक्सल संगठन का सबसे हिंसक और क्रूर चेहरा था। उसके नेतृत्व में अनेक जवान मारे गए, जनजाति युवकों को जबरन भर्ती किया गया, महिलाओं का यौन शोषण हुआ, स्कूल और सड़कें उड़ाई गईं और बस्तर के विकास को दशकों पीछे धकेला गया। क्या ऐसे व्यक्ति को जन प्रहरी कहा जा सकता है? वास्तव में यह जनजातियों के नाम पर की जाने वाली सबसे बड़ी धोखाधड़ी है।

इसी के साथ एक और मिथक फैलाया जाता है कि गरीबी नक्सलवाद को जन्म देती है। यदि गरीबी ही कारण होती तो भारत के हर गरीब क्षेत्र में नक्सलवाद होता। भूटान, नेपाल की पर्वतीय जनजातियाँ और भारत के कई अत्यंत गरीब जिले इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इससे स्पष्ट है कि नक्सलवाद का असली कारण गरीबी नहीं है, वह तो वैचारिक प्रदूषण, विदेशी समर्थन और शहरों में सक्रिय अर्बन नक्सल नेटवर्क है जो भावनात्मक मुद्दों का उपयोग कर जनजातियों को भ्रमित करता है और उन्हें विकास से दूर रखता है।

जनजाति समाज के अधिकारों, वन संपदा, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा और सुरक्षा का वास्तविक संरक्षक भारतीय राज्य ही रहा है। वनाधिकार कानून, पेसा, पंचायत प्रणाली और वन समितियां इन्हीं नीतियों का परिणाम हैं, जिसमें कि माओवादी इन सबको नष्ट करने का प्रयास करते रहे। वे स्कूल और सड़कें उड़ा देते हैं ताकि शिक्षा और प्रशासन वहाँ तक न पहुँच सके। गांवों को भय के वातावरण में रखते हैं और ग्राम सभाओं को बंदूक की नोक पर नियंत्रित करते हैं। इसके बावजूद वामपंथी इन्हें जन प्रतिरोध बताते हैं। यह सत्य से कोसों दूर की कहानी है।

वामपंथियों के दोहरे मापदंड भी किसी से छिपे नहीं। वे उद्योगपतियों पर आरोप लगाते हैं पर स्वयं करोड़ों की संपत्ति में रहते हैं। एनजीओ फंडिंग लेते हैं, विदेश दौरों पर रहते हैं, पर सेवा परियोजनाओं से उनका कोई संबंध नहीं होता। जिन राज्यों में उन्हें लम्बे समय तक शासन चलाने का अवसर मिला वहां गरीबी, हिंसा और अविकास की स्थिति और अधिक गंभीर रही। जबकि सच यही है कि समाधान का मार्ग हिंसा से नहीं, सहभागिता से निकलता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन में स्पष्ट कहा गया है कि समाज की प्रगति समरसता और सहयोग से होती है न कि संघर्ष और हिंसा से। जनजातियों का कल्याण विकास, शिक्षा और स्वावलंबन से ही संभव है न कि माओवादी बंदूक से।

आज जब छत्तीसगढ़ के बस्तर, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र में माओवादी प्रभाव तेजी से घट रहा है तो वामपंथी नैरेटिव अपनी अंतिम कोशिश कर रहा है। वे आतंकियों को नायक बनाकर और शासन को क्रूर बताकर पुरानी भावनात्मक पटकथाओं को पुनर्जीवित करना चाहते हैं पर अब यह कोशिश कारगर नहीं रही। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में पर्यावरण, मानवाधिकार या क्लाइमेट जस्टिस जैसे सुनने में सार्वभौमिक मुद्दों के नाम पर आंदोलन खड़े किए जाते हैं। किंतु यहां अनेक बार देखा गया है कि इन प्रदर्शनों में अर्बन नक्सल और वैचारिक समूह अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। वे सामान्य और सकारात्मक मुद्दों के भीतर अपना राजनीतिक बीज रोपते हैं। नारे धीरे-धीरे बदलते हैं और पर्यावरण से आगे बढ़कर राज्य विरोध और व्यवस्था विरोध की दिशा में चले जाते हैं। पर्यावरण इन आयोजनों के लिए केवल बहाना बन जाता है, जबकि लक्ष्य वैचारिक विस्तार और राजनीतिक अस्थिरता की जमीन तैयार करना होता है। यही वह दीमक है जो वर्षों से भारतीय समाज की दरारों में घुसने की कोशिश करती रही है और अब जब नक्सलवाद कमजोर हो चुका है तो यह वैचारिक दीमक अपनी अंतिम चीख पुकार कर रही है।

ऐसे में कहा यही जा सकता है कि माओवादी हिंसा का अंत जरूरी है, यह किसी सरकार या उनसे लोहा ले रहे सुरक्षा बलों की जीत से कहीं अधिक जनजाति समाज की ही जीत है और लोकतंत्र तथा मानवता की भी विजय है। सड़कें बन रही हैं, शिक्षा पहुँच रही है, स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ रही हैं और संवाद मजबूत हो रहा है, यही नक्सलवाद और हिंसक माओवादी आन्दोलन के अंत की सफलता है। यह हम सभी के लिए आनन्द का विषय है कि आज जनजाति समाज अब अराजकता नहीं बल्कि सम्मान, स्थिरता और भविष्य की राह चुन रहा है। यही सच्चा विमर्श है और यही आज के बस्तर तथा भारत का वास्तविक सत्य है। जिसके साथ हर भारतीय को आज पूरे मनोयोग के साथ खड़े होने की आवश्यकता है।

**(लेखक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र प्रचार प्रमुख हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा दोनों पक्षों में सुलह समझौता करा कर घर भेजा गया



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द में वाद सं.-02/2024 रामकली पुत्री अमरचन्द्र निवासी उदनपुर और रामनारायण पुत्र मैकू निवासी सरसई के मध्य दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता राजेन्द्र वीर चौहान द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्षों को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### श्रीकृष्ण-सुदामा के जैसी मित्रता विश्व में दूसरी नहीं: दुर्गा प्रसाद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** श्रीगायत्री महायज्ञ 68वीं वर्षगांठ में श्रीमद्भागवत कथा के आखिरी दिन कथा व्यास ने कथा सुनाते हुए कहा कि कृष्ण-सुदामा की अनोखी मित्रता का दूसरा उदाहरण विश्व में नहीं है। कथा सुनने के लिए भारी उमड़ी हुई थी श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का मार्मिक वृतांत सुनाते हुए कहा कि उनकी मित्रता की दूसरी मिसाल विश्व में आज तक नहीं है और विगत भविष्य में संभव नहीं है। इसके पूर्व उन्होंने कहा कि शबरी लक्ष्मी जी का अवतार थी उन्होंने श्री कृष्ण के साथ युदवंश की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह हुए थे प्रत्येक पत्नी से एक पुत्र तथा एक पुत्री थी। जिनको पढ़ाने के लिए 1 लाख 88 हजार शिक्षक तैनात किए गए थे उन्होंने यदुकुल के श्राप की भी कथा सुनाई अंत में उन्होंने कहा की भागवत धर्म करने से मनुष्य मृत्यु के भय से मुक्त हो जाता है कथा सुनने के लिए पंडाल में भारी भीड़ हुई थी। गुरुवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ इस दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो जाएगा।

### गुरुकुलम विद्यालय की छात्रा एक दिन के लिए बनीं प्रधानाचार्य



**कुरारा हमीरपुर।** बालिकाओं में आत्मविश्वास व नेतृत्व की क्षमता को बढ़ाने के लिए बुधवार को कस्बे के आरएन गुरुकुलम विद्यालय में उसी विद्यालय की एक छात्रा को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। कस्बे में संचालित आरएन गुरुकुलम विद्यालय में कक्षा 7 की छात्रा गुरकीरत कौर को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य बनाया गया जिसमें सुबह विद्यालय खुलते ही समस्त विद्यालय परिवार के समक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन यादव ने छात्रा को अपनी कुर्सी पर बिठाकर विद्यालय के सभी कामकाज समझाए। तदुपरांत प्रार्थना सभा के बाद छात्रा व एक दिन की प्रधानाचार्य गुरकीरत कौर ने विद्यालय के सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। एक दिन की प्रधानाचार्य बनी छात्रा ने कहा कि एक दिन की प्रधानाचार्य बनने से [illegible] बढ़ना चाहेंगी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों के मन में सकारात्मक विकास होता है। उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। एक दिन का प्रधानाचार्य बन कर छात्रा को विद्यालय के द्वारा एक प्रशस्तिपत्र भी दिया गया

### सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहने के बाद कई किसानों को नहीं मिली यूरिया



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** यूरिया खाद के लिए दूसरे दिन तड़के से किसानों ने समितियों में डेरा जमाया इसके बाद उन्हें निराशा हाथ लगी और सैकड़ो किसान बगैर खाद के वापस जाने को मजबूर हुए। डीएपी के बाद अब यूरिया खाद का संकट खड़ा है मंगलवार को कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में वितरण के लिए यूरिया खाद आई थी। जिसका वितरण मंगलवार को शुरू हुआ था। शाम होने पर दूसरे दिन वितरण की बात कहकर किसानों को वापस कर दिया गया था। बुधवार को तड़के से किसानों ने दोनों जगहों पर डेरा जमाया इसके बाद शाम तक उन्हें युरिया नसीब नहीं हुई और दोनों समितियों में सैकड़ो किसान वापस लौटने को मजबूर हुए। किसान सुरेश कुमार, संजय यादव, दुर्गेश कुमार, विनय यादव, मीरा देवी, राम जानकी, सुमित्रा, कौशल्या देवी आदि ने बताया सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहे लेकिन खाद नहीं नसीब हुई। क्रय विक्रय सहकारी समिति के सचिव शुभम त्रिपाठी, पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने कहा कि वितरण में विकलांगों को प्राथमिकता दी गई है और सभी विकलांग किसानो को खाद दी गई है वहीं यूरिया का कोई संकट नहीं है जल्द ही फिर से खाद समिति में आएगी।

### एसपी ने किया थाना कोतवाली नगर महोबा की चौकी भटीपुरा का औचक निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा के अंतर्गत स्थित चौकी भटीपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेते हुए परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने चौकी परिसर में खड़े माल मुकदमाती वाहनों का भी निरीक्षण किया तथा उनसे सम्बन्धित मुकदमों का स्पष्ट अंकन कर वाहनों को क्रमवार एवं व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चौकी परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा वाहनों के उचित संरक्षण एवं रखरखाव को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक रूप से पालन करने के निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पाण्डेय,आरआई शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर महोबा मनीष कुमार पाण्डेय,पीआरओ राहुल मिश्र सहित चौकी में तैनात अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### थाना परिसर में हालत बिगड़ने के बाद हुई महिला की मौत के मामले में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**श्रीनगर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजयबहादुर सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल फूलचन्द्र व महिला कांस्टेबल पिंकी यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना श्रीनगर पर पंजीकृत मुकदमा धारा 79/105 बीएनएस से सम्बन्धित तीन वांछित अभियुक्तगण सीताराम उर्फ बेटू कुशवाहा पुत्र भुमानीदीन कुशवाहा उम्र 42 वर्ष, अतुल कुशवाहा पुत्र सीताराम उर्फ बेटू कुशवाहा उम्र 21 वर्ष, कलावती पत्नी सीताराम उर्फ बेटू उम्र 40 वर्ष निवासीगण ग्राम ननौरा को श्रीनगर कस्बा के किशोरगंज बिलरही तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### छात्र-छात्राओं ने शिक्षक पर लगाए अभद्रता करने के आरोप



**महोबा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों ने शिक्षक पर फीस जमा न करने और अभद्रता करने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रधानाचार्य ने पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए कहा कि अगर आरोपित शिक्षक जांच में दोषी पाया गया तो कठोर कार्रवाई होगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्र दुर्गेश, आकांक्षा, प्रतिभा गोस्वामी, अंजलि राजपूत आदि ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को संबोधित शिकायती पत्र में बताया कि शिक्षक के द्वारा फीस जमा करने में आनाकानी की जा रही है। शिक्षक अभद्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग करता है। कई छात्रों की फीस जमा न होने से छात्रों के दो साल बर्बाद हो चुके हैं। छात्रों का आरोप है कि पूर्व में भी शिक्षक छात्रों को परेशान कर चुका है। जिसकी शिकायत की जा चुकी है। प्रधानाचार्य अभिषेक मिश्रा का कहना है कि छात्रों की शिकायत को गंभीरता से लेकर जांच कराई जा रही है। जांच में शिक्षक की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी। पूर्व में भी शिक्षक के खिलाफ शिकायतें हो चुकी हैं। अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई है।

---

**जन विरोधी कार्य करने पर अवर अभियंता विद्युत के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित**

# बीईओ के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक में पशुपालन विभाग में आ रही दवाओं का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही विद्यालयों में अव्यवस्था को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी के समुचित जवाब नहीं दे पाने पर उनके खिलाफ आंदोलन करने के लिए बोर्ड ने प्रस्ताव पारित किया। विद्युत विभाग के अवर अभियंता के खिलाफ भी जांच कराने का प्रस्ताव पारित किया गया इसके साथ ही बाल विकास के आंगनबाड़ियों द्वारा पोषाहार वितरण न किए जाने, जल निगम की संचालित योजनाओं में कमी होने होने सहित अन्य विभागों की गहन समीक्षा कर बोर्ड ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया है।

बुधवार को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव के अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। उसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन आरोग्य कल्याण समिति की बैठक न बुलाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं पशुपालन विभाग में पशुओं को दी जाने वाली ब्रांडेड कंपनियों की दवाएं न दिए जाने पर मौके पर मंगाकर उन्हें सील करके जांच के लिए



प्रयोगशाला भेजे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बाल विकास योजना में मुंडेरा की आंगनवाड़ी के तीन साल से गायब रहने,भभौरा में शराब पीकर आने वाली आंगनवाड़ी, छानी बुजुर्ग में पांच साल से आंगनबाड़ी के गैर हाजिर रहने के मुद्दे उठाए गए। जिस पर बोर्ड ने कार्यवाही के लिए प्रस्ताव पारित किया ।विद्युत विभाग के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी की कार्यशैली एवं उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता करने,अनुचित लाभ के लिए समय से कार्य न करने का मुद्दा उठाया गया। जिस पर बोर्ड ने इनके खिलाफ जांच कराने का प्रस्ताव पारित किया । जल निगम की समीक्षा में ज्यादातर गांवों में आधे में आपूर्ति होने का मुद्दा बीडीसी और प्रधानों ने उठाया। लेकिन अवर अभियंता समुचित उत्तर नहीं दे सके। सिंचाई विभाग की कमियों पर भी अधिकारियों को फटकार लगाई गई। वृक्षारोपण में अवैध कटान का मुद्दा उठाया गया। मनरेगा योजना में बिना कार्य योजना में शामिल कार्यों को कराए जाने पर एपीओ से जवाब तलब किया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में एमडीएम में कम बच्चों पर ज्यादा संख्या दिखाने का मुद्दा उठाया गया। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्नों का सही उत्तर न देने पर कार्यवाही के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। विभाग के एक कर्मी पर शिक्षकों के आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर की कार्यशैली से नाराज बोर्ड ने उनके खिलाफ कार्यवाही न होने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। इस मौके पर डीसी राष्ट्रीय आजीविका मिशन रिजवान हुसैन, खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार,एसडीओ विद्युत एमपी सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख ने विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान उदयभान यादव, भारत यादव, गौरव सिंह, शमसुद्दीन, अरुण वर्मा, कप्तान सिंह यादव, कौशल किशोर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने किया।

## आनलाइन हाजिरी को लेकर तीसरे दिन भी सचिवों का आंदोलन जारी

**मौदहा, हमीरपुर।** ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश सहित अन्य समस्याओं को लेकर विकास खण्ड कार्यालय में पंचायत सचिवों द्वारा शुरू हुआ सांकेतिक आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा है। जहां कार्यालय में हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया है। आंदोलनकारी पंचायत सचिवों का कहना है कि तीन नवंबर को जारी शासनादेश में पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है।इनका मानना है कि यह आदेश सचिव के वर्तमान परिस्थितियों में विपरीत है। इससे शासकीय कार्य बाधित होंगे क्योंकि उनका कार्यक्षेत्र व्यापक होता है। एक सचिव के पास में अक्सर 3 से 7 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होता है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना संभव नहीं है। अतः इस आदेश को तत्काल



प्रभाव से वापस लिया जाए। बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान पर 4 नवंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा 10 नवंबर को सभी सचिव अपने निजी वाहन का प्रयोग बंद कर देंगे और 15 नवंबर से डोंगल को ब्लॉक में जमा कर शासकीय कारों का शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन में नितेश चंदेल, अरविन्द कुमार सोनी, भूपेंद्र, शिवमूरत सिंह, नीरज,बीरेंद्र कुमार, राजू सिंह, प्रियंका पटेल, स्वाति शर्मा, गिरीश चन्द्र, हरी बाबू, भगवान प्रसाद, सहित अन्य सचिव मौजूद रहे हैं।

## कांस्टेबल को रस्सी से बांध कर की मारपीट

**उमराहट गांव में पुलिस कार्मियों की रिवाल्वर छीनी**

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में मंगलवार को रात में मारपीट की सूचना पर गए पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने व रिवॉल्वर छीन लेने की तहरीर थाने में उपनिरीक्षक द्वारा दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के हरौलीपुर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शाम सात बजे उमराहट गांव निवासी शत्रुघ्न निषाद पुत्र फूल सिंह उर्फ जोकर ने सूचना दी कि गांव निवासी योगेश उर्फ दुर्गेश तथा सुरेश पुत्रगण स्व लाखन निषाद ने मेरे साथ बिजली का किराया मांगने को लेकर मेरी मां बिटोला देवी व पत्नी गीता के साथ



मारपीट की है।तब मैं हमराह कांस्टेबल आशीष मौर्या के साथ शांति व्यवस्था मद्देनजर गांव गया तथा जैसे ही योगेश उर्फ दुर्गेश व रामकेश के घर के पास पहुंचा तो सुरेश भीड़ एकत्रित करने के लिए चिल्लाने लगा इसके झांसे में आकर हम पुलिस वालो के ऊपर वहां मौजूद सभी लोग हमलावर व आक्रामकहो गए। तथा पुलिस के काम में बाधा डालते हुए गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी व नुकीले व धारदार हथियार डंडा लेकर बलवा करते हुए पुलिस पार्टी के साथ मारपीट करने लगे। तथा कांस्टेबल आशीष मौर्या को बंधक बनाकर रस्सी से बांध दिया तथा सिर व शरीर पर जान से मारने व लूट की नीयत से कई वार किए जिससे आशीष मौर्या लहू लुहान हो गया।तथा लोग चिल्लाते रहे कि जिंदा नहीं छोड़ना है। चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। तथा कानून एवं शांति व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई।तथा ग्रामीणों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए तथा मेरी पिस्टल मैगजीन दस कारतूससहित छीन ली। तथा आशीष मौर्य का मोबाइल भी छीन लिया जिससे कही फोन न कर सके। घटना में गांव निवासी दुर्गा पुत्र गोपाल निषाद, धर्मपाल पुत्र लल्लू निषाद, उजेल बाबू पुत्र लल्लू निषाद, सुरेश पुत्र स्वर्गीय लाखन निषाद,दुर्गेश पुत्र स्व लाखन, लक्ष्मी पुत्र पंचम,महेंद्र पुत्र बंशी लाल, राकेश पुत्र ऊदल, रामगोपाल पुत्र ऊदल,धर्म सिंह पुत्र लल्लू, भूरा पुत्र शिवराम, हीरा पुत्र राजेंद्र, रामसेवक पुत्र कुंवर लाल, राजकिशोर पुत्र रामबाबू, मलखान पुत्र छुट्टकन, प्रहलाद पुत्र रामबाबू, रामकरण पुत्र बब्बू, रामबाबू पुत्र छोटेलाल, रामप्रकाश पुत्र सुखलाल, सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है तथा घायल सिपाही का रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में इलाज चल रहा है। गांव में पुलिस बल तैनात है। तथा एक ट्रक पीएसी भी गांव में तैनात की गई है। तथा अधिकारी गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार दौरा कर रहे है। अपर पुलिस अधीक्षक ने गांव जाकर घटना की जानकारी ली।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय कुछेछा में किया गया



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में किया गया कार्यक्रम में बालक एवं बालिकाओं द्वारा खो - खो, कबड्डी, बैडमिंटन और दौड़ जैसे विभिन्न खेलो में शानदार प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद द्वारा विजित युवाओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कुछेछा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उजैर अजीज एवं राजकीय हाई स्कूल के प्राचार्य शिव नारायण यादव द्वारा सरस्वती मां और विवेकानंद जी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों का परिचय कर किया गया। बालिका 100 मीटर दौड़ में अंशिका प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा साक्षी तृतीय स्थान पर रही। खो खो में सुष्मिता 9 स्टार हमीरपुर विजेता तथा विवेकानंद टीम धगवा सरीला उपविजेता रही। कबड्डी में कुरारा ब्लॉक की टीम ने प्रथम व मुस्करा टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया बालिका बैडमिंटन वर्ग में दुर्गा एवं आंशिक ने स्थान प्राप्त किया तथा बालक वर्ग में सुमित, प्रमोद ने स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग दौड़ में प्रभात प्रथम, हर्षित द्वितीय तथा शनि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में प्रीति, युवराज, निर्भय, विनोद, प्रकाश, प्रमोद रहे तथा मेरा युवा भारत से मानसिंह, चंद्रकेतु धीरेन्द्र बुंदेलखंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दीप चंद्र जी उपस्थित रहे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**महोबा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा राम नगीना यादव के आदेशानुसार विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुख्यालय स्थित मल्टी स्टोरी विद्यालय, काशीराम कालोनी पुलिस लाइन रोड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वय अधिकारी शशांक सचान,पराविधिक स्वयं सेवक विश्वनाथ त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, अध्यापकगण व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विपिन रूसिया ने किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं व उपस्थित अभिभावकगणों को उनके अधिकार एवं मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, बाल विवाह से सम्बनिधित अधिकारों के बारे में बताया व विश्व दिव्यांग दिवस के बारे मे जानकारी दी गयी। पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के बारे में बताया गया कि विश्व दिव्यांग दिवस, की शुरूआत यूनाइटेड नेशन्स ने जनरल असेम्बली रेजोल्यूशन के माध्यम से 1992 में की गयी थी। जिसके फलस्वरूप 3 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवकों व गैर सरकारी संगठनों ने अपने -अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने दिव्यांगजन व सामान्य जन को उनके अधिकारों से अवगत कराया। भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 मे समानता के अधिकार के बारे में बताया गया।

### मैट्रिक्स गणित ओलंपियाड में अभिमन्यु ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया नगर का मान

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मैट्रिक्स गणित ओलंपियाड में कुलपहाड़ निवासी कक्षा सात के छात्र अभिमन्यु को जिले में प्रथम स्थान मिलने पर परिजनों एवं विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी।बताया जाता है कि यह गणित ओलंपियाड की परीक्षा पूरे देश में दो चरणों में संचालित होती है प्रथम चरण में अभिमन्यु ने अपनी परीक्षा मथुरा में दी जहां पर उन्होंने द्वितीय चरण के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया द्वितीय चरण की परीक्षा सीकर राजस्थान में हुई जिसमें संपूर्ण भारत से चयनित 98000 परीक्षार्थियों मैं अभिमन्यु सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह



यादव ने 45 बां स्थान प्राप्त कर कुलपहाड़ का नाम रोशन किया। वर्तमान में अभिमन्यु पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय महोबा में कक्षा 7 में अध्यनरत हैं। अभिमन्यु के पिता छत्रपाल सिंह वर्तमान में अकादमिक रिसोर्स पर्सन गणित के रूप में जैतपुर ब्लॉक में कार्यरत है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में उतराता मिला तीन दिन से लापता बीएलओ का काम देख रहे शिक्षामित्र का शव



**समृद्धि न्यूज श्रीनगर/महोबा।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पवा में सड़क किनारे स्थित खेत में बने कुएँ में बीएलओ का काम देख रहे शिक्षामित्र का संदिग्ध परिस्थितियों मैं शव उतराता मिलने से हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि एसआईआर के काम में लगे शिक्षामित्र शंकर लाल राजपूत विगत शनिवार को एसआईआर फार्म ऑनलाइन कराने की बात कह कर घर से निकले थे इसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा की गई काफ़ी खोजबीन के बाद आज बुधवार को उनका शव गांव की मुख्य सड़क के किनारे स्थित मुन्ना के खेत में बने कुएं में पड़ा मिला है। परिजनों ने एसआईआर के चलते डिप्रेशन में आकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर मृतक के शव को बाहर निकाल परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार श्रीनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पवा निवासी 48 वर्षीय शंकर लाल राजपूत

**परिजनों ने जताई डिप्रेशन के चलते आत्महत्या करने की आशंका**

ग्राम स्थित कन्या प्राइमरी विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात थे और वर्तमान समय में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के लिए बीएलओ का काम देख रहे थे। विगत शनिवार को ऑनलाइन एसआईआर फॉर्म फीड कराने की बात कह कर घर से निकल गए थे इसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला आज उसका शव गांव की मुख्य सड़क के किनारे स्थित मुन्ना के खेत में बने कुएं से उतराता मिलने से हड़कम्प मच गया। बीएलओ का काम देख रहे शिक्षामित्र की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर मृतक के शव को बाहर निकाल परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिहार के बाद उत्तर प्रदेश सहित देश के 12 राज्यों में चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ की मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज फिर एक बीएलओ का शव संदिग्ध परिस्थितियों के चलते खेत में बने कुएं में उतराता मिलना अपने आप मैं गंभीर सवाल खड़े करता है। मृतक के भतीजे जीतेन्द्र राजपूत और भाई बृजेंद्र राजपूत का कहना है कि विगत शनिवार को एसआईआर के फॉर्म फीड कराने की बात कह कर निकले शंकर लाल अचानक गायब हो गए। हम लोगों द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका आज गांव स्थित मुन्ना के खेत में बने कुएं में उनका शव पड़ा मिला है। बताया कि मृतक शंकर लाल वर्तमान में गांव स्थित कन्या प्राइमरी विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात थे और मौजूदा समय में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ का काम देख रहे थे हो सकता है कि इसी टेंशन में आकर उन्होंने कुएं में कूद कर आत्महत्या की हो। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुट गई है।

## पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकठ विनोद कुमार द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त भूपेन्द्र राजपूत पुत्र रामपाल राजपूत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम दादरी जिसके कब्जे से एक देशी

**महोबकंठ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**



तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये ग्राम महोबकंठ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर मुकदमा धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक कन्हैयालाल यादव के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त पवन राजपूत पुत्र रामपाल राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम दादरी जिसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये ग्राम महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर मुकदमा धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**महोबकंठ/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकठ विनोद कुमार द्वारा गठित महिला उपनिरीक्षक दीक्षा मय हमराह कांस्टेबल साहब सिंह व कांस्टेबल रोहित लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना महोबकंठ पर पंजीकृत मुकदमा धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अखिलेश राजपूत पुत्र देशराज राजपूत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम करहराकला थाना कोतवाली नगर महोबा को कनकुआ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# वैवाहिक समारोह से वाहन चोरी करने वाले गिरफ्तार



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शादी विवाह एव भीड़भाड़ इलाको से वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर सफदरगंज पुलिस ने एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर से एक शादी समारोह से चोरी हुई मारुति ब्रेजा कार को बरामद किया।

बताते चले कि गत 23 नवम्बर को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर एक शादी समारोह मे आये जनपद लखनऊ के थाना बीबीडी के ग्राम घोषाबाद मजरे तिवारीगंज निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र रामगुलम की ब्रेजा कार नम्बर यूपी 32 जे एफ 6337 चोरी हो गयी थी जिसका मुकदमा थाना सफदरगंज मे दर्ज है पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय पर वाहन चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण का निर्देश दिया बुधवार को थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया को जरिये मुखबिर द्वारा मिली जानकारी पर पुलिस टीम ने मुश्कीनगर रेलवे क्रासिंग के निकट से जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नेवलपुर निवासी राज सिंह पुत्र प्रदीप सिंह व जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हसरा निवासी जितेन्द्र पुत्र सियाराम को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की ब्रेजा कार बरामद किया गया जो गाडी का नम्बर बदलकर चला रहे थे तथा बेचने की फिराक मे थे पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगो का एक गिरोह है जिसमे

टप्पाखजुरिया नगर कोतवाली जनपद सीतापुर निवासी अंशू सिंह व वलीम पुत्र मोहम्मद निवासी मोहल्ला चौक थाना जहांगीराबाद के साथ भीड़-भाड़ वाले स्थानों, मैरिज लॉन आदि के बाहर खड़े वाहनों को चिन्हित करने के पश्चात चोरी करते हैं तथा पुलिस से बचने के लिए चोरी किये गये वाहन की नम्बर प्लेट बदल कर बेच देते है।

थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि गिरोह के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की ब्रेजा कार बरामद की है।

अभियुक्त ब्रेजा कार नम्बर यूपी 32 जे एफ 6337 की जगह यूपी 70 डी एस 3288 की नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे थे गिरोह के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गयी है।

# टीकाकरण कैम्प का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी।**



क्षेत्र के मेलारायगंज दनापुर खजुरिहा में टीकाकरण महोत्सव कैंप का आयोजन किया गया।इन कैंपों का निरीक्षण अधिकारियों ने किया।

खजुरिया गांव में लगाए गए टीकाकरण कैंप का उप जिला अधिकारी सिरौली गौसपुर प्रीति सिंह ने निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने टीकाकरण से संबंधित जानकारी ली और उन्होंने शतप्रतिशत टीकाकरण करवाए जाने का निर्देश दिया।

मेलारायगंज कैम्प का सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने किया उन्होंने एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं से टीकाकरण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने सभी को शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीपीओ ने विशेष रूप से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण पर जोर दिया।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लाभार्थियों को कैंप तक लाने, उनका टीकाकरण करवाने, वजन व लंबाई मापने और पोषण ट्रैकर पर डेटा दर्ज करने के निर्देश दिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने दानापुर कैम्प का निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने निर्देश दिए।

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए दिसंबर माह के प्रथम बुधवार को क्षेत्र के मेलारायगंज, खजुरिहा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में ऐसे टीकाकरण कैंप आयोजित किए गए।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने दस लाख की कीमत के 41 मोबाइल किये बरामद, मालिकों को सौंपे

**खोए मोबाइल पाकर खिले लोगों के चेहरे, पुलिस को दिया धन्यवाद**



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मोबाइल रिकवरी' अभियान के तहत पुलिस ने 10 लाख रुपये की कीमत के 41 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असल मालिकों को सौंप दिए हैं। मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। बुधवार दोपहर कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी राजीव सिंह ने मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे हैं। उन्होंने ने बताया कि चोरी/ गुम हुए मोबाइलों की ट्रैकिंग साइबर सेल की सहायता से की गई थी। मोबाइल वापस पाकर रामेश्वरी, महेश कुमार, सूरज कुमार, आकाश कुमार, अजय कुमार, राहुल कुमार, प्रहलाद मौर्य, निसार अहमद, अख्तर अहमद खान, अंजू, अजीत कुमार, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, अजीत कुमार, शशांक वर्मा, रंजीत कुमार, फूलमती, दीपाली, राजू, राम बहादुर, रामहर्ष, मंजेश कुमारी, रामशंकर पांडे, सत्यम कुमार, मोनू, ओमप्रकाश, वीरेंद्र कुमार, मनीष कुमार यादव, दीपेश कुमार, राम सजीवन, मुकेश, लाल सिंह, श्यामा देवी, प्रभाकर श्रीवास्तव, आशा देवी, मनीष सिंह, ओम प्रकाश समेत अन्य लोगों ने पुलिस टीम का आभार जताया। कई लोग वर्षों बाद अपना मोबाइल पाकर भावुक दिखाई दिए। पुलिस ने सभी से अपील की है कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत 112 या नजदीकी थाने में सूचना दें तथा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। जिससे यूपीआई का दुरुपयोग कर आर्थिक हानि से भी बचा जा सकता है।

### स्वावलंबन कैंप व बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन के अनुपालन में महिला कल्याण विभाग द्वारा विकास खण्ड राही में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्वावलंबन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें जनमानस को लाभान्वित करने हेतु तथा बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं को कार्यक्रम के दौरान संचालित योजनाओं तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित पेंशन महिला योजना प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय, शक्ति सदन व साखी निवास योजना का प्रचार प्रसार किया गया साथी महिलाओं में बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानून तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम सन् 2005 कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध और प्रतिदोष अधिनियम सन 2013 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 संशोधित 1986 तथा गर्भधारण पूर्व और प्रेशर पूर्व निदान तकनीकी लिंक चेक प्रतिशत अधिनियम 1994 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया, इस मौके पर लगभग 200 से भी ज्यादा स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, मनरेगा लोकपाल सारिका शुक्ला, ब्लॉक के कर्मचारी, समूह की महिलाएं आदि उपस्थित रही।

### कल्पवृक्ष के समान है श्रीमद् भागवत कथा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जामों के जोरावरपुर गांव में पंडित दूधनाथ तिवारी के यहां भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक आचार्य श्री योगेश जी महाराज द्वारा सृष्टि वर्णन, सती चरित्र व ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। साथ ही प्रवाचक ने इस सृष्टि की रचना को विस्तार पूर्वक समझाया। कथा वाचक आचार्य श्री ने बताया कि जिस प्रकार कल्पवृक्ष के नीचे बैठकर जो भी मांगा जाता है वह पूर्ण होता है, उसी प्रकार श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण और मनन करने से मनुष्य को जन्म जन्मांतर के पाप से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा की भागवत कथा हमें प्रेम ,भक्त और वैराग्य का मार्ग दिखाती है। जिससे हमारा जीवन सफल होता है। कथा के अंत में आरती के साथ-साथ प्रसाद बांटा गया। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान कोकिला देवी एवं यशवंत तिवारी के अतिरिक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अवधेश तिवारी, रमाकांत तिवारी,शिवाकांत तिवारी,ज्योति प्रकाश ओझा , शशिकांत तिवारी, संग्राम सिंह, शत्रुघ्न मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, मनोदत्त तिवारी एडवोकेट, पवन सोनी, विनोद शुक्ला, राघवेंद्र महाराज कल्याणपुर आश्रम जगन्नाथ तिवारी, रामललन द्विवेदी, उमाशंकर ओझा, सुभाष तिवारी, दूधनाथ सिंह, राजेश दूबे व भारत न्यूज़ चैनल से ओम नारायण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### शहीद सम्मान यात्रा के उपलक्ष्य में श्रीचन्द्र तिवारी ने की प्रेसवार्ता

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कल्याण समिति के समन्वयक श्रीचन्द्र तिवारी ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में बताया कि आगामी दस दिसंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो कादुनाला स्थित शहीद स्थल से शहीदों के पवित्र पद रज कलश के साथ चल कर जिलाधिकारी को पद रज कलश सौंप कर संरक्षित किया जायेगा। तत्पश्चात यात्रा ब्लॉक गौरीगंज पहुंच कर जनसभा के रूप में परिवर्तित होकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलापट का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होगी। उसके बाद अपराह्न चार बजे सभा का समापन कर यात्रा आगे प्रारंभ हो जाएगी। इस मौके पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक द्विवेदी तथा पत्रकार विश्वमणि तिवारी, समर बहादुरपुर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, विश्वंभर तिवारी, पवन तिवारी, नीरज सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार यशपाल सिंह मौजूद रहे।

# अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई गई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

तहसील हैदरगढ़ के अधिवक्ताओं द्वारा भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर तहसील बार भवन में अधिवक्ता दिवस बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र, महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ जगदीश प्रसाद शर्मा, एडवोकेट संतोष शुक्ला जय नारायण मिश्र , रज्जन लाल मिश्रा हर किशोर मिश्रा, गिरजा शंकर मिश्रा, कमलेश बक्श सिंह,पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव, हरिश्चंद्र सिंह, संजय सिंह, जीत बहादुर सिंह,राजेश तिवारी, कमल कुमार मिश्रा, धारानाथ मिश्रा, बनवारी लाल, मुंशीलाल, राम किशोर त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, आशु शुक्ला, विभोर गुप्ता, सोमिल शुक्ला, आशीष मिश्रा, राधेलाल, के के सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के विकास के लिए उनकी सहभागिता जरूरी : अंगद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित**



पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दिव्यांगजन की रैली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक और विद्यालय की प्रधानाचार्य नंदिता सिंह द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि देश के विकास में दिव्यांग लोगों के योगदान और सभी क्षेत्रों में दिव्यांगजनो की सहभागिता होनी चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दिव्यांग बच्चों को समान अवसर देने की बात कही गई। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी न्यायिक रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को देश के विकास में महत्वपूर्ण बताया। आज के कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें 50 मीटर की दौड़ बालिका वर्ग में शबनम प्रथम, अंजलि द्वितीय और माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आदर्श प्रथम , सुफियान द्वितीय और पंकज लोधी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में रामबाबू प्रथम ताहिर, द्वितीय रंजीत कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ बालिका वर्ग में ममता निषाद प्रथम, निशु मिश्रा द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में पारुल प्रथम इकरा बानो द्वितीयऔर रंजीत कुमार तृतीय रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्राची प्रथम, द्वितीय कृष्ण यादव और अंजलि यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।स्पून रेस में आदर्श प्रथम ,पंकज लोधी द्वितीय और सूरज कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। छूकर पहचानो प्रतियोगिता में शील प्रिया चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पासिंग द बॉल में साहिबा प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और निशु मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।रस्साकशी में हर्षित सिंह, रंजीत कुमार, आदर्श कुमार, रामबाबू, शिवम द्विवेदी, पंकज लोधी की टीम ने प्रथम और हरकिशन, तौहीद, कृष्ण यादव, ओम, अभिषेक, सुफियान और मोहम्मद जैद की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नंदिता सिंह द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम मे ममता सहाय, मीता सक्सेना, प्रतिभा श्रीवास्तव, दीप शिखा त्रिपाठी, मनोरमा चौरसिया, नंदा श्रीवास्तव, प्राची शुक्ला, सीमा, सुनीता श्रीवास्तव, ज्योति द्विवेदी और विद्यालय की विभिन्न शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग अधिकार जागरूकता एवं भोज का हुआ आयोजन

**श्री पांडे पेश कर रहे हैं जन सेवा का अद्भुत उदाहरण : टीएन मिश्रा**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



भारत विकास दिव्यांग संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग अधिकार जागरूकता एवं भोज का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम उक्त दिव्यांग संगठन के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ अमित कुमार पांडे की आयोजकता में कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब बछरावां के अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ मिश्रा ने शिरकत की। कार्यक्रम में कार्यक्रम आयोजक के द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी दिव्यांगजनों का माल्यार्पण कर एवं उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया। और मिष्ठान व फल सहित उन्हें भोज भी कराया गया। साथ ही साथ सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं उनके अधिकारों से उन्हें रूबरू कराया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिभुवन नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजक अमित कुमार पांडे को साधुवाद देते हुए यह बताया कि कार्यक्रम के आयोजक श्री पांडे के द्वारा जिस प्रकार निस्वार्थ भाव से यह जनसेवा की जा रही है, वह निश्चित ही जनसेवा का अद्भुत उदाहरण है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि श्री पांडे के द्वारा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करना आम जनमानस के प्रति उनकी सेवा के भाव को दर्शाता है। इसी कड़ी में कार्यक्रम के आयोजक अमित कुमार पांडे के द्वारा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं से पधारे दिव्यांग जनों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया और जल्द ही उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनका निदान करने का आश्वासन भी दिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी खालिद, शीतल, रामकुमार, विनीत, दयाराम, अनिल, लल्लन, गोपी, अवधेश सहित सैकड़ो की संख्या मे दिव्यांगजन माताएं, बहने एवं पुरुष व आम जनमानस मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम आयोजक के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधुओ को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बाल मेले का हुआ आयोजन



**चन्दापुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह रायबरेली मे बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के बच्चों ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विभिन्न गतिविधियों में शामिल रहे जैसे स्वादिष्ट पकवान विभिन्न उत्पादों के स्टॉल गेम्स तथा हस्तशिल्प की वस्तुएं आदि प्रमुख रही मेले को सभी शिक्षकों कर्मचारियों तथा अभिभावकों व क्षेत्रवासियों के द्वारा काफी सराहा गया । विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि यह मेला बच्चों में आपसी सौहार्द बनाने तथा अपने जीवन में आने वाली आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए आर्थिक गतिविधियों शिक्षा के साथ-साथ जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है ।इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य मारुत सिंह ने कहा कि मेले का सफल आयोजन हमारे निष्ठावान शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वीर बहादुर सिंह अरुण प्रताप सिंह सांवले सिंह आनंद सिंह राजेंद्र प्रसाद महेंद्र यादव सीमा सिंह संगीता सिंह प्रशांत पांडे सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# साइबर ठगों पर रायबरेली पुलिस ने कसा शिकंजा

**14 पीड़ितों को मिले 4.28 लाख**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराधियों पर तगड़ा शिकंजा कसते हुए पीड़ितों की मेहनत की कमाई को सुरक्षित बचाया है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में टीम ने त्वरित कार्यवाही कर ठगों की चाल को नाकाम कर दिया।

साइबर थाना ने शानदार कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को 4.28 लाख की रकम वापस दिलाई है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने पीड़ितों को धनराशि लौटाते हुए मौजूद लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास के लोगों को साइबर जागरूक करें। पुलिस द्वारा चंदर (रायबरेली) 157689, अनुज कुमार (रायबरेली) 35000, संतकुमार (रायबरेली) 31500, संतोष मिश्रा (रायबरेली)- 29501

दिलीप कुमार (रायबरेली) 21800 व इसके अलावा कई अन्य लोगों को मिलाकर कुल 04.28 लाख की राशि रिकवर कराई गई। धनराशि की वापसी में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह तोमर के नेतृत्व में साइबर टीम का अहम योगदान रहा। टीम में शामिल उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, आरक्षी कुलवीर, नटवर, विक्रम, महिला आरक्षी रश्मि सिंह, नेहा और अन्य स्टाफ की तकनीकी दक्षता और सतर्कता से यह कार्य सफल हो सका।

एसपी डॉ0 यशवीर सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा, इस तरह की ठगी से बचने के लिए अजनबियों से अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या नजदीक के थाने पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं। याद रखें, जल्दी की गई सूचना ही आपके पैसे को बचा सकती है।

# अधिवक्ता दिवस पर सम्मानित किए गए पांच वरिष्ठ अधिवक्ता



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना द्वारा बुधवार को भारत रत्न एवं प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिन को अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला और महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने पांच वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिवक्ताओं में सुनील कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार शुक्ल, बृजेश कुमार जोशी, राम पदारथ वर्मा व रमेश मिश्रा शामिल रहे। इस अवसर पर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र, कृष्ण कुमार सिंह, संजय मिश्रा, संदीप सिंह, रमेश मौर्या आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने 750 ग्राम गांजा के साथ एक को दबोचा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु एवं संदिग्ध वाहन के दौरान एक अभियुक्त राहुल पुत्र करमराज उर्फ करमचन्द्र निवासी कटरा राजा हिम्मत सिंह थाना अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में भी जनपद के विभिन्न थानों पर लूट व गुण्डा अधिनियम सहित दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी, उ.नि. प्रेमचन्द्र गौतम, का. अनुज सिंह व का. शिवम पाल शामिल रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में बुधवार को कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसआईआर तथा नामित बीएलओ से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत और गंभीर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की।

सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सशक्तता बूथ स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना और हर अनियमितता की सूचना समय से देना बूथ प्रबंधन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। बैठक के बाद अध्यक्ष जी मलिक मोहम्मद जायसी इंटर कॉलेज जायस पहुंचे, जहाँ उन्होंने नगर पालिका परिषद से संबंधित वार्डवार मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान लगभग 25 वार्डों में करीब 10,000 फर्जी वोटरों की संभावित कटौती चिन्हित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी पदाधिकारियों, बीएलओ एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहभागिता एवं ईमानदारी के साथ योगदान दें ताकि क्षेत्र में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर परमानंद मिश्रा, एसआईआर के जिला समन्यक खुर्शीद, प्रवक्ता अनिल, तुलसीराम, धर्मराज, शिव दर्शन, रामदत्त, सुरेश, रामबरन, मो. रऊफ, राजवाड़ी, ममता, किरन, अशोक, अनुराग, शुभम, सुमित, दया राम, राम प्रसाद ब्लॉक अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी मौजूद रहे।

## विशालकाय अजगर निकलने से मचा हड़कंप



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र शाहगढ़ के गांव दुलापुर में राजेश सिंह के घर के बगल मंगलवार को विशालकाय अजगर निकलने से अफरा तफ़री मच गई। सूचना पर अजगर को पकड़ने के लिए पुलिस विभाग व वन विभाग की संयुक्त टीम ने आकर अजगर को पकड़ने का भरसक प्रयास किया था लेकिन अजगर पकड़ में नहीं आया था, संयुक्त टीम ने लगातार दूसरे दिन भी रेस्क्यू जारी रखा तब जाकर टीम ने अजगर को पकड़ने में सफलता हासिल की। पकड़ने के बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने सुरक्षित ले जाकर किसी जंगल में छोड़ने को कहा है।

# बूथ लेवल अधिकारी को डीएम ने किया सम्मानित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को 150-सेवता विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ लेवल अधिकारी कुलदीप सिंह (शिक्षा मित्र) को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत इनके द्वारा शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है।

इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जर्नादन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** एसपी अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के नेतृत्व में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त फैसल पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम रहीमाबाद थाना खैराबाद सीतापुर को 1 अदद नाजायज तमंचा मय 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में संबंधित धारा आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# अधिवक्ताओं ने उत्साह से मनाया अधिवक्ता दिवस

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




तहसील बिसवां के बार रूम में अधिवक्ता दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बिसवां लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेंद कुमार बाजपेई ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शिखा शुक्ला, अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई तथा द्वारा संयुक्त रूप से देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन ललित शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता का कार्य केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण का सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज में न्याय की स्थापना और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एल्डर कमेटी के चेयरमैन लालजी वर्मा सचिन सत्य प्रकाश सिंह निर्भय मोर आरपी सिंह आनंद मेहरोत्रा के सी वर्मा सर्वेश श्रीवास्तव राजेश सिंह गौरव सिंह संकटा शुक्ला नईम अंसारी प्रमोद मिश्रा रजनीश मिश्रा अश्वनी त्रिपाठी मन्नालाल बाजपेई ओम जी मिश्रा कौशल वर्मा राकेश यादव सुरेश मौर्य सहित भारी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# संस्कार केंद्र के उद्घाटन के दौरान पुस्तक व कॉपी का हुआ वितरण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



सेवा भारती के द्वारा शहर के घूरामऊ बंगला में जिला अध्यक्ष विश्ववीर गुप्ता के प्रयास से सीमा जैन एवं सरिता जैन द्वारा सामूहिक रूप से संस्कार केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घघाटन कार्यक्रम के उपरांत 30 बच्चों को पुस्तक कॉपी पेंसिल रबर आदि वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पालक एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी, जिला मीडिया प्रमुख आकाश राय, जिला सचिव रवि अग्रवाल उर्फ बबलू एवं संस्कार केंद्र की प्रभारी शीलू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सहायक उपकरण मिलते ही दिव्यांगों के खिले चेहरे

▸ नई उमंग और स्वतंत्रता की भावना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला दिव्यांग कल्याण विभाग व एलिम्को द्वारा पहले से चयनित 183 में से 154 दिव्यांगों के चेहरे सहायक उपकरण मिलते ही खिल गए।

कार्यक्रम में दिव्यांगों को कान की मशीन, छोटी और बड़ी बैसाखी, दृष्टि बाधितों की छड़ी, साइकिल, व्हीलचेयर और छोटे बच्चों की ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर दिव्यांगों ने अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि सहायक उपकरण मिलने से उन्हें नई उमंग और स्वतंत्रता की भावना मिली है। विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने ट्राई साइकिल वितरण के बाद हरी झंडी दिखाकर दिव्यांगों को रवाना किया और कहा आज दिव्यांग दिवस पर यह कार्यक्रम दिव्यांगों को सशक्त बनाने व उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग शब्द बदलकर दिव्यांग कर दिया। शरीर का एक अंग नहीं होने से कोई विकलांग नहीं हो जाता बल्कि आप और अधिक दिव्यता के साथ काम कर सकते हैं। आपके जीवन की सहूलियत के लिए सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। दिए गए उपकरण के माध्यम से आप अपने जीवन को और अधिक सामान्य बना सकेंगे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। एलिम्को के कनिष्ठ प्रबंधक विजय मौर्य के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ। दीपांकर आर्य, एडीओ समाज कल्याण शिशुपाल सिंह, एडीओ आईएसबी अनिल शाक्य, एलिम्को से श्रवण विशेषज्ञ विनीत पांडेय, पुनर्वास विशेषज्ञ स्वाति सुचित्रा, सहायक विपणन अधिकारी नवीन मिश्रा, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल टेक्नीशियन जयचंद्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश

▸ गौसेवा आयोग के सदस्य ने की समीक्षा बैठक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार में गौ संरक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई, जिसमें गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं रखने और गौवंशों को सर्दी से बचाव के बेहतर इंतजार करने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने तहसील सभागार में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, बीडीओ छिबरामऊ दीपांकर आर्य, बीडीओ सौरिख, बीडीओ तालग्राम, छिबरामऊ ईओ सुनील कुमार सिंह व गुरसहायगंज ईओ की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की। इस दौरान तालग्राम के मझपुरवा गौशाला में सीडीओ ने कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने जालौन के भाजपा जिलामंत्री और गौपालक अमित निरंजन के साथ अधिकारियों से गौशालाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही पालिका के सभी ईओ और बीडीओ से गौशालाओं के संबंध में जानकारी ली और बेहतर रखरखाव के सुझाव भी मांगे। गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इससे पहले नगर पंचायत सिकंदरपुर की ग्राम सिंहपुर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान राजकीय पशु चिकित्सालय छिबरामऊ के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार मौजूद रहे।

### टरनंनगंज मूंगफली मंडी में हॉकी से हमला, दो नामजद

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय नगर के मुख्य बाजार टरनंनगंज की मूंगफली मंडी में लाठी, डंडे तथा हॉकी से मारपीट करने पर पीड़ित व्यक्ति के द्वारा दो नामजद व्यक्तियों के खिलाफकोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। उक्त प्रकरण के संम्बंध में वादी दीपू गुप्ता पुत्र लखन निवासी मोहल्ला टरनंनगंज कालपी ने कोतवाली में शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि 2 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे आरोपियों प्रमोद गुप्ता तथा अंशुल गुप्ता के द्वारा माल का फर्जी बिल को लेकर विवाद करने लगे। इसी बात को लेकर आरोपी भड़क गए तथा आरोपियों ने लात, घूंसे व लाठी डंडे तथा हाकी से हमला कर दिया। इस मारपीट के दौरान प्रार्थी के शरीर में चोटे आई हैं। वादी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चोटों का इलाज कराया गया। कोतवाली पुलिस के द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर के जांच शुरू कर दी गई है।

### कैरियर काउंसलिंग व स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय हाईस्कूल भोजपुर निगोह में कैरियर काउंसलिंग तथा माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पत्रकार सुश्री प्रज्ञा द्विवेदी उपस्थित रहीं, जबकि फिटनेस कोच पूजा पाण्डेय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ीं। सुश्री प्रज्ञा द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के अंतर्गत पत्रकारिता के क्षेत्र में अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने मीडिया लिटरेसी, फेक न्यूज की पहचान, प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। वहीं पूजा पाण्डेय ने छात्राओं को माहवारी के दौरान होने वाली शारीरिक-मानसिक समस्याओं, पोषण, स्वच्छता और दर्द निवारण के घरेलू उपायों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों में होती है अपार क्षमताः वीर सिंह भदौरिया

▸ विश्व दिव्यांगता दिवस पर डी.एन. कॉलेज तिर्वा में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

▸ बच्चों ने प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोहा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बाले बच्चों को सम्मानित करते अतिथि

विश्व दिव्यांगता दिवस पर डी.एन. कॉलेज तिर्वा परिसर में आयोजित भव्य एकेडमिक, स्पोर्ट्स एवं कल्चरल मीट- 2025 में दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग), कुर्सी दौड़, छूकर पहचानो, गायन, नृत्य, सुलेख, रंगोली, कला एवं बॉल थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ कराई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उप जिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार एवं प्राचार्य योगेन्द्र सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से किया। हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता शुरू कराई गई। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों में अपार क्षमता होती है और उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे नई ऊँचाइयाँ छू सकते हैं। वहीं एसडीएम तिर्वा राजेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पदक व पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि सक्षम प्रतिभाओं को आगे चलकर पैरा ओलम्पिक जैसे प्रतिष्ठित मंचों तक पहुँचाया जाएगा। जिला बेसिक अधिकारी संदीप कुमार ने कार्यक्रम को दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को सम्मान देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यक्रम में पैरा ओलम्पिक सचिव पुनीत पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार, अमित मिश्रा, संजीव कटियार सहित आदि रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**जालौन,उरई।** जालौन-उरई मार्ग पर सातमील के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्हू निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह 24 नवंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे घर जा रहा था। उरई जालौन मार्ग पर रूरा सातमील के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार कराकर लौटे पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक व चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### शांतिपूर्वक आयोजित करें कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक में 5 दिसंबर शुक्रवार को बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा व 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के कार्यक्रम शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

सीओ सुरेश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक विष्णु कांत तिवारी के नेतृत्व में सभी चौकी प्रभारियों के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न कराने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या उत्तेजना से बचने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, सुरेश चंद्र वर्मा, मो. कामरान, खालिद, आदेश कुमार सैनी, अजीत सिंह, संदीप कुमार, विवेक कुमार गुप्ता, अटल बिहारी दुबे, नरेश वर्मा सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत वरिष्ठ लिपिक हाजी शरीफुल हसन का निधन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका के सेवानिवृत वरिष्ठ लिपिक वर्तमान में सौरिख निवासी हाजी शरीफुल हसन के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कानपुर के एक अस्पताल में उनका स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त करने पहुँचे । मंगलवार की दोपहर 2 बजे उनके पार्थिव शरीर को निजी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। नगर पालिका छिबरामऊ से सेवानिवृत होने के बाद हाजी शरीफुल हसन सौरिख नगर के उन चुनिंदा वरिष्ठों में से थे जो समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानते थे। वह वर्षों तक लोककल्याण कार्यों, तथा जरूरतमंदों की सहायता में सक्रिय रहे। उनके व्यक्तित्व में सरलता, सौम्यता और मिलनसार स्वभाव झलकता था, जिसके कारण वे सभी वर्गों में लोकप्रिय थे। नगर के प्रमुख नागरिकों ने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि हाजी शरीफुल हसन ने हमेशा लोगों को जोड़ने का काम किया। उनने द्वारा किए गए योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान भाई आफताब आलम, बेटा उवैस आलम मेराज आलम समेत दामाद मुजीब हुसैन बहनोई नवाजिश अली सहित फिरोज गांधी, तौसीफ, युसूफ, दिलदार हुसैन, गुड्डू नंबरदार, कैसर अली, ताहिर अली, तारिक खान, नवाजिश अली, समसुल कमर मुन्ना, इमरान खान सोनू, गौरव त्रिपाठी, शरद मिश्रा, विनोद शुक्ल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चार पहिया वाहन से बाइक सवार घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** एन एच 34 हाईवे स्थित लता कोल्डस्टोरेज के पर फोर व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार चचेरे भाई घायल हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर डालूपुर निवासी 40 वर्षीय विवेक पुत्र सुरेंद्र सिंह एवं उनके चचेरे भाई अमर सिंह ;35 वर्ष पुत्र बृजपाल सिंह बुधवार को बाइक से एआरटीओ कार्यालय कन्नौज गए थे। वापसी में लता कोल्ड स्टोरेज के ठीक सामने किसी तेज रफ्तार फोरव्हीलर वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर बताई है।

### जनपद में 1,19,730 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन शेष

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में निर्वाचन संबंधी तैयारियाँ तेज़ी से जारी हैं। कुल 12,89,220 मतदाताओं में से अब तक 1,19,730 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन बाकी है। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि निर्वाचन कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शेष प्रपत्रों का डिजिटल संप्रेषण अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने मतदाताओं से अपील की है कि जिन लोगों ने अब तक अपने गणना प्रपत्र नहीं भरे हैं, वे शीघ्रता से अपने-अपने बी.एल.ओ. को प्रपत्र उपलब्ध कराएँ। उन्होंने कहा कि समय पर उपलब्ध कराए गए प्रपत्रों से लंबित डिजिटाइजेशन कार्य को जल्द पूरा किया जा सकेगा और अगले चरण के निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता का नाम दो स्थानों पर दर्ज है, तो वह केवल एक ही स्थान पर गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बी.एल.ओ. को प्रदान करे। इससे मतदाता सूची की शुद्धता बढ़ेगी और निर्वाचन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। डीएम ने जनपदवासियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि समय पर प्रपत्र उपलब्ध कराने से आगामी निर्वाचन कार्य न केवल सटीक होंगे बल्कि दीर्घकालिक रूप से भी उपयोगी सिद्ध होंगे।

## अवैध तमंचे व चोरी की आशंका वाली बाइक संग एक गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



▸ चेकिंग के दौरान पुलिस को हुआ शक, तमंचा- कारतूस सहित दबोचा

अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और संदिग्ध मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। सौरिख थाना प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक उमेश चन्द्र, सुबोध सहाय, कांस्टेबल डालचन्द्र सहित पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल को रोका गया, जिसकी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। मोबाइल एप पर जांच करने पर बाइक का नंबर मेल नहीं खाया और चेसिस नंबर भी मिटा हुआ मिला। पूछताछ में चालक ने अपना नाम तनू (19) पुत्र स्व. ब्रज किशोर निवासी ग्राम नगला भारा, थाना सौरिख पुलिस ने शक के आधार पर की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

## अंतरर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर उपकरण वितरित

▸ दिव्यांगजन हमारे समाज के सम्मानित सदस्यः जिलाधिकारी

▸ दिव्यांगता कमजोरी नहीं, दृढ़ इच्छाशक्ति की है पहचानः एसपी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



दिव्यांग बच्चों को उपकरण देते डीएम व एसपी।

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर जनसमूह के बीच दिव्यांग जनों को 100 मानसिक किट, 5 कान की मशीन, 5 व्हीलचेयर सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए। जिलाधिकारी कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के सम्मानित सदस्य हैं। उनमें असीम संभावनाएं हैं जिन्हें पहचानने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। जनपद में नियमित रूप से शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शासन का प्रयास है कि कोई भी दिव्यांगजन बंचित न रहे। समाज में सभी को उनका हक और सम्मान मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगामी शिविरों का आयोजन और अधिक व्यापक स्तर पर किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, दृढ़ इच्छाशक्ति की पहचान है, दिव्यांगता किसी व्यक्ति की योग्यता को कम नहीं करती।

अनेक दिव्यांगजन अपने अदम्य साहस से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मिसाल कायम कर रहे हैं। समाज का दायित्व है कि वह उनके साथ संवेदनशीलता और सहयोग का व्यवहार करे। पुलिस विभाग सदैव आपकी सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है।

### गेंदालाल चौबे की स्मृति में दंगल का आयोजन छह को

**कुठौंद,जालौन।** भदेख ग्राम में स्व. गेंदालाल चौबे की स्मृति में विशाल दंगल का आयोजन 6 दिसंबर शनिवार दोपहर 12 बजे से दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सिद्धराम दास महाराज ठड़ेश्वरी मंदिर उरई करेंगे। दंगल आयोजक रामशरण चौबे, अटल चौबे, रमेश चौबे, बृजेश चौबे, राजेश चौबे, मनोज पहलवान, रानू चौबे व्यवस्थापक आलोक मिश्रा उर्फसोनू कुठौंद, अनुराग तिवारी कानपुर, परीक्षित दुबे पिलखुना इटावा के अलावा भदेख सहित क्षेत्रीय जनों के सहयोग से विशाल दंगल का आयोजन होगा। मुख्य कार्यकर्ता जगत अग्निहोत्री, विभिन्न उपाध्याय, त्रिभुवन चौबे, अटल चौबे, रमेश चौबे, बृजेश कुमार चौबे राजेश चौबे, मुरारी चौबे, मनोज पहलवान, छोटे चौबे हिंडोली, सिद्धार्थ चौबे जिसमें विशिष्ट अतिथि कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रतिनिधि आशु चतुर्वेदी मौके पर मौजूद रहकर दंगल की शोभा को बढ़ाएंगे।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या भाई ने लगाया हत्या करने का आरोप

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र की चौकी मदनपुर के ग्राम बड़ा कछपुरा निवासी प्रशांत शाक्य की 22 वर्षीय पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने लगाया हत्या का आरोप। घटना स्थल पर चौकी प्रभारी जसवीर सिंह, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला, डीएसपी अजय वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शव को मोर्चरी में भिजवाया गया था।

सुरेश चंद्र शाक्य के पुत्र प्रशांत शाक्य की शादी 15 अप्रैल 2025 को हिंदू रीति रिवाज से थाना गुरसहायगंज के ग्राम रजलामऊ निवासी अनिल कुमार की 22 वर्षीय पुत्री शालिनी से हुई थी। बीती रात्रि आंगन के लेंटर के जाल में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना का समय लगभग शाम 5 और 6 बजे के मध्य का है प्रशांत शाक्य दावत खाने के लिए बैरामनगर गया था। सास रेशमा देवी घर से बाहर थी। जब सास घर पर लौटी तो दरवाजा अन्दर से बंद था। जब प्रशांत दावत खाकर लौटकर आया और आवाज लगाई, तो गेट न खुलने पर दरवाजे से झांककर देखा तो शालिनी ने फांसी लगा ली थी। जिससे चीख निकल गई। प्रशांत का छोटा भाई संकेत 20 वर्ष घर से बाहर गांव में था। मृतका के भाई रवि कुमार व स्वजनों ने हत्या का आरोपल गाया । कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि अभी प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, डीएम-एसपी ने व्यक्त की संवेदना

▸ शोक में डूबे परिजनों से मिल बंधाया ढांढस

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जनपद में मंगलवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना का संज्ञान लिया।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस पहुँचकर मृतक किशोरों के परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त कर परिजनों से मिल बंधाया ढांढस। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है और जिला प्रशासन शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता है। मंगलवार रात थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम गधेला में यह हादसा उस समय हुआ जब 11 कुंडीय यज्ञ-भागवत कथा के भंडारे से लौट रहे तीन किशोर तेज रफ्तार बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे हो गए और तीनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा हादसे के कारणों की जांच जारी है।

## ओटीएस योजना में मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट

▸ जोल्हूपुर, सिकन्ना, पिपरौंधा में शिविर लगा वसूला राजस्व

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



ओटीएस योजना की उपभोक्ताओं को जानकारी देते विभागीय अधिकारी।

शासन के द्वारा प्रारंभ की गई बिजली राहत योजना 2025 को आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान के निर्देश में जोल्हुपुर, सिकन्ना तथा पिपरौंधा में शिविर लगाकर जानकारियां देकर राजस्व वसूली की गई। बुधवार को ग्राम जोल्हूपुर में अवर अभियंता सत्य प्रकाश के नेतृत्व में आयोजित ओटीएस शिविर में उपभोक्ताओं को जानकारियां देकर योजना के फायदे बतलाए तथा डेढ़ लाख रुपये राजस्व वसूला गया। इस दौरान लालू लाइनमैन समेत लाइनमैन तथा कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपरौंधा में न्यामतपुर सबस्टेशन के अवर अभियंता नवीन सचान के नेतृत्व में राहत शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि शासन द्वारा शुरू की गई ओटीएस योजना के अंतर्गत पहली बार संपूर्ण ब्याज माफ की व्यवस्था की गई है।

तथा मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसी तारतम्य में दुर्गम स्थान में बसे सीकन्ना ग्राम में इंजीनियर भूपेंद्र सिंह की अगवाई में शिविर का आयोजन किया गया। वहां पर विभागीय कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं से रूबरू होकर योजना का लाभ उठाने का आवाहन किया। उपखंड कार्यालय में एसडीओ धर्मेंद्र सिंह ने ओटीएस के फायदे बताए शिविरों के माध्यम से राजस्व की वसूली हुई। उन्होंने बताया कि ओटीएस योजना को लेकर बकायेदार उपभोक्ताओं में जागरूकता हो।

## बाराही देवी मेला की पूजन अर्चना के साथ तैयारियां शुरू

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**



हर वर्ष नगर की पहचान तथा गंगा जमुना तहजीब का प्रतीक श्री बाराही देवी मेला प्रर्दशनी का आयोजन किया जाता है। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आज विधि विधान से पूजन अर्चना की गयी। पूजन के साथ ही आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेगी।

नगर में प्रतिवर्ष श्रीबाराहीं देवी मेला मैदान (फौजी पड़ाव की भूमि) पर श्रीबाराहीं देवी मेला का आयोजन किया जाता है। यह मेला इस मायने में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह मेला गंगा जमुनी तहजीव की मिसाल बना हुआ है। मेला मैदान में श्रीबाराहीं देवी मंदिर के साथ ही उसी के बगल में मजार भी स्थित है। प्रतिवर्ष नगर पालिका द्वारा श्रीबराहीं देवी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं मजार पर अकीदत के साथ चादर चढ़ाई जाती रही है। पूजन व चादर चढ़ाने के बाद मेले के आयोजन की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। बुधवार को पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल, ईओ सुशील कुमार दोहरे ने अपने साथी सभासदों व क्षेत्रीय विधायक गौरीशंकर वर्मा व उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल के साथ मेला परिसर में बने श्री बाराही देवी पर पूजा अर्चना कर मेले के आयोजन की शुरुआत कर दी है। बाराही के मौके पर पूजन के बाद मेला एवं विकास प्रर्दशनी के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेगी। मेला को आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका परिषद प्रयास कर रही है। इसके साथ मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को कोई असुविधा न हो इसका प्रयास किया जाएगा। मेला की तैयारियों के पूर्ण होने के बाद मेला का उद्घाटन कराया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, जेई प्रवीण कुमार, सभासद रवि कुशवाहा, अन्नू शर्मा, हर्षित श्रीवास्तव, सतीश सेंगर, जयकरन, ललित शुक्ला, विक्की श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत शाक्य, ईलू, मलखान दोहरे, मनुराज तिवारी, अनिल कुशवाहा, कमलेश त्रिपाठी समेत सभासद व नगर पालिका कर्मचारी सम्मलित रहे।

### बम्बा रोड से छठी माता मंदिर जाने वाले मार्ग पर लगा अवैध अतिक्रमण

**जालौन,उरई।** बम्बा रोड से छठी माता मंदिर तक जाने वाले लगभग 20 फीट चौड़े मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण और निर्माण को लेकर नगर के एक सेवानिवृत्त अध्यापक एवं लोकतंत्र सेनानी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला घुआताल निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक एवं लोकतंत्र सेनानी रामेश्वर दयाल निगम ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि बम्बा से छठी माता मंदिर की ओर यह मार्ग पिछले लगभग 18-20 वर्षों से आम रास्ते के रूप में उपयोग होता चला आ रहा है। मार्ग पर इंटरलॉकिंग भी पड़ी हुई है और यह छठी माता मंदिर से होते हुए जालौनदृहरदोई गुर्जर मार्ग से जुड़ता है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए यह मार्ग प्रमुख है।

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ, गुरूवार 04 दिसम्बर, 2025

फर्रुखाबाद



# सिखलाइट रेजिमेंट सेंटर के पासिंग आउट परेड में 831 जवान बने सेना का हिस्सा

- कमांडेंट ब्रिगेडियर ने सैन्य सिपाही बनने की दी नसीहत
- कसम परेड में 595 रिक्रूट, 236 अग्निवीर शामिल

सिखालाई दे योदया दी, ऐ कौम बड़ी अनखिली है। लाख कोशिश कर ले वेरी, कदे ना जांदी कीली है।

आओ झुक कर सलाम करें उन्हें जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है, खुशनसीब हैं वो लोग खून जिनका वतन के काम आता है।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर (सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर) के अग्निवीरों और रंगरूटों के बैच वीआई की पासिंग आउट परेड बुधवार को फतेहगढ़ में आयोजित की गई।

कुल 831 में 236 अग्निवीर और 595 प्रादेशिक सेना के रंगरूट पास आउट हुए। जिससे उनके कठोर सैन्य प्रशिक्षण के सफल समापन और भारतीय सेना में औपचारिक रूप से शामिल होने का संकेत मिलता है।

परेड का निरीक्षण सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने किया। अपने संबोधन में, उन्होंने अग्निवीरों और रिक्रूट को उनके उच्च स्तरीय अभ्यास, आचरण और टर्नआउट के लिए बधाई दी और युवा सैनिकों को गढ़ने में उनकी भूमिका के लिए प्रशिक्षक और प्रशासनिक कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने पासिंग आउट बैच को सिख लाइट इन्फैंट्री की समृद्ध परंपराओं को बनाए रखने, अटूट निष्ठा का प्रदर्शन करने और उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों में शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सुदृढ़ और पेशेवर रूप से सक्षम बने रहने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में अग्निवीरों और रिक्रूट के गौरवान्वित माता-पिता, प्रशिक्षक, रेजिमेंटल सेंटर के प्रशासनिक कर्मचारी, पूर्व सैनिक और एनसीसी कैडेट उपस्थित थे। जिन्होंने सलामी मंच से आगे बढ़ते हुए युवा सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की उपस्थिति ने इस अवसर की गंभीरता और गौरव को और बढ़ा दिया, जो रेजिमेंट, उसके सैनिकों और नागरिक समाज के बीच गहरे भावनात्मक बंधन को दर्शाता है। इस अवसर पर, समीक्षा अधिकारी ने पाठ्यक्रम के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए।

## सर्वश्रेष्ठ व उत्कृष्टता के लिए जवान किये गये सम्मानित



सलामी लेते कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष जैन

फर्रुखाबाद। सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने 31 सप्ताह के कठिन परिश्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्निवीर मनप्रीत सिंह को समग्र सर्वश्रेष्ठ अग्निवीर चुना गया। अग्निवीर बलविंदर सिंह को सर्वश्रेष्ठ ड्रिल, अग्निवीर हरप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ फायरिंग और अग्निवीर अमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी) के लिए सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार उनके अनुकरणीय प्रदर्शन, कर्तव्य के प्रति समर्पण और सैन्य प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता को मान्यता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सैनिक अधिकारियों के अलावा परेड में शामिल जवानों के माता-पिता आदि मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी की छापेमारी से कस्बे में हड़कंप



टीम के साथ नमूने लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी की छापेमारी से कस्बे में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही कई दुकानदार दुकानें छोड़कर फरार हो गये। कस्बा नवाबगंज में बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास ने अपनी टीम के साथ कस्बे में दुकानों पर छापेमारी की। जिससे कस्बे में हड़कंप पहुंच गया और लोग दुकान छोड़कर इधर-उधर टहलने लगे। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास ने कस्बे के दीपक किराना स्टोर से किशमिश का नमूना लिया। वहीं गोपाल किराना स्टोर से छुहारे के नमूने लिए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी कस्बे में भ्रमण करते हुए चले गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यहां से जाकर उन्होंने ग्राम झाबूपुर में दो दुकानों से किशमिश तथा छुहारे के नमूने लिए। ऐसे ही पांच दुकानों से नमूने लिए। जिससे उन्होंने बताया की सभी के सैंपल लैब को भेजे जाएंगे और सैंपल पास ना हुए, तो दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मृतक की पत्नी व भाई पर हत्या का आरोप

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम करनपुर घाट निवासी रामपाल पुत्र रामशंकर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है। मामला अब हत्या और दुर्घटना के बीच उलझता जा रहा है।

परिजनों ने मृतक की पत्नी रूमा और उसके भाई वीरपाल पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि रूमा और वीरपाल बीते दो वर्षों से साथ रह रहे थे। जिसके चलते घरेलू कलह बढ़ गई थी। आरोप है कि दोनों ने मिलकर रामपाल को घर से बाहर निकाल दिया था। इसी विवाद को लेकर परिवार में पिछले काफी समय से तनाव चल रहा था। मृतक रामपाल कुल छह भाइयों में से एक थे। शामपाल, वीरपाल, कन्हैया पाल, ब्रजेश कुमार सहित अन्य भाई घटना के बाद से बेहद व्यथित हैं। घर में मातम पसरा है और रामपाल की मां प्रेमवती का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर पुलिस ने बताया कि यह सूचना थाना शमशाबाद क्षेत्र में दुर्घटना के रूप में दर्ज हुई थी। थाना इंचार्ज अमृतपुर मोनू शाक्या के अनुसार मृतक का पोस्टमार्टम शमशाबाद पुलिस द्वारा कराया जा चुका है और जांच आगे बढ़ाई जा रही है। घटना के बाद किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाव और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अमृतपुर पुलिस बल गांव में तैनात है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।



जांच पड़ताल करतीं थानाध्यक्ष

## पुरानी रंजिश में दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव आजम नगर निवासी उमेश चन्द्र उम्र 45 वर्षीय पुत्र कुलप सिंह यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि हम अपने भाई अजमेर सिंह तथा अपनी भाभी सन्तकली पत्नी श्रीकिशन के साथ खेत में गेहूं कि फसल में पानी लगाने जा रहे थे। उसी दौरान गाँव के सुरजीत, गोविन्द, अनूप उर्फ रिंकू, रामनरेश आदि लोग पुरानी रंजिश को लेकर आए और आते ही गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। जिससे हम तीनों लोग घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उमेश, अजमेर सिंह, सन्तकली का मेडीकल परीक्षण कायमगज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में करवाया।

# बीडीओ ने साप्ताहिक बैठक कर सचिवों के कसे पेंच

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय पर बीडीओ ने सचिव के साथ साप्ताहिक बैठक कर सरकारी की योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही कहा कि वह ठीक से अपने कार्य को अंजाम दें।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर बुधवार को विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम विकास अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक की। जिसमें सभी को अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की योजनाओं जैसे पेंशन योजना, शादी अनुदान योजना, आवास योजना, फैमिली आईडी तथा अन्य कई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी सचिव अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाकर कार्य करें। जिससे कि सभी कर्मचारियों की मदद से विकास खंड कार्यालय का नाम रोशन हो सके और विकास खंड क्षेत्र की योजनाओं से सरकार के आंकड़ों में योजनाओं को उतारकर धरातल पर लाने का सभी सचिव कार्य करें। जिससे कि आम जनमानस को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। बीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता को भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस कारण सभी सचिव अपने-अपने क्षेत्र में उतरकर कार्य कर रहे थे उसी प्रकार से कार्य करें। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, कुलदीप राजपूत, सुनील कुमार गौतम, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, वेद प्रकाश, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, आकांक्षा सक्सेना, अरविंद कुमार सहित सभी ग्राम सचिव बैठक में मौजूद रहे।



सचिवों की बैठक लेते बीडीओ

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने बरामद किये गये खोये/गुमशुदा मोबाइलों को उनके स्वामियों को सौंपा



मोबाइल मिलने के बाद धारक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नागरिकों के खोये/गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा देश के विभिन्न राज्यों व विभिन्न जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्र जिन्हें सर्विलांस पर लगाकर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था, के संबंध में सर्विलांस सेल द्वारा अथक परिश्रम व मेहनत के फलस्वरुप विभिन्न कंपनियों के कुल 151 एंड्रायड मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बतायी गयी है, बरामद किये गये। बुधवार को इन बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा सर्विलांस टीम का अभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक संत कुमार, क0आ0 अमित कुमार, हे.का. संदीप राव, हे0का0 अनुराग कुमार, हे0का0 सचेंद्र सिंह, हे0का0 मयंक दीप, का0 राहुल शर्मा आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के एक मोहल्ले में 22 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवक को फंदे से नीचे उतारा। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि उन्हें अभी तक इस मामले की कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी से कहासुनी में पति ने खाया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी दिलीप कुमार बाथम उम्र 22 वर्षीय पुत्र रामबहादुर बाथम ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर उसकी माँ सरोजा देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आई। जहाँ उन्होंने बताया की उसके बेटे दिलीप का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व गमा देवी पुत्री रामचरन निवासी दौलतपुर के साथ हुआ था। उसका बेटा शराब पीकर आता था, तो इसी बात पर बेटे और बहू में आये दिन झगड़ा होता था। जिसको लेकर बहू गमादेवी अपनी बच्चे दिव्यांश को छोड़कर मायके चली गई थी। उसे अपने घर बुलाने के लिए आए दिन पत्नी को फोन करता था। पत्नी ने पति से ससुराल आने के लिए मना कर दिया। गुस्साए पति दिलीप ने जहरीला कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। एक घन्टा तक 108 एम्बुलेन्स पर कॉल करने के बाद भी एम्बुलेन्स नहीं मिली। तब ई-रिक्शा द्वारा प्राइवेट अस्पताल में ले गये।

# भारत माता मंदिर के दान पत्रों के चोरों ने तोड़े ताले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ पुलिस अधीक्षक आवास एवं पुलिस लाइन के बीच स्थित भारत माता नवदुर्गा मंदिर से चोरों ने दान पत्रों के ताले तोड़कर चढ़ावे की धनराशि चोरी कर ली। घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। मंदिर में लगे सीसीटीवी में दो चोर कैद हो गये हैं।

फतेहगढ़ के मोहल्ला नवदिया निवासी मंदिर के पुजारी पवन मिश्रा बीती शाम मंदिर के गेट पर ताला लगाकर विवाह संपन्न कराने चले गए थे। मंदिर के अंदर कमरे में शंभू चेतन ब्रह्मचारी लेटे थे। चोर बीती रात मंदिर के मेन गेट का ताला तोड़कर मंदिर में घुसे। चोरों ने मंदिर के आठ दान पात्रों के ताले तोड़कर चढ़ावा के रूपये निकाले। मंदिर में हनुमान, गणेश जी व श्री कृष्ण, शंकर जी, मंदिर काली जी, ब्रह्मा विष्णु एवं महेश व शनि देवता के मंदिर है। सभी मंदिरों के गेट पर दान पत्र रखे थे जिनमें ताला लगा था। शंभू चेतन ब्रह्मचारी ने बताया कि वह सुबह करीब 5:30 बजे जागे, तभी उनको चोरी के बारे में जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। चोर जाते समय बाहर से मेन गेट के फाटक में अंदर वाली कुंडी लगा गए थे। उन्होंने बताया की शनि देवता एवं शंकर जी का मंदिर बाहर सड़क के किनारे है। ब्रह्मा जी विष्णु जी एवं महेश का मंदिर दो मंजिला भवन में है। बाकी मंदिर नीचे तल पर हैं। ब्रह्मचारी शंभू चेतन ने बताया की नीचे स्थित सभी मंदिरों के दान पात्रों के रुपए प्रतिमाह निकाल कर ऊपर वाले मंदिर की गोलक में डाले जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह गोलक मंदिर की शोभायात्रा निकाले जाते समय खोली जाती है। उन्होंने बताया कि गोलक में करीब 50 हजार रुपए थे। मंदिर के अंदर 8 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कमरे में दो चोर कैद हो गए हैं। दोनों चोर शरीर को कंबल से ढके देखे गए।



चोरों द्वारा तोड़ा गया दान पत्र

## एसडीएम ने की एसआईआर की समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते एसडीएम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया की एसडीएम ने समीक्षा बैठक कर सभी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए। नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया में लगातार बूथ लेविल अधिकारी एसआईआर फॉर्म भरकर प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए जी जान से जुटे हैं। वहीं बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पर एसडीम कायमगंज न्यायिक गजराज सिंह ने बूथ लेविल अधिकारी/कर्मचारियों के साथ बैठक कर आज ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिसमें सभी बूथ लेविल अधिकारियों व कर्मचारियों में एकदम हड़कंप मच गया। अधिकारी का कड़ा आदेश पाते ही सभी कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए और उन्होंने सभी से कड़ाई के साथ निर्देश का पालन करने की बात कही। इस मौके पर एसडीम कायमगंज न्यायिक गजराज सिंह, राजस्व निरीक्षक जगदीप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रमोद कुमार, हितांशु गंगवार, विकास गंगवार तथा समस्त बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसकी साढ़े सत्रह वर्षीय पुत्री को नगर के दूसरे मोहल्ला निवासी एक किशोर ने अपने घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल कर दिया। आरोपी एक वर्ष से उनकी पुत्री के साथ शारीरिक शोषण कर रहा था। जब किशोरी के पिता शिकायत करने आरोपी बाल अपचारी के घर गये, तो उसके परिजनों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमदी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज तत्काल बाल अपचारी को रेलवे रोड से गिफ्तार कर मेडीकल परीक्षण करवाया।

# गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लगाये गये टीके

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ज्योना उपस्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 9 बच्चों और एक गर्भवती महिला का टीकाकरण किया गया। एएनएम प्रांशी ने बताया कि अभियान के तहत 9 माह तक के बच्चों को पेंटाथाइड का टीका लगाया गया। वहीं 16 माह तक के बच्चों को डीपीटी बूस्टर और एमआर सेकंड के टीके दिए गए, जबकि 5 वर्ष तक के बच्चों को डीपीटी बूस्टर का टीका लगाया गया। टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की एंटीनेटल केयर (एनसी) जांच भी की गई। अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त जुकाम और खांसी के मरीजों को भी दवाएं वितरित की गईं। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



टींके लगवातीं गर्भवती महिलायें

# पुलिस ने चकरोड का कार्य पुनः रुकवाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

चकरोड पैमाइश पर एक माह पूर्व लगी रोक के बाद बुधवार को प्रधान ने पुनः निर्माण कार्य शुरु कराया, लेकिन तभी पीड़ित ने 1076 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करायी। शिकायत पर पहुंची पुलिस प्रधान तथा विपक्षी मोहित को थाने ले गयी। जहां पुलिस ने पुनः पैमाइश कराने के बाद चकरोड बनाने की बात कही।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रावतपट्टी में एक चकरोड का निर्माण चल रहा था। जिस पर बीते एक माह पूर्व पैमाइश कराकर चिन्नांकन कराया गया था, लेकिन तभी चकरोड पर निर्माण कार्य को लेकर विपक्षीगणों ने रोक लगा दी थी। एक महीना रुकने के बाद जब ग्राम प्रधान ने निर्माण कार्य करना चालू कराया, तो दूसरी साइड के खेत मालिक ने 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत पर पहुंची थाना पुलिस के पीआरबी ने निर्माण कार्य रुकवाकर ग्राम प्रधान तथा विपक्षी मोहित कुमार को थाने लेकर आए। जहां पूरे दिन पंचायत चलने के बाद कोई भी मामला नहीं निपटा। तब थाना पुलिस ने दोबारा पैमाइश करने करने के बाद निर्माण करने की सलाह देकर दोनों पक्षों को घर भेज दिया।



चकरोड पर जमा भीड़ तथा मौके पर थाना पुलिस

# तीन बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, पांच घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर फूलन श्री स्कूल के पास तीन बाइकों की टक्कर में एक 16 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। इस दुर्घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनमें से एक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चार को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है।

मृतक छात्र की पहचान नगला सुभान खां निवासी संजीव कुमार के पुत्र रितिक के रूप में हुई है। रितिक अपने बुआ के पुत्र आर्यन के साथ एक बाइक पर सवार था। टक्कर इतनी भीषण थी कि रितिक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हरकमपुर नगरिया निवासी राम अवतार (62) कमल सिंह भट्ठा पर मुनीम का काम करते हैं। वे अपनी ड्यूटी से लौटते समय भट्टे के ट्रैक्टर ड्राइवर धर्मवीर (55) के साथ बाइक पर थे। फूलनश्री स्कूल के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस बाइक पर कुसज्जापुर निवासी कन्हैयालाल उर्फ संजय (26) और तालग्राम कन्नौज निवासी राहुल (26) सवार थे, तभी पीछे से आ रही तीसरी बाइक भी इन बाइकों से टकरा गई। जिस पर रितिक और आर्यन सवार थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर ड्यूटी पर तैनात डॉ. सन्नी मिश्रा ने राम अवतार, धर्मवीर, कन्हैयालाल और राहुल को प्राथमिक उपचार दिया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर डीएसपी अजय वर्मा और कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक रितिक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। रितिक अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई नैतिक है। उसके पिता पानी का व्यवसाय करते हैं।



मृतक किशोर का फाइल फोटो



अस्पताल में भर्ती घायल

## अज्ञात कार की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 34 वर्षीय टेंपो चालक आशीष सिंह की मौत हो गई। यह घटना फर्रुखाबाद-इटावा बरेली हाईवे पर नींव करोरी ढाबे के पास बीती रात करीब 10 बजे हुई। आशीष सिंह खिरिया मुकंद गांव के निवासी थे। पुलिस के अनुसार आशीष सिंह फर्रुखाबाद से वापस लौट रहे थे, तभी मोहम्मदाबाद की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने उनके टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशीष सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आशीष सिंह की शिनाख्त कर उनके परिजनों को सूचना दी। टक्कर मारने वाला कार चालक अपनी गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। मृतक आशीष सिंह अपने दो भाइयों में बड़े थे और टेंपो चलाकर परिवार का भरण.पोषण करते थे। उनके परिवार में माता मीरा देवी, पत्नी नीलम और दो वर्षीय पुत्र वेदांश हैं। उप निरीक्षक सुरेश सिंह चाहर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



मृतक का फाइल फोटो

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही आयी सामने, खेत में पड़ी मिलीं दवाइयां



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर से सटे ग्राम लालपुर पट्टी जाने वाले मार्ग के किनारे खेत में दवाइयों के पैकेट पड़े मिले। राहगीरों ने उन्हें पड़ा देखा, तो भीड़ जमा हो गई। जॉच पड़ताल में पता चला कि आयरन और फोलिक एसिड की गोलियाँ भरी थीं। जिस पर उत्तर प्रदेश अंकित था। सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. शोभित शाक्य की टीम ने मौके पर पहुँचकर जाँच कि उन्होंने बताया कि 25 से 30 डिब्बे बरामद हुए। जिनमें प्रत्येक डिब्बे में 10 पत्ते थे। डिब्बों पर सितम्बर 2023 की मैन्युफेक्चरिंग और अगस्त 2025 कि एक्सपायरी दर्ज है। उन्होंने बताया कि दवाइयां अमतौर पर स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा वीरआसी ब्लाक रिसोर्स सेंटर को दी जाती है।

# जिला स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में विश्व विकलांग दिवस पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग के सांकेतिक शिक्षा अन्तर्गत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि सीडीओ विनोद कुमार गौड़ रहे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित किया और कहा कि यह दिन आपके लिए यादगार रहेगा। खूब खेलिए पढ़ना तो जीवन भर है। क्योंकि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है। कार्यक्रम के आयोजक बीएसए विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि मैं जनपद में नया हूं। कोई बच्चों के लिए कार्यक्रम होगा, उसमें मैं पूरा सहयोग करूंगा। दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सके। आयोजन में एएओ राजकुमार यादव ने कहा कि बच्चों के हित में बजट कभी आड़े आने नहीं दिया जायेगा। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों में कमालगंज ब्लाक के छात्र जगमोहन ने दोनों हाथ न होने पर भी अपने पैर से सुलेख लिखकर उपस्थित समुदाय को हत प्रभ कर दिया। छात्र विशेष शिक्षक अखिलेश कुमार बाजपेयी की यूनिट का है।

कायमगंज के शिक्षक राजकुमार ने बच्चों को प्रतिभाग कराया। शमशाबाद से वीरेन्द्र यादव ने, राजेपुर से विनोद मिश्रा व अनुज ने, बढ़पुर से अजय कुशवाहा व सरिता मिश्रा एवं रुचि राठौर, अमित, ज्ञानसिंह, रामवीर, अवधेश, जानकी प्रसाद, जयप्रकाश, अतुल व आयोजन प्रभारी जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह, शिक्षक रोहिताश ने सहयोग किया। संचालन अनुपम शुक्ला ने किया। आकाश कवि



प्रमाण पत्र के साथ विजेता व अतिथि

गोस्वामी संयुक्त रुप से विकास खण्ड राजेपुर से बीईओ राजीव श्रीवास्तव ने बच्चों व शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। 28वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिला क्रीड़ा प्रभारी संजीव कटियार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर पीटीआई अतुल कटियार, अरुण यादव, कुलदीप यादव, संजीव यादव, अंकित यादव, आलोक कुमार, मनीष कुमार ने सहयोग किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक, यूटा के जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार व जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व संजय तिवारी, नरेन्द्र सिंह, अभिनेश मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिवेदी, प्रवेश कटियार, मजहर मोहम्मद खान, सुमित कुमार आदि शिक्षक नेता मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक वर्ग में यश प्रथम, साजन द्वितीय, लवकुश तृतीय रहे।

सुलेख में संजना व अनिकेत प्रथम, प्रियंका द्वितीय, शिवा शर्मा तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता में सोनाक्षी प्रथम, गुड़िया द्वितीय, निराली तृतीय स्थान पर रही। सुलेख प्रतियोगिता में जगमोहन ने प्रथम स्थान पाया। 50 मीटर बालक वर्ग दौड़ बालक वर्ग में लाखन सिंह प्रथम, निखलेश द्वितीय, देव तृतीय रहे। कुर्सी दौड़ में बलराम प्रथम, आसान द्वितीय व यश तृतीय रहे। 50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में रुखसार प्रथम, रेशमा द्वितीय, आराध्या व सुलोचना तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ में गुड़िया प्रथम, प्रियंका द्वितीय, गुड्डी तृतीय रही।

## रेड क्रास सोसाइटी ने मनाया विश्व दिव्यांग दिवस


ट्राई साइकिल वितरण के दौरान न्यायाधीश आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय सांकेत विद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज संजय कुमार, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण के द्वारा की गयी। रेड क्रॉस की चेयरमैन डॉ0 रजनी सरीन ने 78 बच्चों को पानी की बोतल, कपड़े, फल देकर बच्चों को लगन से पढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष एडीजे संजय कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा ऐसे कार्यक्रम से बच्चों की हौसला आफजाई होती है। कार्यक्रम में डीपीओ अनिल चंद्र, वाइस चेयरमैन शीश मेहरोत्रा, जवाहर सिंह गंगवार, निशांत तिवारी, गुंजा जैन, अनिल प्रताप सिंह, धीरेन्द्र वर्मा, अंजू कपूर, भूपेंद्र सिंह, अभिनव पटेल आदि मौजूद रहे।


लोकसभा में बोलते सांसद मुकेश राजपूत

## सांसद मुकेश राजपूत ने मथुरा से अयोध्या तक वंदेभारत ट्रेन चलाने की मांग की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान मथुरा से अयोध्या तक वंदेभारत ट्रेन चलाने की मांग की। सांसद मुकेश राजपूत ने संसद बात उठाते हुए मांग की कि कासगंज-फर्रुखाबाद, कन्नौज पिछड़े क्षेत्र है। जनपद फर्रुखाबाद में बौद्ध तीर्थ स्थल सकिंसा है, कम्पिल मंदिर है, माघ मेला श्रीराम नगरिया हर वर्ष लगता है और बाबा लक्ष्मणदास का नीम करोरी मंदिर है। ऐसे में देश-विदेश से लोग यहां आते है। वंदे भारत ट्रेन चलने से मथुरा से लेकर अयोध्या तक लोग लाभांवित होंगे। उन्होंने रेल मंत्री को सम्बोधित अपने भाषण में मांग की है कि वंदेभारत ट्रेन चलने से कई जनपदों को लाभ होगा साथ ही देश से आने-जाने वाले लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे।

# पंचायत सचिवों ने तीसरे दिन काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**फर्रुखाबाद/कायमगंज/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने बुधवार भी ऑनलाइन उपस्थिति शासनादेश के विरोध में तीसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह जारी रखा। विरोध के बीच कर्मचारियों ने अपने नियमित कार्य पूर्ववत रूप से करते हुए आदेश पर असहमति जताई। उनका कहना है कि फील्ड स्टाफ के लिए ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था अव्यावहारिक है, क्योंकि उन्हें प्रतिदिन कई गांवों का भ्रमण करना पड़ता है। सत्याग्रह का नेतृत्व बढ़पुर ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष आलोक त्रिवेदी व ओमशिव पाण्डेय ने किया।

आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर किया जा रहा है और विरोध के बावजूद सभी कर्मचारी विभागीय एवं चुनावी कार्य पूर्व की भांति करते रहेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शासनादेश 4 दिसंबर तक वापस नहीं लिया गया, तो 5 दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। साथ ही सभी अधिकारी सरकारी व्हाट्सऐप समूहों से बाहर होने का निर्णय लेंगे। उनका कहना है कि कार्यालयी स्टाफ के लिए यह व्यवस्था ठीक हो सकती है, लेकिन फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए इसे लागू करना व्यवहारिक नहीं है। वहीं कायमगंज में भी तीसरे दिन काली पट्टी बांधकर सभी ग्राम विकास सचिवों ने विरोध जारी रखा। ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर यह शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और प्रदेश नेतृत्व जो भी आगे दिशा निर्देश जारी करेगा उसी के आधार पर विरोध प्रकट किया जायेगा। कायमगंज ब्लाक के अलावा बढ़पुर ब्लाक में सत्याग्रह में ग्राम विकास अधिकारी प्रभात यादव, श्वेता, कंचन, अशोक शाक्य, ग्राम पंचायत अधिकारी नीरू दीक्षित, देवांश, ऋषिपाल, अमन, संजीव गंगवार आदि लोग मौजूद रहे। **वहीं नवाबगंज** ब्लाक में परिसर में अन्य विभागों के कार्य कराए जाने से नाराज ग्राम पंचायत सचिव ने तीसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया की 10 दिसंबर को वह जनपद से पैदल मार्च करते हुए नवाबगंज विकासखंड कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन करते हुए आएंगे और अन्य विभागों के कार्य नहीं करेंगे। इस मौके पर सचिव प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार आदि उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्राम पंचायत सचिव

# पब्लिक हेल्थ एवं कम्युनिटी में आयुर्वेद की भूमिका विषय प्रशिक्षुओं का किया गया ज्ञानवर्धन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुर्वप्रवेशिका (यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम) तथा संस्कार (पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम) के आठवें दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों ही विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक, व्यावहारिक तथा मूल्यपरक सत्रों से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत यूजी सत्र में धन्वंतरि वंदना से हुई। संचालन 2019 बैच के छात्रों ने किया। डॉ. नवीन गुप्ता ने पब्लिक हेल्थ एवं कम्युनिटी में आयुर्वेद की भूमिका विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने जनस्वास्थ्य संरक्षण तथा रोग-निवारण में आयुर्वेद की बढ़ती महत्ता पर प्रकाश डाला।

**कार्यक्रम का आठवां दिन**

अगले सत्र में डॉ. अरिमर्दन ने छात्रों को स्पोकन संस्कृत सिखाते हुए प्रचलित संवादात्मक वाक्यों का अभ्यास कराया। जिससे छात्रों की भाषाई एवं सांस्कृतिक पकड़ मजबूत हुई। डॉ. विकास बाबू ने अभिमुखीकरण व्याख्यान आयोजित किया। छात्रों को शैक्षणिक अपेक्षाओं, व्यावसायिक नैतिकता और संस्थान की दृष्टि के बारे में अवगत कराया।


प्रशिक्षु चिकित्सकों को सम्बोधित करते डॉ. नवीन गुप्ता

डॉ. अरुण कुमार पांडेय ने हैंड हाइजीन, यूनिवर्सल प्रिकॉशन्स एवं इंफेक्शन कंट्रोल मेजर्स पर महत्वपूर्ण प्रायोगिक सत्र लिया। जिसमें सुरक्षित चिकित्सा अभ्यास के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। इसके बाद डॉ. सीएस पांडेय ने चरक संहिता तथा आधुनिक स्वास्थ्य कूटनीति में आयुर्वेद की भूमिका विषय पर रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। समानांतर संस्कार-पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। डॉ. निरंजन एस ने ओरिएंटेशन व्याख्यान से हुआ। डॉ. नवीन गुप्ता ने आपदा प्रबंधन पर पीजी छात्रों को प्रशिक्षण दिया। डॉ. मधु रंजन के संयोजन में डॉ. नगमा खानम एवं डॉ. दिव्यानी पीजी-2025 बैच ने जर्नल क्लब प्रस्तुति दी। जिसने छात्रों में शोध अभिरुचि और विवेचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित किया। पीजी छात्रों ने एक संगोष्ठी सेमिनार प्रस्तुति में हिस्सा लिया। संयोजन डॉ. मधु रंजन ने किया। डॉ. सीएस पांडेय ने शैक्षिक अभिमुखीकरण व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता और उत्तरदायी चिकित्सकीय व्यवहार की ओर प्रेरित किया। दोनों कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञान-विस्तार पेशेवर दक्षता तथा व्यावहारिक कौशल विकास में अत्यंत सार्थक सिद्ध हुआ। संस्थान निरंतर आयुर्वेद शिक्षा को परंपरागत ज्ञान तथा आधुनिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के साथ समन्वित कर विद्यार्थियों को कुशल, संवेदनशील और पर्यावरण-उत्तरदायी स्वास्थ्य-सेवा प्रदाता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मेला श्रीराम नगरिया की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 03 जनवरी से 03 फरवरी तक चलने वाले मेला श्री रामनगरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा निर्देशित किया कि पंडाल के मंच पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को समय से पूरा कर ले, पारंपरिक रूप से होने वाले कार्यक्रमों का विशेष ख्याल रखा जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति का चुनाव 11 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति की नवीन कार्यकारिणी हेतु पदाधिकारियों का चयन निर्वाचन द्वारा विश्वकर्मा मंदिर बढ़पुर में होगा। चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का चयन होगा। जिसमें 5 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक फार्म वितरण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होंगे। 15 दिसम्बर को फार्म जमा करने की अंतिम तिथि है। 20 दिसम्बर तक नामांकन पत्र वापसी होंगे। 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। 11 जनवरी को परिणामों की शाम 5 बजे घोषणा होगी। 18 जनवरी को नवीन कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम रचित मानस आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 20वां श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम रचित मानस एवं ज्ञान सप्ताह का आयोजन 4 दिसम्बर को कलश पूजन के साथ शुभारम्भ होगा। 4 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक कथा गंगानगर कालोनी ट्यूबवेल वाली के पास सम्पन्न होगी।

## आर्मी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव 6 दिसम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ का वार्षिकोत्सव 6 दिसम्बर को शाम 4 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर व चेयरमैन एमके जैन होंगे। जिसमें बच्चे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस


चन्द्रशेखर आजाद का जन्मदिवस मनाते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर का 38वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एक गेस्ट हाउस में जन्मदिन मनाने के बाद आगामी 2026 जिला पंचायत चुनाव के लिए चर्चा की गई। कार्यकर्ता दिशा निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में मजबूती से काम किया जाए। सभी कार्यकर्ताओं ने 2027 में चन्द्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। इस मौके पर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य प्रो0 देवेंद्र दोहरे, जिला प्रभारी नितिन गौतम, मण्डल संयोजक पिन्टू जाटव, नूर अहमद सिद्दीकी, अतुल कठेरिया, जयद्रथ कुमार, विपिन कुमार, दानिश, शोभित, दीपक अंबेडकर, अमित बाल्मीकि, अरुन बाल्मीकि, आशु बाल्मीकि, मनीष बाल्मीकि, पंछी प्रधान, रामानंद दिवाकर, दिलीप, गौरव, राहुल, अमित कठेरिया, अमन शाक्य, अजय, शहबाज, फैजान आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने सभी बीएलओ को फार्म फीड कराने के दिये निर्देश


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा फर्रुखाबाद व कायमगंज के सुपरवाइजर व बीएलओ की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर बीएलओ से फॉर्म फीड करना सुनिश्चित करे, जो बीएलओ फीडिंग नहीं कर पाते है उनके फॉर्म ब्लॉक व तहसील में फीड कराये। डिजिटिलाइजेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिलारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी अमृतपुर, उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज, जिला विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

### जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाया खुशीराम बोस का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने खुशीराम बोस का जन्मदिवस मनाया। खुशीराम बोस के चित्र पर पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। अध्यक्षता शिवाजी कटियार ने की। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया। उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि क्रांतिकारी खुशीराम बोस का जन्म 1889 को आज के ही दिन पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में हुआ था। 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए। 15 वर्ष की उम्र में ब्रिटिश प्रशासन के खिलाफ पर्चे बांटते हुए गिरफ्तार हुए। 1908 में क्रांतिकारी समूह अनशीलन समिति के सदस्य बने और युवा उम्र में बम बनाना सीखा। 30 अप्रैल 1908 को कोलकाता सेनानियों के प्रति अपने कठोर व्यवहार के लिए प्रसिद्ध मजिस्ट्रेट ब्रिटिश डायस एच किंग्स फोर्ड की बग्गी पर खुशीराम ने बम फेंका था, लेकिन वह बच गये। 11 अगस्त 1908 को 18 वर्ष की आयु में क्रांतिकारी खुशीराम बोस को फांसी दे दी गई। ऐसे युवा क्रांतिकी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर महेन्द्र कुमार शर्मा, पृथ्वीनारायन, रामनारायन मिश्रा, राजेश्वर दयाल, डॉ. मेंहदी हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प में बाल रोग विशेषज्ञ ने बच्चों का किया चेकअप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहाई रोड स्थित नेहा नर्सिंग पर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये नि:शुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। डॉ. नसीर उल हसन बाल रोग विशेषज्ञ नेताजी सुभाष मेडिकल अस्पताल बाल रोग एवं नवजात रोग विशेषज्ञ मिडि सिटी सुपर स्पेशलिस्ट पंजाब के द्वारा बच्चों का परीक्षण किया गया। जिसमें लगभग आधा सैकड़ा बच्चों का परीक्षण किया गया। सर्दी के मौसम में बच्चों को ठंड से बचाने के कुछ सरल व प्रभावी उपाय बताएं। उन्होंने बताया कि गरम कपड़े, थर्मल इनरवेयर, स्वेटर, मफलर, ग्लव्स और बीनियों से पूरी तरह ढकें, लेयरिंग से शरीर की गर्मी बनी रहती है। उन्होंने बताया कि सही पोषण जिसमें गर्म सूप, दालचीनी-हल्दी वाली चाय, गजक या गुड़-मेथी के लड्डू जैसे ऊर्जा-दायक ले। विटामिन-सी और डी से इम्यूनिटी मजबूत रहती है। हाइड्रेशन- ठंड में भी पानी कम नहीं पीते। हल्का गर्म पानी या हर्बल टी दे सकते हैं। सुरक्षित खेल-बाहर खेलते समय समय-समय पर हाथ-पैर गरम करें, और खेल का समय 30-45 मिनट तक रखें। सर्दी-जुकाम की रोकथाम में हाथ धोना, मास्क (जब भीड़-भाड़ या धुंध हो) और भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचें। कैंप की व्यवस्था डायरेक्टर विनोद अग्निहोत्री, डॉ. मनोज मल्होत्रा, डॉ. राहुल राजपूत ने देखी।


बच्चों का चेकअप करते चिकित्सक

# चारों विधानसभाओं में सपा नेता एसआईआर कार्य को देंगे गति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के समस्त समाजवादी पार्टी के एसआईआर ब्लॉक प्रहरी, एसआईआर सह प्रहरी, बीएलए तथा सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई कि चुनाव आयोग द्वारा बढ़ाई गई एसआईआर की तिथि के संबंध में एसआईआर के अब तक हुए कार्य और अगले एक सप्ताह में और गति देने हेतु 4 दिसंबर को विधानसभा वार महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जायेंगी। कायमगंज विधानसभा के आयोजक/संगठन प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम के पितौरा स्थित निवास शांति कुटीर में सुबह 11 बजे, भोजपुर विधानसभा के आयोजक/पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत गोमती देवी इंटर कॉलेज जहानगंज निकट पेट्रोल पंप पर दोपहर 1 बजे, अमृतपुर विधानसभा आयोजक प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के बघार स्थित मेडिकल कॉलेज में शाम 4 बजे, सदर विधानसभा के आयोजक डॉ0 नवल किशोर शाक्य उनके द्वारा निर्धारित स्थान पर शाम 6 बजे होंगे। सभी एसआईआर प्रहरी व सह प्रहरी, प्रभारी सेक्टर प्रभारी, बीएलए अपनी विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव एवं एसआईआर प्रभारी अखिलेश कटियार मौजूद रहेंगे।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

38वीं जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विशिष्ट अतिथि सीडीओ विनोद कुमार गौड़ रहे। संचालन आयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हज़रतपुर की छात्राए गौरी, मञ्जु, पिंकी, प्रिया और दुर्गा ने भरतनाट्यम की पुष्पांजलि शैली में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों की इस आकर्षक प्रस्तुति ने पूरे मंच को जीवंत कर दिया और ब्लॉक नवाबगंज के साथ-साथ पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक सुमित कुमार के योगदान की भी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं दर्शकों ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।


प्रतियोगिता में मौजूद छात्रायें व अतिथि

## वीनू भदौरिया बनी भाजपा महिला मोर्चा फतेहगढ़ मण्डल की अध्यक्ष


वीनू भदौरिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष वीनू सिंह भदौरिया को बनाया है। संगठन का विस्तार करते हुए सदर विधानसभा क्षेत्र फतेहगढ़ मण्डल का जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने महिला मोर्चा का मण्डल संयोजक वीनू सिंह भदौरिया को बनाया और उन्हें शीघ्र कमेटी बनाने के लिए निर्देशित किया। वीनू भदौरिया के मण्डल अध्यक्ष बनने पर महिला मोर्चा ने उन्हें बधाई दी। बबिता पाठक ने बताया कि वीनू भदौरिया सक्रिय कार्यकर्ता है। उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मण्डल अध्यक्ष बनने पर वीनू भदौरिया ने सभी को धन्यवाद दिया।

# टीका उत्सव का सीएमओ ने किया शुभारंभ

▸ प्रत्येक बुद्धवार व शनिवार को होगा आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को माह दिसम्बर 2025 में मनाये जाने वाले टीका उत्सव का शुभारम्भ डा. अभय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा द्वारा पीपीसी बांदा में किया गया।

डा. विजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा द्वारा बताया गया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार माह दिसम्बर 2025 को टीका उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक बुद्धवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले नियमित टीकाकरण सत्रों पर टीकाकरण हेतु ड्यू बच्चों के साथ-साथ टीकाकरण



से छूटे हुये सभी बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। जिसमें पेंटा-1, एमआर0-1 एवं एमआर -2 के साथ-साथ अन्य टीकों से छूटे बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण कराया जायेगा। जिसमें ब्लाकवार लक्ष्य निर्धारित कर लिया गया है।

डा. विजय शंकर केसरवानी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीकाकरण उत्सव के दौरान जनपद में माह दिसम्बर 2025 तक पेंटा-1 का लक्ष्य 43673 है जिसमें 19330 बच्चे टीकाकरण से छूटे है, एम0आर0-1 का लक्ष्य 43673 है जिसमें 15050 बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं। इसी प्रकार एम0आर0-2 का लक्ष्य 41672 है जिसमें 18610 बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं। सभी छूटे हुये बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

सभी आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में ऐसे बच्चों की विशेष सूची बनाकर टीकाकरण करायेंगी। सत्र से एक दिन पहले आशा व आंगनवाडी कार्यकर्ता बुलावा पर्ची भेजेंगी और सत्र स्थल पर लाकर छूटे हुये बच्चों का टीकाकरण कराएंगी। इसके साथ ही साथ आशा और आंगनवाडी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित कर उन माताओं और अभिभावकों को बुलाएंगी जिनके बच्चे किसी न किसी टीके से वंचित हैं। इस बैठक में अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लाभसे अवगत कराया जाएगा और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिये प्रेरित किया जायेगा ।

इस मौके पर डा. अजय कुमार, डा. आरएन प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. मुकेश पहाडी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. विजय शंकर केसरवानी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. वर्षा नायर, एसएमओ डब्लूएचओ, डा. चारू गौतम, चिकित्सा अधिकारी, महिला चिकित्सालय, डा. नीरज गौतम, चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती राधा शर्मा एआरओ (आरआई), रोहित कुमार सिंह, वीसीसीएम यूएनडीपी, संदीप पराशर जिला समन्वयक जेएसआई अन्य विभागीय अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालू ट्रक चालक पर अज्ञात बदमाशों ने झोंका फायर

▸ चालक ने भागकर बचाई जान
▸ पीड़ित ने थाना पैलानी में दी तहरीर

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कुशीनगर के ट्रक चालक ने पैलानी थाने में तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों द्वारा पीटे जाने की बात कही है। वाहन चालक के अनुसार वह बीती रात कस्बा जसपुरा स्थित डंप से बालू भरकर सिंधनकला के तुर्रा नाले के करीब जैसे ही पहुंचा तो उसके वाहन के सामने एक शराबी व्यक्ति आ गया। जिससे उसको ट्रक रोकना पड़ा। इतनें वहां पर लगभग आठ से दस बदमाशों ने उसपर फायर झोंक दिया। आनन-फानन में डाइवर वहां से फरार हो गया। उसने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

पैलानी थाने में दी तहरीर में भगवानपुरा जनपद कुशीनगर निवासी वासुदेव पुत्र जगन्नाथ ने बताया है कि



वह ट्रक ड्राईवर है। वह बीती रात करीब 12 बजे जसपुरा में स्थित भण्डारण से बालू भरकर सिंधनकला होता हुआ जा रहा था। तभी तुर्रा नाले के पास एक शराबी व्यक्ति आ गया वह ट्रक को रोकने लगा। जिससे ड्राइवर ने ट्रक को रोक दिया। इसके बाद वहां पर आठ-दस बदमाश पहुंच गये। जिन्होंने उसके उपर फायर झोंक दिया। जिससे ट्रक के सीशे टूट गये। इसके अलावा फरसे से भी हमला कर दिया। वह जान बचाकर खिड़की खोल भागा। भागते समय उसकी जेब से चार हजार रूपये कहीं गिर गये। पीड़ित ने पूरी जानकारी नजदीक के जिला परिषद के बैरियर के कर्मचारी को दी। तभी खदान के कर्मचारी भी वहां पहुंच गये। जब तक सारे हमलावर मौके से फरार हो गये। पीड़ित पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। वहीं अपर एसपी शिवराज ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। हमलावरों का पता लगाया जा रहा है। उचित कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांगों ने समस्याओं को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** विश्व दिव्यांग दिवस के मौगे पर दिव्यांगजनों ने अपनी विभिन्न नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जलशक्ति राज्य मंत्री को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। वहीं मंत्री ने दिव्यांगों को समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया है। अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के बैनर तले दिव्यांग प्रकोष्ठ के बुन्देलखण्ड अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला ने जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को दिये ज्ञापन में बताया है कि आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी दिव्यांगों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने मंत्री से मांग की कि प्रदेश के सभी दिव्यांगों को 5 हजार रूपये मासिक पेंशन दी जाये। सभी दिव्यांगों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किये जायें। दिव्यांगों को सरकारी बस स्टैण्ड सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन,तहसील कम्पाण्डों आदि में बनी सरकारी कैण्टीनों को आवंटित की जायें। दिव्यांगों को सरकारी राशन कोटे की दुकान में चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाये। जिला परिषद व नगर पालिका की दुकानों में भी चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाये सहित अन्य कई मांगे शामिल हैं।

### जहर खाने से युवक की मौत

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** छह दिन पहले जहर खाने वाले युवक ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव भवानीपुर के रहने वाले कमलेश के 24 वर्षीय बेटे गगनदीप ने बीते बुधवार देर शाम को किसी बात से छुब्ध नाराज हो जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद हालात बिगड़ते देख परिजन लोग उसे जिला अस्पताल ले गए वहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, वहां छह दिनों से जिंदगी और मौत से लड़ते हुए युवक ने इलाज के दौरान सोमवार देर दम तोड़ दिया। युवक के मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच हुआ है।

### लाभार्थी अधिक से अधिक योजनाओं का उठाएं लाभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड बढ़पुरा में स्वावलंबन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा उपस्थित आम जन मानस को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये अपील की गई की लाभार्थी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर लाभान्वित हों। उक्त कैम्प में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ आईएसबी व शोभारानी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एंव अन्य विभागीय आधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम में अर्जित कुमार दुबे, संजीव कुमार व सोनम ने प्रतिभाग किया। अजित कुमार दुबे के द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों तथा वन स्टाप सेन्टर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एंव महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हैल्प लाइन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कराई गई।

### डॉ. एनके शर्मा अंतर्राष्ट्रीय साइंस कांग्रेस में होंगे मुख्य वक्ता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि अभियंत्रण संकाय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा को फैजाबाद में आयोजित 13वीं अंतर्राष्ट्रीय साइंस कांग्रेस 2025 में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह कांग्रेस डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 8 और 9 दिसंबर को होगी। इस अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में देश-विदेश से 300 वैज्ञानिक और शोधार्थी भाग लेने की संभावना है। डॉ. शर्मा 8 दिसंबर को प्लेनरी सेशन में इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कांग्रेस से संबंधित विस्तृत जानकारी पेबं.दमज.बव पर उपलब्ध है। डॉ. शर्मा एक शिक्षाविद होने के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी हैं। उनके नेतृत्व में इटावा परिसर में वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 151 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। परिसर में छात्र-छात्राएं नियमित रूप से खेल, योग और मेडिटेशन के माध्यम से अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। महाविद्यालय में हो रहे निरंतर सकारात्मक बदलावों से छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों में भी उत्साह बढ़ा है।

### जैन मंदिर में आज होगा धार्मिक आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के प्राचीन दिगम्बर पंचायती जैन मंदिर, पंसारी टोला में 4 दिसंबर गुरुवार को एक दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नवीन प्रतिमा भगवान आदिनाथ को पालकी यात्रा के साथ वेदी में विराजमान किया जाएगा।कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे पंसारी टोला जैन मंदिर से पुजारियों इंदौ द्वारा श्रीजी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जो बजरिया चौराहा, पचराहा, राजागंज चौराहा, रंगलाल चौराहा, महावीर मार्ग और लालपुरा तिराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। घोल-नगाड़ों के साथ आगवानी की जाएगी। श्रद्धालुओं से पालकी यात्रा की आरती उतारकर भव्य स्वागत करने की अपील की गई है।इसके उपरांत श्रीजी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन पुजारियों द्वारा केसर जल से किया जाएगा। आदिनाथ विधान का आयोजन पंडित मनीष जैन इटावा द्वारा संगीत सहित संपन्न कराया जाएगा। हवनकुंड में आहुतियों के साथ विधान का समापन होगा। मंदिर कमेटी ने सभी पुजारियों, श्रद्धालुओं और पदाधिकारियों, महिलाएं, बच्चे समय पर उपस्थित होकर धर्मलाभ ले।

# इंदिरा पुरवा में बुन्देलखण्डी दिवारी का भव्य उत्सव आयोजित

▸ स्वर्गीय पूर्वजों की मूर्ति स्थापना के साथ सांस्कृतिक धमाल

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

विगत वर्षों की परंपरा को जीवंत बनाते हुए ग्राम पंचायत दुरेड़ी के इंदिरा पुरवा में 2 दिसंबर 2025 मंगलवार को बुन्देलखण्डी दिवारी नृत्य व एवं भण्डारा का भव्य-दिव्य सफल आयोजन किया गया। आयोजक श्री बलराम प्रजापति के नेतृत्व में यह कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक धरोहर को संजोया, बल्कि स्वर्गीय पूर्वजों की स्मृति में एक ऐतिहासिक क्षण भी रचा। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजू हरनाम सिंह खंगार ने किया, जबकि निवेदन एवं समन्वय का दायित्व श्री सुल्तान प्रजापति ने निभाया। मुख्य अतिथि के रूप में हमीरपुर जिले से पधारे विधायक श्री मनोज प्रजापति ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा,



बुन्देलखण्ड की यह लोक परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अमूल्य रत्न है, जो पीढ़ियों को जोड़ती है। विशिष्ट अतिथियों में रामसेवक प्रजापति जिलाध्यक्ष बसपा, बलदेव वर्मा, दीनदयाल प्रजापति, श्रीमती माया प्रजापति, दयाराम निषाद, रामबहादुर प्रजापति, अमित प्रजापति, सुधीर चक्रवर्ती, निरंजन प्रजापति, भाऊराम प्रजापति, प्रोफेसर बी.डी. प्रजापति, आर.डी. प्रजापति, अधिवक्ता रमेश प्रजापति, श्रीमती रानी प्रजापति, रामशरण प्रजापति, पूर्व प्रधान बिहारीलाल प्रजापति, वर्तमान प्रधान देवीदयाल सिंह एवं श्री बरदानी प्रजापति सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण विभिन्न ग्राम पंचायतों दुरेड़ी, मोहनपुरवा, अछरौंड़, करछा, इटवाँ, चुड़यारी, दौलतपुर, बंशीपुर, भूरागढ़, गौरिहार एवं कितपुरा से आए दिवारी कलाकारों का प्रदर्शन रहा। लेकिन चरम उत्साह बड़ोखर खुर्द की महिला कलाकारों के अद्भुत नृत्य में झलका, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में उनके ठुमके बुन्देलखण्डी संस्कृति की जीवंतता को प्रतिबिंबित कर रहे थे। इस शुभ अवसर पर आयोजक बलराम प्रजापति एवं सुल्तान प्रजापति ने अपने बाबा स्व. खुलभुल प्रजापति एवं दादी स्व. श्रीमती प्यारी देवी के परिनिर्वाण दिवस पर उनकी भव्य मूर्तियों का अनावरण किया। मूर्ति स्थापना के साथ ही इंदिरा पुरवा में एक विशाल मेला सज गया, जहां हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव था, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक भी सिद्ध हुआ। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे आयोजन बुन्देलखण्ड की लोककला को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

अगले वर्ष के आयोजन के लिए सभी उत्साहित हैं। और कहना है कि हमें यकीन है कि अगले वर्ष इससे और बेहतरीन आयोजन होगा। जिसका हम सबको बेसब्री से इन्तजार रहेगा। ऐसा क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों से आकर सम्मिलित हुए दिवारी कलाकारों ने कहा।

# देश के प्रथम राष्ट्रपति की मनाई जयंती




**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के जयंती को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाते हुए अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि। देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में अधिवक्ता दिवस अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी की अध्यक्षता में मनाया गया।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण की योगदान को अतुलिनीय बताया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजेंद्र प्रसाद जी देश के संविधान समिति निर्माण के अध्यक्ष रहे हैं आज हम सब उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ राममिलन कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष अरविंद पांडे मनोज श्रीवास्तव सूरज बाजपेई विनय मिश्रा लखन मिश्रा श्याम बाबू गुप्ता विश्वनाथ अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# मंत्री जायसवाल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार तीन बार सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन उपरान्त नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बुधवार को कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित राजवाला माहेश्वरी मिल पर संचालित नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान् व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुखराम सिन्धी के नेतृत्व में कानपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार तीन बार सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन उपरान्त एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभी कांग्रेसियों ने अपने लोकप्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये जनहित के कार्यों का स्मरण किया। शोक सभा के दौरान अरूण माहेश्वरी, सचिव जिला कांग्रेस यशपाल यादव, ब्लाक अध्यक्ष रणवीर यादव पाली, मुलायम सिंह यादव, सतीश पोरवाल, निजाम सहित अन्य लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### साइकिल यात्रा का रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारी ने किया भव्य स्वागत



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** देवास मध्य प्रदेश से चलकर श्री अयोध्या धाम को जाने वाली साइकिल यात्रा का नेतृत्व कर रहे योग गुरु राजेश बैरागी जी जिन्होंने संकल्प ले रखा है लगभग 150 किलोमीटर प्रतिदिन साइकिल चलाकर निरंतर अयोध्या की ओर बढ़ते जा रहे हैं आज साइकिल यात्रा बांदा जिले के काला कुआं पर पहुंची जहां पर रोटी वन समिति के अध्यक्ष रिजवान अली, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना और रोटी बैंक संस्थान ने भव्य स्वागत किया और सभी के माध्यम से जनमानस को साइकिल के बारे में जागरूक किया गया।साथ में आशीषानन्द महाराज, अभिषेक जैन, नरसिंह वैरागी, मोहित वैरागी, मनीष पटेल आदि उपस्थित रहे।

# स्व. सुरेश चंद्र की स्मृति में विधायक ने बांटे कंबल

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी स्व. सुरेश चंद्र यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्राम अतिराजपुर में सैकड़ो लोगों ने हवन में आहुति देकर श्रद्धांजलि दी। स्व0 सुरेश चंद्र की स्मृति में करहल विधायक तेजप्रताप यादव ने गरीबो को कंबल वितरित किये।

हवन में स्व. सुरेश चंद्र यादव के भाई श्रीनिवास यादव, प्रधुम्न यादव, भतीजे मृत्युंजय यादव, अरुणेंद्र यादव प्रधान, पुत्र आयुश यादव व अम्बुज यादव, आदि ने हवन कुंड में सर्वप्रथम आहुतियां प्रदान कर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

श्रद्धाजलि सभा में पूर्व एमएलसी सुभाष चन्द्र यादव, डॉ राम कुमार यादव, पूर्व विधायक अनिल यादव, नगर पंचायत चौयरमेन अब्दुल नईम, ब्लॉक प्रमुख नीरज यादव, डॉ धीरज यादव (भाजपा नेता) योगेंद्र सिंह



यादव, कृष्णकांत यादव, रौमी यादव, उमेश यादव तोरिका, राम नारायण बाथम, जितेंद्र यादव, नीरज कुमार जैन रपरिया, ब्रजकुमार यादव, जितेंद्र यादव, डिंपल यादव, सत्यप्रकाश यादव एडवोकेट, इंद्रपाल सिंह यादव, फूल सिह यादव, पूर्व सभासद नंदकिशोर वर्मा, पंडित दिलीप कुमार शर्मा, जीवन यादव, मलखान सिंह यादव, डाक्टर प्रवीण कुमार सक्सेना, अमीर अहमद, अंकित यादव, विशेष यादव भट्टा बाले, छोटे सैनी, नेत्रपाल सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह यादव प्रधान, अकरम उर्फबबलू भाई, मिर्जा अकील वेग, विनोद कुमार यादव, राजीव यादव फौजी, प्रधान सुरेश बाबू यादव, विश्राम सिंह रावल, अध्यापक सत्येन्द्र सिंह यादव, उप प्रधानाचार्य हरिओम यादव, मनोज यादव ष्बल्लूष्, विष्णु वर्मा, अम्बरीश वर्मा, सनी यादव, विवेक पांडेय, आदि सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर फूल मालाओं के साथ भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की है।

# प्रशांत तिवारी ने अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता दिवस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशांत तिवारी ने कचहरी पर अधिवक्ताओं का सम्मान किया शाल उड़ा एवं माला पहना कर तिवारी ने बताया कि डीबीए महामंत्री नितिन तिवारी पूर्व डीबीए अध्यक्ष ब्रजेश दुबे पूर्व डीबीए उपाध्यक्ष हुतेश यादव पल्लव दुबे सिद्धार्थशंकर दीक्षित अतुल दीक्षित सुनील बाजपेई जयवीर सिंह अनुभव तिवारी विष्णु कांत मिश्रा आशीष चौधरी नरेंद्र कुमार मिश्रा अवनीश शर्मा अनुभव तिवारी योगेश तिवारी अंशुल शर्मा अक्षय पाल का स्वागत किया। किया कांग्रेस पार्टी की



तरफसे तिवारी ने बताया आज देश में अधिवक्ताओं की क्या भूमिका है कानूनी सलाह और प्रतिनिधित्व प्रदान करते हैं, न्याय प्रणाली में निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं और नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हैं।

वे कानूनी दस्तावेजों का मसौदा तैयार करते हैं, कानूनों की व्याख्या करते हैं और कानून और व्यवस्था बनाए रखने में मदद करते हैं। कानूनी सलाह और प्रतिनिधित्वरू वकील मुवक्किलों को उनकी कानूनी समस्याओं को समझने में मदद करते हैं और उनके कानूनी मामलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, चाहे वह नागरिक हो या आपराधिक। न्याय और निष्पक्षता वे न्याय प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं, जो यह सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं कि सभी को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिले। अधिकारों की रक्षारू वकीलों का एक महत्वपूर्ण कार्य लोगों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना है, जैसा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। कानूनी ढांचे का निर्माणरू वे कानूनी ढांचे के रखरखाव और प्रगति में भी योगदान करते हैं, जिसमें अनुबंध और अन्य कानूनी दस्तावेजों का मसौदा तैयार करना शामिल है। स्वागत करने वालों में नरेंद्र यादव, रोहित दुबे, मनोज चौधरी रहे।

# हाई मस्ट लाइट लगवाने के नाम पर प्रधान सचिव ने लाखों रुपए का किया बंदरबांट




**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत उमरहनी गांव में हाईलाइट लगवाने के नाम पर प्रधान व सचिव व जेई के साथ मिलकर लाखों रुपए निकालकर बंदरबाट किया है। और जमीनी हकीकत देखें तो अभी तक लाइट लगी भी नहीं है। उमरहनी गांव में खाकी बाबा शिव मंदिर के पास हाई मास्ट लाइट लगवाने के नाम पर ग्राम प्रधान हरि कल्याण सिंह, सचिव श्रीमती पूजा सिंह, ने जेई एमआई अरुण कुमार के साथ मिलकर बिना एमबी किए 24 नवंबर 2025 को 1 लाख 94 हजार 652 रुपए का भुगतान कर लिया गया। लेकिन जमीनी हकीकत देखें तो 3 दिसंबर दिन बुधवार तक लाइट नहीं लगाई गई है, तो साफ-साफ जाहिर हो रहा है, कि जो खाकी बाबा शिव मंदिर के पास हाई मस्ट लाइट का भुगतान किया गया है। वह प्रधान सचिव व जेई एमआई के द्वारा बंदरबाट कर लिया गया है। सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत में विकास कार्य को लेकर जिस प्रकार से पैसा खर्च कर रही है। वह जमीन पर नहीं हो रहा है, जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव फल फूल रहे हैं। वही जब इस विषय में बातचीत जिला पंचायत राज अधिकारी से बात करना चाह तो फोन नहीं उठाया, वही ग्राम प्रधान इस विषय में फोन से पूछा गया, तो बताया कि मैं खेत में काम करवा रहा हूं, और फोन काट दिया। वहीं ग्रामीणों ने जानकारी दिया कि यहां पर अभी किसी भी प्रकार की लाइट नहीं लगी है। सौर ऊर्जा की लाइट पहले लगी थी, लेकिन 10 दिन जलने के बाद वह भी नहीं जल रही है। जिससे धार्मिक स्थान से लेकर के पूरे गांव में अंधेरा बना रहता है।

# अवैध गांजे के अन्तर्राज्यीय तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

▸ अभियुक्तों के कब्जे से 10. 4 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम



में थाना नरैनी पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अन्तर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना नरैनी पुलिस द्वारा देर रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति नरैनी-कालिंजर रोड पेट्रोल पम्प के पास खड़े है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर अभियुक्तों को पकड़कर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो अभियुक्तों के पास से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस व चार पहिया वाहन की डिग्गी में अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ । पुलिस द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपक पुत्र रजनीश निवासी ग्राम उजरौधा थाना रैगाँव जनपद सतना (म0 प्र0), शैलेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र निवासी पन्ना रोड उमरी हनुमान मंदिर थाना कोतवाली नगर जनपद सतना (म0 प्र0),बुद्धविलास पुत्र बोधन निवासी ग्राम गढ़ाव थाना बिसन्ड़ा जनपद बांदा, महिपत पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम बड़ेहा थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा व अभिलाष पुत्र बीरेन्द्र निवासी ग्राम खरौली थाना कमासिन जनपद बांदा है।

### अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अतर्रा रोड वशीर भवन कस्बा नरैनी के पास संदिग्ध रुप से भ्रमण कर रहा है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार अभियुक्तों सौरभ पुत्र नरेन्द्र निवासी मोतियारी थाना नरैनी जनपद बांदा है।